हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

रांची व धनबाद से एक साथ प्रकाशित

YouTube Subscribe
Koylanchal samvad news

रांची, शुक्रवार, 04 जुलाई, 2025 वर्ष : 13 अंक : 45 मूल्य : 3 रुपए

www.koylanchalsamvad.com


पीएम मोदी बोले- भारत में लोकतंत्र सिस्टम नहीं, संस्कार है:हम दुनिया... | भारत में क्रोनी पूंजीवाद से लोकतंत्र सरकार भरोसे | चीन ने भारत को जरूरी मशीनों की डिलीवरी रोकी...

### 4.18 किलोमीटर लंबे रातू रोड एलिवेडटेड कॉरिडोर का उद्घाटन

## गडकरी ने की घोषणा, रांची में बनेगा आउटर रिंग रोड, डीपीआर बनाने का दिया आदेश

**रांची:** केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को 4.18 किलोमीटर लंबे रातू रोड एलिवेडटेड कॉरिडोर का उद्घाटन किया. इसका प्रोजेक्ट कॉस्ट 558 करोड़ रुपए है. उद्घाटन समारोह में नितिन गडकरी ने कहा कि बहुत दिन पहले जब मैं रांची आया था तो सीपी सिंह ने रातू रोड के बारे में बताया था. सीपी सिंह ने कहा था कि इसमें फ्लाइओवर बनाने की आवश्यकता है. इसके बाद संजय सेठ लगातार इस काम के लिए पीछा करते रहे. गडकरी ने कहा कि एलिवेटेड कॉरिडोर के हर पिलर पर सोहराय पेंटिंग होगी. इसके लिए प्रस्ताव बनाकर भेजें।

गडकरी ने दूसरी महत्वपूर्ण घोषणा की कि रांची में आउटर रिंग रोड बनेगा. इसका चार पैकेज में निर्माण किया जा रहा है. एक एनएचएआई कर रहा है, जबकि तीन राज्य सरकार के हैं. इस पर 6000 करोड़ रुपया खर्च होगा. इसका डीपीआर बनाने का आदेश दे दिया है।

गडकरी ने तीन महत्वपूर्ण घोषणा की कि नागपुर की तर्ज पर रांची में भी फ्लैश चार्ज इलेक्ट्रिक बस का संचालन किया जाएगा. यह 135 सीटर बस है इसमें डीजल की तुलना में 30% कम किराया लगता है. दूसरे प्रोजेक्ट के रूप में इसे रांची में शुरू किया जाएगा।

**दिसंबर तक लॉजिस्टक कॉस्ट घटकर नौ फीसदी हो जाएगा:** नितिन गडकरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सात वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम किए गये हैं। लॉजिस्टिक कास्ट 16% से घटकर 10% हो गया है. दिसंबर से पहले लॉजिस्टिक कास्ट घटकर 9% हो जाएगा. उन्होंने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी का उदाहरण देते हुए कहा कि कैनेडी ने कहा था कि रास्ते अच्छे हुए तब अमेरिका धनवान हुआ।

गडकरी ने कहा कि 2 साल के अंदर देश में राष्ट्रीय राजमार्ग का इंफ्रास्ट्रक्चर अमेरिका के बराबर हो जाएगा। ग्रीन एक्सप्रेस हाईवे बनाए जा रहे हैं. दिल्ली से जयपुर दो घंटा,मैसूर से बेंगलुरु एक घंटा मेरठ से दिल्ली 45 मिनट, दिल्ली से अमृतसर 4:30 घंटा, घंटा दिल्ली से कटरा 6 घंटा मुंबई से दिल्ली के सफर में अब 12 घंटा का समय लगेगा।

**झारखंड में एक लाख करोड़ खर्च कर बनाए जा रहे हैं कॉरिडोर:** नितिन गडकरी ने कहा कि झारखंड में एक लाख करोड रुपए खर्च कर कॉरिडोर बनाया जा रहा है. रांची से पटना के लिए 10 हजार करोड रुपए खर्च कर सड़क बनाया जा रहा है. इसका 88 फ़ीसदी काम पूरा हो गया है. दिसंबर 2027 में काम पूरा हो जाएगा. अब रांची से पटना जाने में सिर्फ 5 घंटा का समय लगेगा. रांची वाराणसी कॉरिडोर जनवरी 2028 में पूरा हो जाएगा।

रांची से बनारस जाने में 4:30 घंटा का समय लगेगा. रायपुर से धनबाद फोरलेन कॉरिडोर बनाया जा रहा है इसकी कुल लंबाई 626 किलोमीटर है. इसका प्रोजेक्ट कॉस्ट 18000 करोड़ रूपया है 77 फ़ीसदी कम पूरा हो गया है जनवरी 2028 में पूरा हो जाएगा। कार्यक्रम में रांची सांसद सह रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, भू-राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, लोकसभा सांसद ढूलू महतो, सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी व विधायक सीपी सिंह सहित अन्य मौजूद थे।





### 40 साल से सपना था फ्लाईओवर

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने नितिन गडकरी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि शेरशाह सूरी के नाम को सदा सदा के लिए मिट्टी में मिला दिया गया। रांची के लिए 40 साल से रातू रोड का सपना था फ्लाईओवर। लोगों को जाम से जूझना पड़ता था. आज वो सपना पूरा हो गया. उन्होंने नितिन गडकरी से आउटर रिंग रोड के साथ रांची में इलेक्ट्रिक बस के संचालन की मांग की।

### केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने गढ़वा में दी 2,460 करोड़ की सौगात



**रांची/गढ़वा:** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी बुधवार को झारखंड दौरे पर पहुंचे। नितिन गडकरी विशेष विमान से रांची एयरपोर्ट पहुंचे। यहां केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ समेत भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने नितिन गडकरी का बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर स्वागत किया. इसके बाद वह गढ़वा रवाना हो गये. उन्होंने गढ़वा में 1129.48 करोड़ की लागत से बने बाईपास रोड का उद्घाटन किया। वहीं, छत्तीसगढ़ बॉर्डर से गुमला तक 32 किमी लंबी एनएच 43 फोरलेन सड़क का शिलान्यास किया। इसके निर्माण पर 1330 करोड़ रुपए की लागत आएगी। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार झारखंड के बुनियादी ढांचे (इन्फ्रास्ट्रक्चर) को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है. उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार झारखंड में इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं पर 2 लाख करोड़ रुपए खर्च करेगी।

### बिहार में शादी के 1 महीने बाद पति का मर्डर

## मंडप में प्लानिंग की, झारखंड से शूटर बुलाए; 60 साल के फूफा से था अफेयर

**औरंगाबाद:** इंदौर की सोनम के जैसा एक मामला बिहार के औरंगाबाद में सामने आया है। जहां 60 साल के फूफा के प्यार में 27 साल की भतीजी ने अपने पति की हत्या करवा दी। 24 जून को 27 साल के प्रियांशु उर्फ छोटू की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। 21 मई को प्रियांशु और गुंजा की शादी हुई थी। शादी के मंडप में ही लड़की ने पति के मर्डर की प्लानिंग की। शादी के करीब 1 महीने बाद ही पत्नी ने शूटर हायर करके पति का मर्डर करवा दिया। 2 जुलाई को पुलिस ने आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया। फूफा जीवन सिंह फरार है। दोनों ने हत्या के लिए झारखंड से 2 शूटर हायर किए। पुलिस ने दोनों शूटर्स जयशंकर चौबे और मुकेश शर्मा को भी गिरफ्तार कर लिया है।

#### मंडप में बनाया मर्डर का प्लान

गुंजा ने बताया कि वरमाला के दौरान ही मैंने तय कर लिया था कि पति की हत्या करवा देंगे, फिर साथ ही रहेंगे। शादी के बाद मैं उनसे बार-बार बोलती थी। मुझे प्रियांशु के साथ नहीं रहना है। एक दिन उनके मुंह से निकला कि प्रियांशु को मरवा देते हैं। मैंने भी हां कर दिया। इसके बाद उन्होंने झारखंड के 2 शूटर्स को हायर किया।'



#### शूटर्स को पति की लोकेशन बताती रही...

गुंजा ने बताया कि 'प्रियांशु कुमार सिंह 24 जून की रात वाराणसी के चंदौली में अपने रिश्तेदार के घर से ट्रेन से लौट रहा था। गांव से दो लोग बाइक लेकर उसे लेने गए थे। वो कॉल करके मुझे अपनी लोकेशन बता रहा था। मैं शूटर्स को लोकेशन दे रही थी। बीनगर रोड रेलवे स्टेशन पहुंचने के पहले प्रियांशु ने मुझे फोन कर सूचना दी थी। गांव के 2 लड़के उसे स्टेशन लेने गए थे। नवीनगर थाना क्षेत्र के लेंबोखाप गांव के पास शूटर्स ने उसकी गाड़ी रुकवाई और 4 गोलियां मारीं। गोली मारने के बाद शूटर्स ने बताया कि काम हो गया है।

## उत्तराखंड- तेज बारिश के चलते चारधाम यात्रा रोकी गई:अजमेर दरगाह के बरामदे की छत गिरी

नई दिल्ली/भोपाल/जयपुर/लखनऊ उत्तराखंड में तेज बारिश को देखते हुए चारधाम यात्रा को अस्थाई रूप से रोक दिया गया है। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जब यात्रा मार्ग श्रद्धालुओं के लिए पूरी तरह से सुरक्षित होगा, तभी आगे यात्रा शुरू की जाएगी। उत्तराखंड में केदारनाथ मार्ग पर बुधवार रात सोनप्रयाग के पास लैंडस्लाइड हुई और रास्ता बंद हो गया। इस दौरान 40 श्रद्धालु फंस गए। एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और सभी को सुरक्षित बाहर निकाला। मौसम विभाग ने आज राजस्थान-मध्य प्रदेश समेत 11 राज्यों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। राजस्थान में पिछले 4 दिन से बारिश का दौर जारी है। बुधवार को भारी बारिश के बाद अजमेर शरीफ दरगाह परिसर में 2 फीट पानी भर गया।

वहीं, भारी बारिश के दौरान दरगाह परिसर में बने बरामदे की छत का एक हिस्सा भी ढह गया। हालांकि, इस दौरान किसी को चोट नहीं आई। दरगाह कमेटी ने उस हिस्से में लोगो की आवाजाही बंद कर दी है। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में बादल फटने और बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है। अब भी 29 लोग लापता हैं। गुरुवार को 2 और शव मिले। खराब मौसम के चलते राहत कार्य में दिक्कत आ सकती है, क्योंकि मौसम विभाग ने कई जिलों में बाढ़ का अलर्ट जारी किया है।


सत्यमेव जयते
भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय



'नारी शक्ति के लिए नए अवसर'

सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान,
के क्षेत्रीय केंद्र, रांची के उद्घाटन के अवसर पर
समस्त झारखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ

"हमारी माताएं, बहनें, बेटियां, विकसित भारत के संकल्प में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभा रही हैं। बीते 11 वर्षों में हमारी नारी शक्ति की सफलताएं देशवासियों को गौरवान्वित करने वाली हैं।"
- श्री नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

रांची केंद्र के खुलने से लाभ:

- देश के पूर्वी क्षेत्र के राज्यों - झारखंड, बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल को मिलेगा लाभ और मंत्रालय की प्रमुख योजनाओं की विशिष्ट प्रशिक्षण और अनुसंधान आवश्यकताओं को किया जाएगा पूरा ।
- केंद्र द्वारा बाल मार्गदर्शन एवं परामर्श में एडवांस डिप्लोमा पाठ्यक्रम और अग्रिम पंक्ति के कर्मियों को बेहतर प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा ।
- रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे ।

उद्घाटन समारोह
मुख्य अतिथि
श्रीमती अन्नपूर्णा देवी
माननीय केंद्रीय मंत्री, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

गरिमामयी उपस्थिति
श्री संजय सेठ — माननीय राज्य मंत्री, रक्षा मंत्रालय
श्रीमती सावित्री ठाकुर — माननीय राज्य मंत्री, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
श्री नवीन जयसवाल — माननीय विधायक, हटिया
श्री राजेश कच्छप — माननीय विधायक, खिजरी

दिनांक : 4 जुलाई 2025, शुक्रवार
स्थान : सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान, क्षेत्रीय केंद्र, झारखंड शहरी नियोजन एवं प्रबंधन संस्थान, एचईसी मुख्यालय के पास, धुर्वा, रांची, झारखंड

CBC 46101/13/0013/2526

## संक्षिप्त खबरें...

### पंसस प्रतिनिधि ने हजारीबाग एसपी से जान माल सुरक्षा का लगाया गुहार

बरकट्ठा(हज़ारीबाग)। बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम शिलाडीह निवासी पंसस प्रतिनिधि समीम अंसारी ने हजारीबाग एसपी से जान माल सुरक्षा का गुहार लगाया है।इस बाबत समीम अंसारी ने दिए गये आवेदन में लिखा है कि मैं एक सामाजिक व्यक्ति हूं और मैं हमेशा से पंचायत क्षेत्र में हो रहे योजनाओं की घोटाला और भ्रष्टाचार पर आवाज उठाते रहता हूं। कहा कि शिलाडीह पंचायत के पूर्व और वर्तमान मुखिया के द्वारा किये गये गड़बड़ी को मैं उजागर करता आ रहा हूं।जिसको लेकर शिलाडीह मुखिया और पूर्व मुखिया एवं उनके समर्थकों द्वारा मुझे मारपीट करने का धमकी दिया जाता है।बताया कि पंचायत के ग्राम बेला टांड़ में पत्थर खदान खुलने का विरोध करने को लेकर भी लोगों के द्वारा मुझे टारगेट किया जा रहा है। जिससे मुझे जान माल को लेकर काफी भय बना हुआ है।उन्होंने बताया कि अगर भविष्य में मेरे साथ किसी प्रकार की अप्रीय घटना होती है तो इसका सारा जिम्मेवारी उक्त लोगों की होगी। इस बाबत मुखिया एवं पूर्व मुखिया ने लगाये गये आरोप को बेबुनियाद बताया है।

### मौर्य पब्लिक स्कूल में बिरसा हरित चेतना अभियान के तहत छात्राओं को किया गया जागरूक



बड़कागांव(हज़ारीबाग): प्रखंड अंतर्गत कांडतरी स्थित अंग्रेजी माध्यम से संचालित मौर्य पब्लिक स्कूल में बिरसा हरित चेतना के तहत स्कूल के निर्देशक रामचंद्र कुमार के अध्यक्षता में कार्यक्रम की शुरूआत किया गया। वहीं बिरसा हरित चेतना के लोक शिक्षक पश्चिमी वन प्रमंडल हजारीबाग बड़कागांव के बालेश्वर महतो एवं फूलों देवी के द्वारा छात्राओं को पर्यावरण से संबंधित जानकारी दिया गया। जिसमें अधिक से अधिक मात्रा में पेड़ पौधा को लगाने और पर्यावरण को स्वच्छ रखने पर जोर दिया गया। वहीं फूलों देवी ने पर्यावरण से संबंधित गीत गाकर सुनाई। वही लोक शिक्षक बालेश्वर महतो एवं फूलों देवी ने संयुक्त रूप से कहा कि पर्यावरण बचाने से संबंधित जहां पर भी लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता पड़े तो हम लोगों से संपर्क करें हम लोग आएंगे और लोगों को जागरूक करने का प्रयास करेंगे। मौके पर पश्चिमी वन प्रमंडल हजारीबाग के लोक शिक्षक बालेश्वर महतो सहयोगी फूलों देवी स्कूल के निर्देशक रामचंद्र कुमार प्रधानाध्यापक संतोष कुमार सिंह वरिष्ठ शिक्षक मनजीत गंझु ,झूना कुमारी विवेक मुंडा सहिष्ता परवीन संगीता कुमारी कुंती देवी संजू देवी सुगंती देवी व छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया के प्रयास से दो दिन बाद बिजली आपूर्ति सेवा हुई बहाल



बरकट्ठा(हज़ारीबाग)। बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बेलकप्पी के वार्ड 13 में दो दिन बाद बिजली आपूर्ति सेवा बहाल हो गई है। जानकारी हो कि वार्ड नंबर 13 में लगी 63 केवीए का विद्युत ट्रांसफार्मर ख़राब रहने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।जिसकी सूचना ग्रामीणों ने बरकट्ठा जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया को दिया। जिसपर संज्ञान लेते हुए उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों से बात करके दो दिनों के अंदर ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाई।जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया ने लोगों से कहा की कोई समस्या हो मुझे तुरंत अवगत कराएं।ट्रांसफार्मर दिलवाने के लिए सुधाकर पांडेय, सुरेन्द्र दास, करण पांडेय, रवि पांडेय समेत अन्य लोगों ने प्रेरणा प्रिया का आभार प्रकट किया है।

### बरकट्ठा थाना पुलिस ने मुहर्रम पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर निकला फ्लैग मार्च



बरकट्ठा(हज़ारीबाग)। बरकट्ठा थाना पुलिस ने मुहर्रम पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर बाजार में फ्लैग मार्च निकाला।बरकट्ठा थाना प्रभारी गौतम उरांव ने बताया कि त्योहार को शांति पूर्वक मनाना है। पुलिस आपके साथ हमेशा खड़ी है।पुलिस की असमाजिक तत्वों एवं शरारती तत्वों पर विशेष निगाह रखेगी। किसी भी तरह के अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की।मौके एसआई रतन शर्मा, एसआई देवदत सिंह, चंदा उरांव, एसआई कन्हैया कुमार समेत पुलिस के सभी जवान शामिल थे।

### मुहर्रम मनाने के लिए मुस्लिम अंजुमन को ठाकुर मुहल्ला करेगा शांति सहयोग



बड़कागांव(हज़ारीबाग)। बड़कागांव मध्य पंचायत अंतर्गत मुस्लिम मुहल्ला मस्जिद के समीप इमामबाडा के पास ठाकुर मुहल्ला समाज एवं मुस्लिम मुहल्ला अंजुमन कमेटी के सदस्यों ने मोहर्रम को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर पंसस रितेश ठाकुर, मुखिया तकरीमुला खान की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक हुई। । दोनों समाज के लोग एक - दूसरे को गले मिल एक- दूसरे के त्यौहार को मनाने एवं पूर्ण सहयोग करने का भरोसा दिया । मुस्लिम मोहल्ला अंजुमन कमेटी की ओर से ठाकुर मोहल्ला समाज के सदस्यों को शांति का प्रतीक सफेद अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया। साथ ही, मोहर्रम त्यौहार को मनाने के लिए ठाकुर मोहल्ला समाज के सदस्यों को आमंत्रित भी किया गया। मौके पर शांति समिति की बैठक में मुख्य रूप से मुखिया मो तकरीमुल्लाह, पंसस रितेश ठाकुर, ठाकुर मोहल्ला समाज के अध्यक्ष सुभाष ठाकुर, सदर अख्तर हुसैन,पप्पू खान, रामचरित्र ठाकुर, मेवा लाल नाग, सरोज सोनी, नंदकिशोर राणा, सेक्रेट्री शहजाद आलम, महिपाल सोनी, मजहर मालिक, नवीन ठाकुर, मोहम्मद गुड्डू, रौशन ठाकुर, महंगू ठाकुर, पप्पू राणा,रोहित खान, गोविंद ठाकुर, मुकेश ठाकुर, विक्रम ठाकुर, हकीम अंसारी, साहिल मलिक, राजा खान, मो रसीद, सूरज ठाकुर, टिंकू ठाकुर, वीनू ठाकुर, शशि ठाकुर के अलावा दोनों समुदाय के कई सदस्य उपस्थित थे।

## सांसद तीर्थ दर्शन के तहत घर लौटे श्रद्धालुओं का ढोल बाजे के साथ किया गया



हज़ारीबाग। हज़ारीबाग सांसद तीर्थ दर्शन योजना के तीर्थयात्रियों का पहला जत्था आध्यात्मिक और सांस्कृतिक नगरी प्रयागराज के त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाने के पश्चात माँ विंध्यवासिनी धाम में माँ के भव्य मंदिर में दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया साथ ही प्रभु श्री राम के अयोध्या नगरी का भी दर्शन किए।पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ सम्पन्न इस दिव्य यात्रा के उपरांत तीर्थयात्री सकुशल नृसिंह स्थान मंदिर पहुंचे ग्रामीणों बताया कि सभी श्रद्धालुओं का ढोल- बाजे के साथ स्वागत एवं अभिवादन कर पूरे गांव का भ्रमण किया गया। घर लौटे श्रद्धालुओं ने सांसद मनीष जायसवाल के प्रति आभार जताया और नृसिंह स्थान के पावन धरती से उन्हें तीर्थ यात्रा कराने के लिए धन्यवाद दिया। यात्रियों ने बताया कि यह यात्रा न केवल आध्यात्मिक रूप से समृद्ध रही बल्कि हम सभी के लिए अविष्करणीय और अनुभवों से भरी थी। तीर्थ यात्रियों के लौटने पर नृसिंह स्थान सहित उनके गांवों में उत्साह का माहौल दिखा और ग्रामीणों ने मिलकर अपने बुजुर्गों और पड़ोसियों का आत्मीयता के साथ स्वागत किया ।इस स्वागत समारोह में विशेष रूप से कटकमदाग के उप प्रमुख विमल प्रसाद गुप्ता, खपरियावा पंचायत के मुखिया राजेश गुप्ता, वार्ड सदस्य तिलेश्वर साव, भाजपा कार्यकर्ता वीरेंद्र साव , सिद्धेश्वर साव, संजय पासवान, सोनू सिंह,सीताराम साव, रंजीत साव, विशाल वर्मा, सुबोध वर्मा, अनिल साव सहित अन्य लोग मौजूद रहें ।

## शहीद स्मारक के नवीनीकरण एवं सौंदर्यीकरण के लिए 15 लाख वित्तीय राशि किया प्रदान




बड़कागांव(हज़ारीबाग)।सामुदायिक विकास एवं विरासत संरक्षण के प्रति अपनी निरंतर प्रतिबद्धता के तहत, एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने हजारीबाग स्थित शहीद स्मारक के नवीनीकरण एवं सौंदर्यीकरण के लिए अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहल के अंतर्गत 15,11,137 की वित्तीय सहायता प्रदान की है।इस गौरवपूर्ण पहल के तहत पीबी- सीएमपी के परियोजना प्रमुख सुब्रत कुमार दास ने उपायुक्त हजारीबाग शशि प्रकाश सिंह को 7,55,168 की अंतिम किश्त का चेक सौंपा।यह योगदान पीबी - सीएमपी और जिला प्रशासन हजारीबाग के संयुक्त प्रयासों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।यह पहल शहीदों के अदम्य बलिदान को श्रद्धांजलि देने की दिशा में एक सार्थक कदम है तथा एनटीपीसी की राष्ट्र की धरोहरों के संरक्षण एवं क्षेत्र के सामाजिक-सांस्कृतिक विकास में निरंतर भागीदारी को दर्शाता है।नवीनीकृत शहीद स्मारक आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा एवं स्वतंत्रता सेनानियों को एक गरिमामयी श्रद्धांजलि अर्पित करेगा।

## वित मंत्री व पलामू सांसद ने किया रेहला ग्रासिम इंडस्ट्रीज में मोबाइल मेडिकल यूनिट का उद्घाटन




संवाददाता विश्रामपुर (पलामू) : रेहला ग्रासिम इंडस्ट्रीज के सीएसआर विभाग द्वारा गुरुवार को मोबाइल मेडिकल यूनिट का शुरुआत किया गया। मोबाइल मेडिकल यूनिट वैन को वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर,पलामू सांसद विष्णु दयाल राम व ग्रासिम इंडस्ट्रीज इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी ने हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद अतिथियों द्वारा बैडमिंटन कोर्ट में आयोजित कार्यक्रम को दीप प्रज्वलित कर विधिवत उद्घाटन किया गया। वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि कारखाना प्रबंधन को व्यवसाय के अलावा अपने सामाजिक दायित्वों का भी निर्वहन करना चाहिए,और हमें खुशी है कि ग्रासिम इंडस्ट्रीज प्रबंधन अपने इस दायित्वा का ईमानदारी पूर्वक पालन कर रहा है। पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि ग्रासिम इंडस्ट्रीज प्रबंधन का यह कदम स्वास्थ्य के क्षेत्र में स्थानीय लोगों के लिये बरदान साबित होगा। इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी ने कहा कि हमारा प्रयास है कि स्वास्थ्य सेवा मरीजों के घर तक पहुंचे। कार्यक्रम का संचालन जनसंपर्क प्रमुख विकास कुमार ने किया। मौके पर चतरा सांसद कालीचरण सिंह,भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी,डॉ वी पी शुक्ला,शशिनाथ चौबे,ब्रजराज चौबे,पूर्व प्रमुख संतोष चौबे,आलोक शुक्ला,बृजनंदन तिवारी,हर्षवर्धन चौबे,भोला राय,सतेंद्र नाथ चौबे,गुलाम नबी अंसारी,सुनील कुमार चौधरी,रामचंद्र दीक्षित,ईश्वरी पांडेय,नीतेश पांडेय,अनिल गिरी,राजेश चौबे, सहित कई लोग मौजूद थे।

## मुहर्रम सौहार्द के साथ मनाएं, प्रशासन पूरी तरह चौकस- पलामू डीसी




पलामूः पलामू डीसी समीरा एस की अध्यक्षता में गुरुवार को स्थानीय टाउन हॉल में जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक हुई. डीसी ने लोगों से मुहर्रम का त्योहार शांति व सौहार्द के साथ मनाने की अपील की. उन्होंने कहा कि आपकी सुरक्षा के लिए पुलिस-प्रशासन पूरी तरह चौकस है. उन्होंने शांति समिति के सदस्यों से सहयोग की अपील की. डीसी ने सहायक नगर आयुक्त को पर्व के दौरान शहर की साफ-सफाई के लिए डेडिकेटेड टीम तैयार रखने का निर्देश दिया. वहीं, टाउन थाने में फायर ब्रिगेड की टीम तैयार रखने व सिविल सर्जन को एंबुलेंस के साथ मेडिकल टीम तैयार रखने का निर्देश दिया. इसके साथ ही लोगों को पर्व के दौरान भड़काऊ व अश्लील गाने नहीं बजाने की हिदायत दी. बैठक में एसपी रिष्मा रमेशन ने सभी थाना प्रभारियों से कहा कि शाम के वक्त जुलूस निकलेंगे. जुलूस के दौरान मार्ग में भारी वाहनों का प्रवेश नहीं हो इसे सुनिश्चित करें. वैसे थाना प्रभारी जिनके क्षेत्र की सीमा दूसरे राज्यों से लगती है, वे दूसरे राज्यों के नजदीकी थाने से समन्वय रखें. बैठक में अखाड़ा व शांति समिति के सदस्यों ने बेहतर व्यवस्था को लेकर सुझाव दिए. बैठक में डीडीसी, अपर समाहर्ता, तीनों एसडीओ, एसडीपीओ, सभी सीओ, थाना प्रभारी व मोहर्रम इंतजामिया कमिटी के सदस्य उपस्थित रहे.

### सीकरी आंगनवाड़ी भवन निर्माण कार्य पिछले 4 वर्षों से पड़ा है अधूरा

बड़कागांव(हज़ारीबाग)।सीकरी पंचायत के जमनीडीह गांव में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 220 के लिए भवन निर्माण कार्य पिछले 4 वर्षों से अधूरा पड़ा है। यह आंगनबाड़ी केंद्र पंचायत भवन से सटा हुआ है। भवन निर्माण कार्य मैं शौचालय बाथरूम और किचन रूम पूर्ण रूप से अधूरा पड़ा है। जिसके कारण सेविका अनीता देवी भाड़े के मकान में आंगनबाड़ी केंद्र को संचालन करने के लिए मजबूर हैं। एक ही मकान में बच्चों के लिए खाना बनाना पढ़ाने का कार्य हो रहा है। मामले को लेकर बड़का गांव प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल ने कहा कि मेरे संज्ञान में है पंचायत सेवक के निधन के कारण थोड़ा डीले हुआ है मोहर्रम के बाद नव निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्र को पूर्ण रूप से कंप्लीट कराया जाएगा।

## गैड़ा में एक ही रात दो जगहों पर चोरों ने ताला तोड़कर चोरी की वारदात को दिया अंजाम



बरकट्ठा (हज़ारीबाग)। बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गैड़ा में चोरों ने एक ही रात दो जगहों पर ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है।पहली घटना राजकीय परियोजना उच्च विद्यालय गैड़ा में चोरों ने ताला तोड़कर नगदी समेत लाखों रुपये की संपत्ति की चोरी कर लिया। घटना की जानकारी बुधवार 2 जुलाई की सुबह शिक्षक एवं विद्यार्थियों को विद्यालय पहुंचने पर हुई. इस बाबत प्रधानाध्यापक रंजीत कुमार दास ने एक लिखित शिकायत बरकट्ठा थाना में दर्ज कराई है।जिसमें बताया कि एक जुलाई की रात को स्कूल के मुख्य द्वार का ताला तोड़कर चोर अंदर प्रवेश किया।जिसके पश्चात चोरों ने कार्यालय एवं प्राचार्य कक्ष में लगे ताले को तोड़कर कमरे में रखे गोदरेज अलमारी को भी तोड़ डाला।चोरों ने अलमारी में रखे नामांकन से प्राप्त 50 हजार रुपये नगदी, दो प्रिंटर मशीन सेट और कई जरूरी कागजात की चोरी कर लेने की बात कही है।जबकि ग्राम चुगलामो निवासी विनोद महतो पिता अमृत महतो के पोल्ट्री फार्म में भी एक जुलाई की रात चोरों ने ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया।चोर ने फार्म से 1 क्विंटल 40 किलो मुर्गा और 2460 रुपया नगदी की चोरी कर लिया. उपमुखिया चंद्रदीप पांडेय ने पुलिस प्रशासन से चोरी की बढ़ती वारदातों पर अंकुश लगाने की मांग किया है।पुलिस आवेदन मिलने के बाद मामले की छानबीन कर रही है।

## झरिया में काम के दौरान मजदूर की मौत, मकान मालकिन फरार



झरियाः झरिया के इंदिरा चौक के समीप स्थित मकान में काम करने के दौरान एक मजदूर किशोर भुइयां की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई. वह लोदना 12 नंबर का रहने वाला था. किशोर भुइयां पिछले एक वर्ष से इंदिरा चौक फूलारिबाग स्थित खोखन दा के घर में घरेलू कामगार के रूप में कार्यरत था. घटना के बाद मकान मालकिन घर में ताला बंदकर फरार हो गई. घटना की खबर पाकर मृतक के परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर स्थानीय लोगों के साथ इंदिरा चौक पर मुख्य मार्ग को जाम कर दिया. इससे यातायात पूरी तरह बाधित हो गया. सूचना मिलते ही झरिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने में जुट गई. पुलिस अधिकारियों ने काफी मशक्कत के बाद लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. स्थानीय लोगों का आरोप है कि मजदूर की मौत मकान मालकिन की लापरवाही से हुई है. उन्होंने मृतक के परिवार को मुआवजा देने और दोषी महिला पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की.

### ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन,मैट्रिक के टॉप फाइव छात्रों को किया गया सम्मानित




संवाददाता विश्रामपुर (पलामू) : उमेश सिंह एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित रेहला के ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मैट्रिक में बेहतर प्रदर्शन करने वाले टॉप फाइव विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के निदेशक अमित कुमार सिंह बाबुल व प्राचार्य मनीष कुमार पांडेय,शिक्षक शैलेश चौबे व प्रवीण प्रसाद ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया। स्कूल के निदेशक अमित कुमार सिंह बाबुल ने छात्रों को सही दिशा में निरंतर लगे रहने और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सम्मान से और आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिलेगा। आप सभी इसी तरह बेहतर नागरिक बनकर अपने राष्ट्र,राज्य,समाज,परिवार व विद्यालय का नाम रौशन करते रहे। प्राचार्य मनीष कुमार पांडेय ने छात्र-छात्राओं को शिक्षा से जुड़ी कई टिप्स दिया। समारोह में विद्यालय की टॉपर नेहा कुमारी,साकिब अहमद,सुधांशु कुमार चौबे,जानवी चौबे व रितेश कुमार को स्कूल के निदेशक अमित कुमार सिंह बाबुल व प्राचार्य मनीष कुमार पांडेय ने संयुक्त रूप से मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर अशफाक अहमद,सीमा देवी,शाहनवाज आलम,गोविंद कुमार,ज्योति सिंह,निशिका सिंह,मनीषा कुमारी,वैशाली सिन्हा,रिचा मिश्रा,प्रमिता गुप्ता,प्रियंका शुक्ला,कुमारी रचनाकार,शिखा तिवारी,नाजिया सहित स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिका व छात्र-छात्रा शामिल थे।

### प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन का अधिवेशन 6 को, केंद्रीय मंत्री लेंगे भाग

धनबादः झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन का अधिवेशन 6 जुलाई को धनबाद में होगा. शहर के एक प्रतिष्ठित रिसॉर्ट में होने वाले इस आयोजन में दो केंद्रीय मंत्री शिरकत करेंगे. केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल व रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाएंगे.

## कट ऑफ डेट को लेकर 24 दिनों से आंदोलन पर बैठे आंदोलनकारी को समर्थन देने पहुंचे विधायक रौशन लाल चौधरी

**ग्रामीणों की मांग है जायज पूरा करें कंपनी नहीं तो उग्र होगा आंदोलन - विधायक रोशनलाल चौधरी**




बड़कागांव(हज़ारीबाग)।बड़कागांव 13 मैल में पिछले 24 दिनों से कट अफ डेट को लेकर चल रहे अनिश्चितकालीन धरना को समर्थन देने बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी धरना स्थल पर पहुंचे। धरना कार्यक्रम का अध्यक्षता सुनील कुमार व संचालन रामदुलार साव ने किया। अनिश्चितकालीन धरना में आए सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष एवं युवाओं सर्वप्रथम बारी-बारी से अपनी समस्याओं को विधायक रोशन लाल चौधरी के समक्ष रखा। मौके पर धरना स्थल में उपस्थित सभी आंदोलनकारी को संबोधित करते हुए विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि पिछले 24 दिनों से अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे युवा विस्थापित संघर्ष समिति के सभी सदस्यों और सभी आंदोलनकारी को मैं धन्यवाद देता हूं कि आपने अपने हक और अधिकार के लिए 24 दिनों से आंदोलन कर रहे हैं। आपके आंदोलन में आपके क्षेत्र का विधायक आप लोगों के साथ खड़ा है। आपके सभी मांगे जायज है एनटीपीसी को वर्तमान कट अफ डेट लागू करना ही होगा। क्योंकि यह हम सभी विस्थापितों का अधिकार है। उन्होंने कहा कि मैं धरना स्थल से आने से पहले हजारीबाग उपायुक्त से फोन पर बात किया और उन्हें कहा कि कट अफ डेट को लेकर आंदोलन पर बैठे आंदोलनकारी का सभी मांग जायज है इस पर वार्ता होनी चाहिए। मौके पर मुख्य रूप से लखींद्र ठाकुर, आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुमार कुशवाहा, प्रखंड सचिव मनोज दांगी,प्रखंड प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस, जिला उपसचिव दिनेश महतो, प्रखंड सहसचिव घनश्याम दांगी,अमित गुप्ता, सुरेश कुमार दांगी, दिनेश कुमार दांगी सहित सैकड़ो महिला पुरुष युवा मौजूद थे।

### नदी में डूबने से तीन साल की बच्ची की मौत

लातेहारः लातेहार शहर से गुजरी औरंगा नदी में गुरुवार को परिजन के साथ नहाने गई एक तीन साल की बच्ची की मौत हो गयी. यह घटना शहर के डुरूआ पंपू कल के पास हुई. जानकारी के अनुसार डुरूआ गांव निवासी मो. हसन अंसारी की तीन साल की बेटी अनाव्यु परवीन अपनी बड़ी बहन और उसकी एक दोस्तन के साथ औरंगा नदी में नहाने गयी थी. नहाने के क्रम मे वह गहरे पानी में चली गयी और पानी के तेज बहाव में बहने लगी. यह देख नदी के किनारे मौजूद बच्चों ने शोर मचाया.

**हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग**

अति अल्पकालीन दर आमंत्रण सूचना

हजारीबाग नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत शहीद निर्मल महतो पार्क के चिल्ड्रेन पार्क में झूला/खेल उपकरण एवं सेल्फी बेंच आदि आपूर्ति के साथ अधिष्ठापन हेतु इच्छुक फर्म/एजेन्सी दिनांक 12.07.2025 को अपराह्न 2:00 बजे तक निगम कार्यालय में कोटेशन सभी करो के साथ जमा करना होगा। कोटेशन उसी दिन अपराह्न 4.00 बजे खोला जायेगा। समय अवधि के पश्चात् प्राप्त कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा। दर आमंत्रण सूचना बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।

**नोट :– नियम, शर्तें एवं सामग्री सूची कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।**

नगर आयुक्त सह प्रशासक
नगर निगम, हजारीबाग

PR 356460 Urban Development and Housing(25-26).D

## संक्षिप्त खबरें

### रांची की खराब सड़कों पर हाईकोर्ट ने मांगा जवाब




**रांची:** झारखंड हाईकोर्ट में गुरुवार को रांची शहर के संपर्क रोड और आंतरिक सड़कों की मरम्मत की मांग के लिए दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता शुभम कटारूका ने अदालत को बताया कि रांची की कई सड़कें मामूली बारिश में भी तालाब बन जा रही हैं। अपर बाजार स्थित सेवा सदन अस्पताल के सामने की सड़क और तपोवन मंदिर के पास की सड़क पर पानी भर जाता है. जिसके कारण लोगों को काफी परेशानी होती है. वहीं अदालत ने कोर्ट में जमा की गई रिपोर्ट देखने के बाद कहा कि राज्य सरकार द्वारा मरम्मत का दावा और जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) की रिपोर्ट परस्पर विरोधाभासी हैं। डालसा की रिपोर्ट में स्पष्ट कहा गया है कि जिन सड़कों की बात की गई है, वे अत्यंत खराब स्थिति में हैं और उनकी शीघ्र मरम्मत अत्यंत आवश्यक है. अदालत ने कहा कि सड़कें बरसात से पूर्व ही मरम्मत की जानी चाहिए, ताकि नागरिकों को कठिनाई न हो. झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई।

### झामुमो के वरिष्ठ नेता कमरुल हक अनवार अहमद से मिलने इरबा पहुंचे



**ओरमांझी(मोहसीन):** रातू प्रखंड क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी, झारखंड मुक्ति मोर्चा के कद्दावर नेता व रातू प्रखंड अंजुमन कमेटी के पूर्व सदर कमरुल हक अंसारी बृहस्पतिवार को कांग्रेस पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष अनवार अहमद अंसारी से मिलने इरबा पहुंचे,और अनवार अहमद अंसारी की तबीयत से रूबरू हुए,मालूम हो कि अनवार अहमद अंसारी को चार दिन पहले उनके घर पर हार्ट अटैक आया था,हार्ट अटैक आने के बाद उन्हें मेदांता अस्पताल इलाज के लिए पहुंचाया गया था,जहां डॉक्टर मुकेश के देख रेख में बेहतर इलाज किया गया उन्हें तीन स्टैंड लगाया हैं,मेदांता अस्पताल से सह कुशल घर वापस आने के बाद कमरुल हक अंसारी उनके घर पहुंचे थे,कमरुल हक ने अनवार अंसारी को संतावना देते हुए कहा की डरने की बात नहीं है आपको लोगों की दुआ लगी है,जिसके चलते ठीक-ठाक होकर अस्पताल से आए हैं, अभी जरूरत है आपको रेस्ट करने की, कुछ दिन रेस्ट रहकर अपने स्वास्थ्य का ख्याल करते हुए घर पर ही रहे,कमरुल हक अंसारी अनवार अहमद अंसारी के बहुत करीबी व्यक्ति हैं,दोनों ने समाज के उत्थान के लिए मिलजुल कर बहुत सारे कार्य किए हैं,एक घंटा के मुलाकात में कमरुल हक अंसारी ने कहा कि सरकार गरीबों के उत्थान के लिए जो कार्य कर रही है वह सराहनीय है,मुस्लिम समुदाय के हित के लिए विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

### सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट 2025 : लड़कियों में अनगड़ा चैम्पियन, लड़कों में कांके तीसरे नंबर पर




**रांची:** रांची जिले में खेल प्रतिभाओं की पहचान और हौसला बढ़ाने वाला सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट समापन गुरुवार को हुआ. बालिका अंडर-17 वर्ग के फाइनल मुकाबले में अनगड़ा की टीम ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए बुंडू को 2-0 से हराकर ट्रॉफी अपने नाम की. वहीं पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के लिए प्रियंका कुमारी (अनगड़ा) को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया. वहीं, बालक अंडर-15 वर्ग में कांके की टीम ने नामकुम को 1-0 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया. अलेश्वर मुंडा (तमाड़) को सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर व अमित गोप (रातू) को उभरता हुआ खिलाड़ी का खिताब मिला. समापन समारोह में जिला शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार और जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे. दोनों ने विजेता-उपविजेता टीमों को ट्रॉफी, मेडल, प्रमाण-पत्र और खेल किट देकर सम्मानित किया. जिला शिक्षा अधीक्षक ने कहा कि सुब्रतो कप जैसी प्रतियोगिताएं गांव और शहर की प्रतिभाओं को एक मंच देती हैं. इससे बच्चों में नेतृत्व और खेल भावना दोनों बढ़ती है. जिला शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार ने कहा कि खेल हमें अनुशासन, मेहनत और टीमवर्क सिखाते हैं. ऐसे मंच बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखते हैं. जिन टीमों ने इस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया है, वे अब राज्य स्तरीय सुब्रतो कप में रांची जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी.

### जायसवाल, कसौधन, बरनवाल आदि जातियों को ओबीसी सूची में शामिल किया जाए: राजेश गुप्ता

**संवाददाता रांची:** राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने झारखंड के स्टेट गेस्ट हाउस में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज अहीर के समक्ष आयोजित कार्यक्रम में मांग की है कि राज्य के सूची में शामिल कमलापुरी, जायसवाल, कसौधन, बरनवाल, स्वर्णकार माहुरी मोदी आदि जातियों को केंद्र की ओबीसी सूची में शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि ये जातियां झारखंड की ओबीसी सूची में हैं, लेकिन केंद्र की सूची में नहीं हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा की इस बाबत दिल्ली में भी माननीय अध्यक्ष महोदय को दो बार ज्ञापन सोपा था। प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने अन्य मांग रखी जिसमें आरक्षण की सीमा 50% को समाप्त कर ओबीसी को भी जनसंख्या अनुपात में आरक्षण देने सहित अन्य मांग की ज्ञापन सौंपा है।

# मुहर्रम को लेकर रांची नगर निगम सतर्क

## विशेष सफाई अभियान सहित कई दिशा-निर्देश जारी




**रांची:** मुहर्रम को देखते हुए रांची नगर निगम ने शहर में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए कमर कस ली है. इसी क्रम में अपर नगर आयुक्त की अध्यक्षता में निगम पदाधिकारियों और कर्मियों के साथ एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में मुहर्रम पूर्व तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित शाखाओं को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए.

अपर नगर आयुक्त ने स्वच्छता शाखा को निर्देशित किया कि शहर के सभी इमामबाड़ों, मस्जिदों और मुहर्रम जुलूस मार्गों की विशेष साफ-सफाई अभियान चलाकर सुनिश्चित की जाए. साथ ही सम्पर्क पथों की सफाई, कचरा संग्रहण, झाड़ियों की कटाई, नालियों की सफाई, बिल्चिंग पाउडर और लार्विसाइडल के छिड़काव जैसे कार्यों को भी समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने को कहा गया।

बैठक में स्पष्ट किया गया कि सभी जोनल सुपरवाइजर एवं वार्ड सुपरवाइजर अपने-अपने क्षेत्रों में सफाई कार्यों की निगरानी करेंगे और नियमित रूप से प्रगति की सूचना मुख्यालय को देंगे. जुलूस मार्गों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी ताकि कहीं भी गंदगी, जलजमाव या अव्यवस्था न हो।

वहीं, विद्युत शाखा को निर्देशित किया गया कि जिन-जिन मार्गों पर मुहर्रम के जुलूस निकलने हैं, उन स्थानों पर खराब स्ट्रीट लाइट्स की मरम्मत अविलंब कराई जाए. जुलूस मार्गों को पूर्ण रूप से रोशन और सुरक्षित बनाना निगम की प्राथमिकता में शामिल है. इसके अलावा नगर निगम ने सार्वजनिक सुविधा को ध्यान में रखते हुए निर्देश दिया है कि जुलूस मार्गों पर आवश्यकता के अनुसार चलंत शौचालय और जल टैंकर की व्यवस्था की जाए. यह जिम्मेदारी नगर प्रबंधक और जोनल स्तर पर संबंधित अधिकारियों को सौंपी गई है। नगर निगम के कंट्रोल रूम को भी सतर्क रहने को कहा गया है. सफाई व्यवस्था, चलंत शौचालय या जल टैंकर से संबंधित कोई भी शिकायत मिलने पर कंट्रोल रूम तत्काल संबंधित क्षेत्र के सुपरवाइजर से समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेगा. निगम ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की शिकायत के लिए निगम के टोल फ्री नंबर 18005701235 पर संपर्क करें. इसके अलावा साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ-साथ यह भी ध्यान रखा जाए कि आम नागरिक मुहर्रम का त्योहार स्वच्छ, सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण में मना सकें. सभी पदाधिकारियों से आपसी समन्वय बनाए रखने और जमीनी स्तर पर सक्रिय रहने को कहा गया है. बैठक में स्वच्छता शाखा के सहायक प्रशासक, नगर प्रबंधक, विद्युत शाखा प्रभारी, जोनल सुपरवाइजर एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे. सभी ने एकमत होकर मुहर्रम पूर्व संपूर्ण व्यवस्था को चाक-चौबंद करने का आश्वासन दिया।

### राज्य के आठ आईपीएस को मिला अतिरिक्त प्रभार, गृह विभाग ने जारी की अधिसूचना




**रांची:** झारखंड के आठ आईपीएस को अतिरिक्त पद का प्रभार दिया गया है. गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने गुरुवार को इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है. जारी आदेश में कहा गया है कि जिन आईपीएस अधिकारियों को अपने पद के अलावा अतिरिक्त पद का प्रभार दिया गया है, वे उस पद पर नियमित पदस्थापन होने तक उस पद का भी कार्य देखेंगे। झारखंड सरकार ने डीजीपी द्वारा आठ आईपीएस अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार देने के मामले को गंभीरता से लिया था. इसे लेकर गृह विभाग ने डीजीपी अनुराग गुप्ता से स्पष्टीकरण मांगा है. साथ ही कहा है कि भविष्य में इस तरह की घटना दोबारा ना हो. गृह विभाग ने 10 जून को डीजीपी कार्यालय से जारी उस आदेश को रद्द कर दिया है. जिसमें आठ आइपीएस अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया था।

**जानें किन्हें मिला कहां का अतिरिक्त प्रभार:**

- जैप 10 कमांडेंट सौरभ जैप 1 कमांडेंट का भी कार्यभार देखेंगे.
- ग्रामीण एसपी धनबाद कपिल चौधरी को जैप-3 कमांडेंट का अतिरिक्त कार्यभार।
- जामताड़ा एसपी राजकुमार मेहता को आईआरबी-1 का भी प्रभार।
- चतरा एसपी सुमित अग्रवाल को आईआरबी-3 की अतिरिक्त जिम्मेदारी।
- गुमला एसपी हरीश बिन जमा आईआरबी-5 का भी दायित्व संभालेंगे।
- गोड्डा एसपी मुकेश कुमार आईआरबी-8 का भी प्रभार संभालेंगे।
- सिटी एसपी धनबाद ऋत्विक श्रीवास्तव को रेल एसपी धनबाद की भी जिम्मेदारी।
- जमशेदपुर ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग रेल एसपी जमशेदपुर का कार्य भी देखेंगे।

## जेसीआई रांची को सर्वश्रेष्ठ शाखा व अध्यक्ष प्रतीक जैन को सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष का पुरस्कार



**संवाददाता रांची:** जेसीआई रांची, जेसीआई इंडिया के मंडल 3 की सबसे बड़ी शाखा है। पहली बार जेसीआई रांची ने मंडल के कार्यक्रम मिडकॉन की मेजबानी "जोहार मिडकॉन 2025" के नाम स्वरूप की। इस कार्यक्रम में मंडल 3 के सभी जेसीआई शाखाओं ने भाग लेते हुए 165 लोग शामिल हुए जिसमें बीते 6 माह के उपलब्धियों पर शाखाओं को पुरस्कृत किया गया। इस बार जेसीआई रांची को कुल 22 पुरस्कारों से सम्मानित किया गया व जेसीआई रांची के अध्यक्ष जेसी प्रतीक जैन को "बेस्ट अध्यक्ष मंडल 3 रीज़न ए" से सम्मानित किया गया व जेसीआई रांची को "बेस्ट शाखा" के खिताब से नवाजा गया। कार्यक्रम के उदघाटन समारोह के मुख्य अतिथि रहे राजीव रंजन प्रसाद, अध्यक्ष झारखंड गौशाला न्यास बोर्ड व कार्यक्रम के समापन समारोह के मुख्य अतिथि रहे झारखंड के पूर्व इंडियन क्रिकेट टीम के बल्लेबाज सौरभ तिवारी। इस कार्यक्रम के संचालक जेसी सिद्धार्थ जयसवाल व प्रशांत पाटोदिया ने कॉन्फ्रेंस एडवाइजर पूर्व मंडल अध्यक्ष जेसी अभिषेक केडिया व जेसी संजय जैन और जेसी राजीव रंजन के नेतृत्व में सफलता पूर्वक संचालन किया। जेसी ऋषभ जैन, ऋषभ अग्रवाल, तपिश केडिया, ऋषभ जालान, किशन अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, रौनक सिंह व सचिव सन्नी केडिया ने कार्यक्रम के संचालन में साथ निभाया।

## झारखंड को मिला विकास का नया आयाम : अजय राय



**संवाददाता रांची:** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य अजय राय ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी द्वारा रांची के रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर और गढ़वा स्थित रेहला फोरलेन सड़क परियोजनाओं की सौगात दिए जाने का स्वागत करते हुए कहा कि यह झारखंड के बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश भर में जिस गति से इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास हो रहा है, उसका प्रभाव झारखंड में भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। एम्स जैसे संस्थानों की स्थापना, सड़कों का जाल, रेलवे और संचार सुविधाओं का विस्तार, ये सभी योजनाएं झारखंड के विकास को एक नई ऊंचाई तक ले जा रही हैं। अजय राय ने कहा कि झारखंड की जनता लंबे समय से बेहतर कनेक्टिविटी और सुविधाओं की अपेक्षा कर रही थी, जिसे मोदी सरकार ने प्राथमिकता देते हुए साकार किया है। नितिन गडकरी द्वारा दिए गए ये दोनों परियोजनाएं राज्य की आर्थिक गतिविधियों को भी गति देंगी और रोजगार के नए अवसर सृजित करेंगे। उन्होंने अंत में कहा कि यह सिर्फ सड़क निर्माण नहीं, बल्कि झारखंड के भविष्य की दिशा में रखा गया मजबूत आधार है।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आग्रह को किया गया अनसुना

### कार्यक्रम टालने के लिए नितिन गडकरी को लिखा था पत्र



**रांची:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की फरियाद अनसुनी हो गई है. उन्होंने 1 जुलाई को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर 3 जुलाई को रांची और गढ़वा में आयोजित कार्यक्रम को स्थगित करने का आग्रह किया था. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पत्र में इस बात का जिक्र किया था कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन की तबीयत नासाज होने की वजह से कार्यक्रम में उनका शामिल हो पाना संभव नहीं होगा. क्योंकि गुरुजी का इलाज नई दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में चल रहा है।

**मुख्यमंत्री ने लिखा था पत्र:** मुख्यमंत्री ने पत्र लिखकर आग्रह किया था कि वह व्यक्तिगत रुप से इस महत्वपूर्ण आयोजन में शामिल होना चाहते हैं. इसलिए 3 जुलाई का कार्यक्रम स्थगित कर बाद की कोई तारीख तय कर दी जाए. लेकिन ऐसा नहीं हो पाया. केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी अपने तय शिड्यूल के मुताबिक रांची एयरपोर्ट पहुंचे और गढ़वा में तय पहले कार्यक्रम में शिरकत होने के लिए हेलिकॉप्टर से रवाना हो गए।



**झारखंड को केंद्र सरकार की सौगात:** 3 जुलाई को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का दौरा झारखंड के लिए बेहद खास रहा। रांची और गढ़वा के लिए केंद्र सरकार की ओर से 6,300 करोड़ रुपये की लागत वाली 11 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ। इसमें गढ़वा में 2,460 करोड़ की लागत से 2 नेशनल हाईवे का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ। जबकि रांची के ओटीसी ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 3,890 करोड़ की लागत से 09 एनएच प्रोजेक्ट के शिलान्यास और उद्घाटन कार्यक्रम के अलावा रातू रोड फ्लाईओवर का लोकार्पण हुआ। बता दें कि रातू रोड फ्लाईओवर का रांचीवासियों को बेसब्री से इंतजार था. क्योंकि रातू रोड में ट्रैफिक के जबरदस्त प्रेशर की वजह से राहगीरों को आए दिन जाम से जूझना पड़ता था.

दरअसल, नितिन गडकरी का कार्यक्रम 16 जून को ही निर्धारित हुआ था. उनके आगमन को लेकर जोर-शोर से तैयारी भी चल रही थी. इसी बीच उनकी व्यस्तता की वजह से कार्यक्रम को री-शिड्यूल करते हुए 3 जुलाई की तारीख तय की गई. इसी बीच कार्यक्रम से महज 48 घंटे पूर्व सीएम की ओर से केंद्रीय मंत्री के नाम पत्र जारी कर प्रोग्रपाम को री-शिड्यूल करने का आग्रह किया गया, लेकिन शिड्यूल में कोई बदलाव नहीं हुआ. सीएम के इस आग्रह पर अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## शोहदा ए कर्बला की याद में रक्तदान शिविर 14 यूनिट रक्त एकत्र किए गए



**संवाददाता रांची:** डोरंडा के तुलसी चौक में आयोजित शोहदा ए कर्बला की याद में गुरुवार को एकदिवसीय रक्तदान शिविर रज़ा यूनिटी फाउंडेशन झारखंड के द्वारा डोरंडा ओल्ड हाई कोर्ट तुलसी चौक के पास लगाया गया। जहां कई लोगों ने बढ़ चढ़ के रक्तदान में हिस्सा लिया जिसमें 14 यूनिट रक्तदान एकत्रित हुआ और अतिरिक्त 3 रक्तदाताओं का मौसमी दवा खाने,होमोग्लोबिन एवं वजन कम होने की वजह से रक्तदान नही कर पाएं। इस ब्लड डोनेशन कार्यक्रम का उद्घाटन कांग्रेस नेता विनय सिन्हा दीपू जी के द्वारा किया सबसे पहले रक्तदाता नावेद अली, रज़ा यूनिटी फाउंडेशन झारखंड प्रदेश अध्यक्ष नवाब चिश्ती, रज़ा यूनिटी फाउंडेशन रांची जिला अध्यक्ष शाकिब रज़ा, परसटोली पंचायत के अध्यक्ष मोहम्मद राशिद अंसारी, अबू रेहान सोनू, शिक्षक अब्दुल रहमान, यूटूबर्स मो.एकरामा, आयुर्वेदिक दवा निर्माता हाज़ी नौशाद क़ादरी, मनी टोला मस्जिद के अध्यक्ष मो शमीम रिजवी, मो.जाहिद अंसारी, मो इरशाद, आखिरी रक्तदाता मो असफर शामिल हुए सभी को मौके पर ब्लड डोनर कार्ड एवं प्रमाण पत्र दिया गया।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में प्रतिध्वनि-2025 शुरू



**संवाददाता रांची:** सरला बिरला पब्लिक स्कूल राँची में 3 जुलाई 2025 को राष्ट्रीय अंतर-विद्यालय कला संगोष्ठी, प्रतिध्वनि-2025 के तीसरे संस्करण का शानदार उद्घाटन हुआ। यह तीन दिवसीय कार्यक्रम ज्ञान संसाधन क्यूरेटर मुखर्जी पी. की देखरेख में आदिवासी जननायक एवं क्रांतिकारी बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष को समर्पित था। उद्घाटन समारोह में देशभर के 30 से अधिक विद्यालयों के प्रतिभागी छात्रों की सहभागिता रही। समारोह के मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) गोपाल पाठक, महानिदेशक, सरला बिरला विश्वविद्यालय, रांची रहे, जिन्होंने समारोह की गरिमा को बढ़ाया। इस अवसर पर शिक्षा जगत की प्रतिष्ठित हस्तियाँ भी उपस्थित रहीं, जिनमें राजेश पिल्लई (प्राचार्य, कैरली स्कूल), श्रीमती प्रेमलता (प्राचार्या, कैम्ब्रियन पब्लिक स्कूल), डॉ. सुभाष कुमार (प्राचार्य, सेंट माइकल्स स्कूल) तथा श्रीमती शालिनी विजय, प्राचार्या, गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल, रांची सम्मिलित थीं। इस अवसर पर अभिनव चटर्जी, देवांशु सेनगुप्ता, श्री विश्वजीत दास और पार्थ बनर्जी निर्णायक के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत एक सुमधुर स्वागत गीत से हुई, जिसने वातावरण को उल्लासपूर्ण बना दिया। आज के कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण था 'उलगुलान आंदोलन' पर आधारित एक विशेष नृत्य-नाटिका। इस प्रस्तुति ने 'धरती आबा' बिरसा मुंडा के योगदान की स्मृति को पुनर्जीवित किया और यह दर्शाया कि समाज की प्रगति में विद्यार्थियों के बीच सहयोग और समन्वय कितना महत्वपूर्ण है।

पहले दिन टॉर्क-इन्टीग्रेटेड डान्स डायलॉग, प्ल्यूरिलॉग्स- मल्टी फॉर्मेट इंग्लिस डिबेट और फ्रेम्स - रील्स मेकिंग जैसी कई प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं, जिनमें विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और फिल्म निर्माण कौशल का प्रदर्शन किया। आज के कार्यक्रम का समापन विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ।

मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) गोपाल पाठक ने कहा कि जब छात्रों को ऐसे मंच मिलते हैं तो उनकी रचनात्मकता को संबल मिलता है और यह उनके आत्मविश्वास और दक्षता में वृद्धि करता है।

विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने छात्रों को ऐसे मंचों के माध्यम से ज्ञान और कौशल की सीमाओं को विस्तृत करने के लिए प्रेरित किया और प्रतिभागी टीमों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि छात्र कच्चे हीरे हैं और जब उन्हें ऐसा मंच मिलता है तो उनकी चमक और भी निखर जाती है।

# एम्पावर झारखंड और भगवान महावीर अस्पताल ने लगाया मेगा हेल्थ कैम्प



**संवाददाता रांची:** आदित्य विक्रम जयसवाल के नेतृत्व में एम्पावर झारखण्ड और भगवान महावीर अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर द्वारा चुटिया के प्राचीन श्री राम मंदिर में सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया, जिसमे डॉ सिद्धार्थ कुमार यूरोलॉजिस्ट, डॉ अपूर्वा बरियार डेंटिस्ट, डॉ विक्रम सिंह न्यूरोसर्जन, भगवान महावीर अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर के नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं डॉ राजेंद्र प्रसाद बर्नवाल व उनकी टीम द्वारा 176 मरीजों का हेल्थ चेकअप कर मुफ्त दवाई भी दी गई साथ ही पीएसए टेस्ट भी किया गया। इलाज के पश्चात् मोतियाबिंद पाये जाने वाले मरीजों का इस अस्पताल में मुफ्त ऑपरेशन भी किया जाएगा।

आदित्य विक्रम जयसवाल ने कहा राजधानी रांची की जनता से मेरा हमेशा से हीं आत्मीय जुडाव रहा है, इस भारी बारिश में सबके स्वास्थ्य का ख्याल रखना हमारी पहली प्राथमिकता है। लगातार बारिश के वजह से रांची शहर में लोग बिमार हो रहे थे, इन समस्याओं को देखते हुए गुरुवार को चुटिया में मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया है। मानव सेवा से बढ़कर कोई अन्य सेवा नहीं है, सेवा ही हमारा लक्ष्य है। झारखण्ड को अगर सशक्त बनाना है तो यहाँ के लोगों को सबसे पहले स्वस्थ रखना होगा। तभी आगे का विकास तय होता है। आने वाले समय में और भव्य तौर पर स्पेशलाइज्ड कैम्प किया जाएगा ताकि जरूरतमंद लोग इसका अधिक से अधिक लाभ उठा सकें। यह महज एक कैम्प नहीं रहेगा इसमें जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा।

दंत चिकित्सक डॉ अपूर्व बरियार ने बताया कि अल्सर, दांतो की फिलिंग करने वाले एवं बैड ब्रेथ वालो काफ़ी मरीज आए जिनका इलाज करते हुए उनको उचित दवाइयां दी गई साथ ही टूथब्रश एवं पेस्ट भी दिया गया। डॉ सिद्धार्थ ने बताया कि 10 लोगों को पीएसए टेस्ट की आवश्यकता पड़ी जिनका टेस्ट किया गया और रिपोर्ट जल्द ही प्रदान की जाएगी। शिविर में मुख्यतः लोग पेशाब करने की समस्याओं के साथ आए थे आवृत्ति वृद्धि, तात्कालिकता में वृद्धि, पेशाब करते समय जलन दर्द होना, पेट में दर्द के कुछ मरीज आए एवं कुछ मरीजों को पेशाब में खून आने की भी समस्या थी। शिविर का मुख्य उद्देश्य जागरूकता फैलाना था ताकि वो लोग जो अस्पताल जाने में असमर्थ है उनको सही और बेसिक उपचार मिल सके। कुछ महिलाओं में मेंस्ट्रुअल साइकिल की भी समस्या पायी गई तथा कुछ गायनेकोलॉजिकल समस्याएं भी पायी गई।

भगवान महावीर हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर के पौरुष जैन ने बताया कि 50 मरीजों का स्क्रीनिंग टेस्ट किया गया है, जिसमें 6 लोगो का मोतियाबिंद का ऑपरेशन निकला है जो कि निःशुल्क महावीर ऑय हॉस्पिटल में किया जाएगा। न्यूरोसर्जन डॉ विक्रम सिंह ने बताया कि कई मरीजों का इलाज किया गया जिसमें मुख्यतः सर में लगातार दर्द की शिकायत रही। कई लोग शुरुआती चेतावनी संकेतों को नजरअंदाज कर देते हैं, जैसे लगातार पीठ या गर्दन में दर्द, सुन्नता, अंगों में कमजोरी, या दर्द का बढ़ना। ये लक्षण अधिक गंभीर रीढ़ की स्थिति के शुरुआती संकेत हो सकते हैं। यदि अनुपचारित छोड़ दिया जाए, तो वे दीर्घकालिक विकलांगता या गतिशीलता के नुकसान का कारण बन सकते हैं। अटल क्लिनिक करबला चौक एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर चुटिया में निःशुल्क योगदान एवं दवाइयां भी मुफ्त में देने वाले डॉ राजेंद्र प्रसाद बर्नवाल जी एवं उनकी टीम ने भी काफ़ी योगदान दिया उन्होंने बताया कि डायबिटिक सुगर बीपी चेस्ट इन्फेक्शन जैसे मरीज़ो का चेकअप कर दवाइयां दी।

मौके पर स्वास्थ्य शिविर में भगवान महावीर अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर के पौरुष जैन,डॉ रजत, सचिन उपाध्याय,सपना कुमारी,लोक स्वास्थ्य प्रबंधक नवीन कुमार जी, डॉ किरण कुमारी, सुनीता कच्छप,अर्चना खाखा, सुनीता कुमारी, विजय हेम्ब्रॉम, श्रीकांत कुमार, एलेन एंड्रयू, अनिल सिंह आदि लोग मौजूद थे।

## श्रीराम भक्त हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाई गई



**संवाददाता रांची:** न्यू मधुकम रोड नंबर 05 आई स्थित श्रीराम भक्त हनुमान मंदिर का तीसरा वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाई गई। मंदिर के पुजारी मनीष पाठक ने महाआरती,मंडप पूजन विधि विधान से मंत्रोपचारण के साथ कराई।पूजन के बाद महाभंडारे का आयोजन हुआ जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किए। मौके पर छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा भी इस आयोजन मे शामिल हुए और प्रसाद ग्रहण किए।इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने मे मुख्यरूप से सूरज कुमार,कुंदन वर्णवाल,गुडु ठाकुर, विनोद राम,राजा कुमार,नवीन ठाकुर,सुबोध कुमार शर्मा,सुरज सिंह,बिपिन ठाकुर,रीतेश केरकेट्टा,श्रवण ठाकुर,आदि ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## संक्षिप्त खबरें...

### हत्या मामले में मां-बेटा गिरफ्तार



लातेहारः लातेहार पुलिस ने हत्या के मामले में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी पूनम देवी व धीरू सिंह को गिरफ्तार कर लिया. दोनों रिश्ते में मां और बेटा हैं. गौरतलब है कि हेरहंज थाना क्षेत्र के ईचाक गांव में दो जुलाई को एक व्यक्ति संतोष सिंह की हत्या कर दी गई थी. एसपी के निर्देश पर गठित पुलिस की टीम ने मामले का उद्भेदन करते हुए घटना में शामिल मृतक की पत्नी पूनम देवी व बेटे धीरू सिंह को गिरफ्तार कर लिया. दोनों ने पुलिस के समक्ष स्वीकार किया है कि उनलोगों ने संतोष सिंह को पीट-पीटकर मार डाला था.

### वाहन के धक्के से रिटायर्ड सीसीएल कर्मी की मौत

रामगढ़ः रामगढ़-बोकारो मुख्य मार्ग पर मारंगमरचा मिडिल स्कूल के समीप सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई. मृतक की पहचान रजरप्पा प्रोजेक्ट के एमडीएस कॉलोनी निवासी रिटायर्ड सीसीएल कर्मी बंधु डोम के रूप में हुई. मिली जानकारी के अनुसार, बंधु डोम अपने रिश्तेदार के बच्चे की मुंहजूठी में भाग लेने मारंगमरचा गया हुआ था. कार्यक्रम खत्म होने के बाद वह रजरप्पा प्रोजेक्ट आने के लिए सवारी गाड़ी में बैठने के लिए रोड क्रॉस कर रहा था. इसी दौरान किसी तेज रफ्तार वाहन ने उसे धक्का मार दिया और फरार हो गया. वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा. सूचना मिलते ही रजरप्पा थाना के एएसआई उदय प्रसाद यादव मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से घायल को सदर अस्पताल रामगढ़ भेजवाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था.

### अनियंत्रित ट्रेलर ने बाइक सवार को मारा धक्का स्थिति गंभीर किया गया रेफर



कोयलांचल संवाद संवाददाता

इटखोरी (चतरा) थाना क्षेत्र के बभमुंडी में इटखोरी हजारीबाग रोड में टेलर ने बाइक सवार को मारी टक्कर जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।घायल बाइक सवार उमेश दास पिता दामोदर दास ग्राम का गांव तुम्बी चौक परसौनी के रहने वाले हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार उमेश दास इटखोरी से कर्मा जा रहे थे और ट्रेलर पदमा मुख्य मार्ग की तरफ से आ रहा था। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, थाना प्रभारी ने बताया कि घायल युवक को हजारीबाग रेफर कर दिया गया है, ड्राइवर गाड़ी छोड़ कर फरार हो गया और गाड़ी को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर थाने ले आई है।

### बिरसा जैविक उद्यान चकला ओरमांझी के शंशाक नामक शेर का निधन



ओरमांझी(मोहसीन): बिरसा जैविक उद्यान चकला ओरमांझी के हाईब्रिड नर शेर शशांक का प्रौढ़ावस्था होने के कारण देहांत हो गया है। यह शेर वर्ष 2014 में बन्नरघटा चिड़ियाघर,बैंगलोर से लाया गया था। मृत्यु के समय इसकी उम्र लगभग 15 वर्ष था। इस शेर विगत एक माह से तबीयत खराब चल रहा था,जिसका उपचार उद्यान के पशु चिकित्सक डॉ ओम प्रकाश साहू, के द्वारा किया जा रहा था। एवं डॉ० अभिषेक कुमार, विशेषज्ञ,रॉंची पशु चिकित्सा,महाविद्यालय के द्वारा भी जांच कराया गया था। लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। गुरुवार को रॉंची पशु चिकित्सा महाविद्यालय के पैथोलोजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ० एम. के. गुप्ता के नेतृत्व में उनके दल द्वारा शेर का अंत्यपरीक्षण किया गया। डॉ. गुप्ता द्वारा मृत्यु का कारण पेट में कैंसर का लक्षण होने का बताया गया। जिसका गहन जांच हेतु मृत शेर के विभिन्न अंगों का सैंपल लेकर रॉंची पशु चिकित्सालय महाविद्यालय भेजा गया है। सामान्यतः हाइब्रिड नस्ल के वन्यजीवों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होती है एवं संक्रमण का खतरा हमेशा बना रहता है। इनका औसत उम्र लगभग 15 से 16 वर्ष का होता है।मृत शेर के अंत्यपरीक्षण के दौरान जैविक उद्यान के पदाधिकारी,कर्मचारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### उत्क्रमित उच्च विद्यालय दनुआ में अभिभावकों की हुई बैठक

कोयलांचल संवाद संवाददाता

चौपारण(हजारीबाग) प्रखंड के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र चोरदाहा पंचायत अवस्थित दनुआ उत्क्रमित उच्च विद्यालय में झारखंड शिक्षा परियोजना के आदेशानुसार शिक्षक अभिभावकों की बैठक का आयोजन किया गया। अभिभावकों की यह बैठक मुखिया कसिया देवी की अध्यक्षता में की गई। जिसमें उत्क्रमित उच्च विद्यालय दनुआ के पोषक क्षेत्र में पढ़ने वाले सभी गांव के अभिभावक बैठक में उपस्थित हुए। प्रधानाध्यापक रतन कुमार वर्मा ने शिक्षक अभिभावक की बैठक में शिक्षक और अभिभावकों के उत्तरदायित्व के बारे में विस्तार से चर्चा किया। मुखिया कसिया देवी ने अभिभावकों को बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कई अभिभावकों शामिल हुए जिसमें राजकुमार यादव,राजेश मिस्त्री ने बैठक में अभिभावकों को बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति करवाने के लिए प्रेरित किया। मंच संचालन शिक्षक नरेश यादव के द्वारा किया गया। बाढ़ो साव,मदन प्रसाद केसरी, कमलेश यादव, मोहम्मद सरफराज, विजय साव, किरण देवी, कुंती देवी, शांति देवी, शिक्षक विश्वजीत कुशवाहा,उपेंद्र यादव, राकेश सिंह,हीरा मरांडी, रोहित कुमार चांदनी कुमारी, सुनीता कुमारी, रौनक आरा, मोहम्मद अख्तर आलोक कुमार, जयदेव राज सहित कई अभिभावक उपस्थित हुए.

### कोर्ट में लंबित मामलों के निपटारे का प्लान तैयार, शुरू हुआ 90 दिवसीय मध्यस्थता अभियान

दुमकाः झालसा, रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, दुमका के तत्वाधान में मध्यस्थता पर आधारित 90 दिवसीय मध्यस्थता अभियान (मीडिएशन फॉर द नेशन) का प्रारंभ 01 जुलाई, 2025 से शुरू हो चुका है, जिसका जिले भर में व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। यह अभियान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, दुमका, शत्रुंजय कुमार सिंह के मार्गदर्शन व प्राधिकार के सचिव उत्तम सागर राणा के नेतृत्व में किया जा रहा है। प्राधिकार के सचिव ने बताया कि इस 90 दिवसीय मध्यस्थता अभियान के तहत पूरे जिले में मध्यस्थता से संबंधित विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें आप लोगों को मध्यस्थता के माध्यम से वादों को निष्पादित किए जाने के महत्व के बारे में जानकारी दी जाएगी ।

## चतरा सांसद का प्रयास लाया रंग, केंद्रीय पथ परिवहन मंत्री ने संसदीय क्षेत्र की महत्वपूर्ण योजना की दी स्वीकृति

### घोषणा के बाद चतरा लोकसभा क्षेत्र के जनता में हर्ष का माहौल

कोयलांचल संवाद संवाददाता



चतराः लोकसभा क्षेत्र के चंदवा रेलवे ओवर ब्रिज महा मिलन 16 के मांग की प्रतिक्षा लंबे समय से चंदवा की जनता कर रही थी। संसदीय क्षेत्र की जनता की इस चिर प्रतीक्षित मांग को केंद्रीय पथ परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने स्वीकृति प्रदान की।इसके निर्माण को लेकर चंदवा क्षेत्र में निवास करने वाली आम जनता वर्षों से लंबा संघर्ष करती रही है और लगातार इस मुद्दे पर जन आंदोलन भी कर चुकी है। जनता की अपेक्षाओं को प्राथमिकता देते हुए चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के पास इस प्रस्ताव को रखा था और इसके लिए निरंतर प्रयासरत थे। माननीय सांसद कालीचरण सिंह का यह प्रयास रंग लाया। जनता की चिर प्रतीक्षित अपेक्षा को चतरा सांसद के प्रयासों के फल स्वरुप मूर्त रूप प्रदान किया केंद्रीय पथ परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने। संसद के इस प्रस्ताव को आज केंद्रीय मंत्री ने खुले मंच से घोषणा कर जल्द ही निर्माण कार्य को आरंभ करने की बात कही साथ ही सांसद से निर्माण कार्य में आम आदमी के जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा उसके निष्पादन के लिए भी केंद्रीय मंत्री ने मंच से सांसद से आग्रह किया।

उक्त कार्य लोकसभा क्षेत्र के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना के क्रियान्वयन और निर्माण से क्षेत्र लोगों को कई प्रकार की सहूलियतें होगी साथ ही कई प्रकार की समस्याओं से निजात भी मिलेगी।

इस योजना के लिए सांसद कालीचरण सिंह के द्वारा किए गए सकारात्मक प्रयास की संसदीय क्षेत्र की आम जनता ने स्वागत किया।निर्माण की घोषणा से संसदीय क्षेत्र की जनता में उमंग और उत्साह का वातावरण बना हुआ है।

संसदीय क्षेत्र की जनता ने केंद्रीय पथ परिवहन मंत्री नितिन गडकरी एवं चतरा लोकसभा लोकप्रिय सांसद काली चरण सिंह को लोगो ने भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए हार्दिक आभार व्यक्त किया है।

### मेसरा ओपी ने मोहर्रम पर्व को लेकर नेवरी पंचायत सचिवालय में की बैठक

## नेवरी,मेसरा,चूट्टू व केदल से इस वर्ष नहीं निकाली जाएगी मोहर्रम का जुलूस

ओरमांझी(मोहसिन): मेसरा बीआईटी ओपी ने बृहस्पतिवार को नेवरी पंचायत सचिवालय में मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी संजीव कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई,जहां दोनों समुदाय के लोग गणमान्य लोग शामिल हुए और एक मत होकर शांतिपूर्ण माहौल में सद्भाव व एकता के साथ मोहर्रम पर्व मनाने का निर्णय लिया,बैठक में उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी संजीव कुमार ने सरकार द्वारा दिए गए गाइडलाइन को बताते हुए बताया की त्योहार शांति एवं सद्भाव के माहौल में मनाने की चीज है,जिसके लिए प्रशासन तैयार हैं, हाई कोर्ट ने 13 फीट का झंडा जुलुस में रखने,यातायात व्यवस्था को बाधित न करने व जुलूस में डीजे गाना नहीं बजाने का आदेश दिया है,आखड़ा कमेटी विशेष ध्यान दें, बैठक में चूट्टू अंजुमन के सेक्रेटरी हयात अंसारी ने बताया की चूट्टू गांव के तेजतर्रार युवा सफीक अंसारी के इंतकाल के चलते इस वर्ष चूट्टू गांव में मोहर्रम का जुलूस नहीं निकाली जाएगी,वहीं केदल के शमीम अंसारी ने बताया की केदल मोहर्रम कमेटी के मुख्य कर्ता धर्ता का इंतकाल के सदमा के चलते केदल में जुलूस नहीं निकल जाएगा,वही



नेवरी के सदर जाकिर अंसारी ने बताया कि नेवरी गांव के शाहजहां अंसारी लापता है, इसके अलावा गांव के साहब अली के इंतकाल के चलते इस वर्ष जुलूस नहीं निकाली जायेगी,वही मेसरा के लोग शामिल नहीं थे लेकिन लोगों ने बताया कि मेसरा से भी जुलूस इस वर्ष नहीं निकलेगी,कार्यक्रम का संचालक मजहर अंसारी ने किया,बैठक में मुख्य रूप से क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी मनरखन महतो,मनरखन महतो,नेवरी पंचायत के मुखिया साधो उरांव,चूट्टू अंजुमन के सेक्रेटरी हयात अंसारी, केदल मोहर्रम कमेटी के शमीम अंसारी,नेवरी के सदर जाकिर अंसारी, उप मुखिया नसीम अंसारी, आदम,इरशाद आलम,द्वारिका ठाकुर, देवलाल ठाकुर,अनिल कुमार महतो, इब्राहीम अंसारी,मुनेश महतो मुकेश कुमार,नारायण महतो, दिनेश मास्टर,लियाकत अंसारी सहित अन्य गण मन लोग शामिल थे।

## साइबर ठगी करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

गिरिडीहः गिरिडीह पुलिस ने साइबर अपराध पर बड़ी कार्रवाई करते हुए चार साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को प्रतिबिंब पोर्टल के माध्यम से सूचना मिली थी कि कुछ लोग मोबाइल फोन से आम नागरिकों को ठग रहे हैं।

साइबर डीएसपी आबिद खां के नेतृत्व में गठित टीम ने अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के बुधुडीह बाजार और गिरिडीह बस स्टैंड के पास झिंझरी मोहल्ला से आरोपियों को पकड़ा। गिरफ्तार आरोपियों में दीपू कुमार मंडल (22), छोटी मंडल (30), श्रवण राय (21) और मोहित कुमार मंडल (19) शामिल हैं।



### छोटी मंडल पर तेलंगाना-हैदराबाद में साइबर ठगी के केस दर्ज

छोटी मंडल के खिलाफ देवघर साइबर थाना में पहले से मामला दर्ज है। उस पर तेलंगाना-हैदराबाद में 65 से अधिक साइबर ठगी के केस दर्ज हैं। दीपक मंडल पर अहिल्यापुर थाना में और श्रवण राय पर गिरिडीह साइबर थाना में पहले से मामले दर्ज हैं।

### दिल्ली जल बोर्ड के नाम पर भी धोखाधड़ी करते थे

पुलिस ने आरोपियों से 5 मोबाइल फोन और 6 सिम कार्ड बरामद किए हैं। पूछताछ में पता चला कि ये लोग फर्जी एपीके फाइल भेजकर केवाईसी अपडेट, आधार अपडेट और दिल्ली जल बोर्ड के नाम पर धोखाधड़ी करते थे।

पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे किसी अज्ञात कॉल, संदिग्ध लिंक या मोबाइल एप्लीकेशन से अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। साइबर थाना में कांड संख्या 26/2025 के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## झरिया में भू-धंसान, घर जमींदोज, बाल-बाल बचा परिवार

झरियाः झरिया के अग्नि प्रभावित क्षेत्र घनुवाडीह की मल्लाह बस्ती में बुधवार रात उस समय अफरातफरी मच गई जब तेज बारिश के बाद अचानक जमीन धंस गई. एक कच्चा मकान तेज धमाके के साथ पूरी तरह जमींदोज हो गया. गनीमत थी कि बिजली कटने के कारण घर के लोग कुछ ही मिनट पहले बाहर निकल गए थे, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया. पीड़िता डोली देवी ने बताया कि रात में अचानक उनका मकान धंस गया. बिजली गुल होने के कारण वह अपने बच्चों को लेकर बाहर आ गईं थीं. घर में रखा सारा सामान मलबे में दब गया. मुहल्ले में दहशत का माहौल है. बस्ती के लोगों ने बताया कि वे वर्षों से भूमिगत आग और बीसीसीएल की हेवी ब्लास्टिंग के बीच खतरे में जी रहे हैं. लगातार भू-धंसान की घटनाएं हो रही हैं, लेकिन न तो बीसीसीएल और न ही प्रशासन ने उनकी सुध ली है. बार-बार पुनर्वास की मांग के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई. घटना के बाद बस्ती के लोगों ने जिला प्रशासन से तत्काल सुरक्षित स्थान पर पुनर्वास की मांग दोहराई है. उनका कहना है कि यदि समय रहते पुनर्वास नहीं हुआ, तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है.





सूचना मिलते ही झरिया विधायक रागिनी सिंह की पुत्री शताक्षी सिंह उर्फ साक्षी मौके पर पहुंचीं और घटना की जानकारी ली. उन्होंने स्थानीय लोगों से बातचीत की और अधिकारियों को स्थिति से अवगत कराया. साथ ही विस्थापन के लिए त्वरित कार्रवाई की मांग की.

## मोहर्रम को लेकर पुलिस सतर्क, उपद्रवियों से निबटने का हुआ मॉक ड्रिल



धनबादः मोहर्रम पर्व को लेकर धनबाद जिला पुलिस पूरी तरह सतर्क है. किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निबटने के लिए गुरुवार को पुलिस लाइन परिसर में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया. मॉक ड्रिल के दौरान एक काल्पिनि स्थिति तैयार की गई, जिसमें कुछ पुलिसकर्मी उपद्रवियों की भूमिका में थे. उपद्रवियों ने जुलूस के दौरान हंगामा करते हुए पुलिस पर हमला करने का प्रयास किया. पुलिस ने मोर्चा संभालते हुए लाठीचार्ज किया और उपद्रवियों को चारों ओर से घेरकर काबू में ले लिया.

वहीं, इस मॉक ड्रिल में घायल व्यक्तियों को तुरंत एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाने की प्रक्रिया का सफलतापूर्वक अभ्यास किया गया. मॉक ड्रिल का नेतृत्व सिटी एसपी ऋतिक श्रीवास्तव ने किया. मौके पर डीएसपी मुख्यालय-1 शंकर कामति, डीएसपी-2 डीएन बंका, सीसीआर डीएसपी सुमित कुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारी व जवान शामिल रहे. सिटी एसपी ऋतिक श्रीवास्तव ने कहा कि मोहर्रम के दौरान शहर में अमन और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह तैयार है. जवानों को अलर्ट मोड पर रखा गया है. हेलमेट, बॉडी प्रोटेक्टर, शील्ड आदि की जांच पूरी कर ली गई है. सभी संवेदनशील इलाकों में विशेष सतर्कता बरती जाएगी.

## इटखोरी से बाबा बर्फानी के भक्तों का जत्था निकाला अमरनाथ की यात्रा पर



कोयलांचल संवाद संवाददाता

इटखोरी (चतरा) इटखोरी प्रखंड के विभिन्न गांव मोहल्ले से गुरुवार को 10 की संख्या में युवा श्रद्धालुओं का जत्था अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुआ। यात्रा पर रवाना होने से पूर्व जत्थे में शामिल श्रद्धालुओं ने इटखोरी के ऐतिहासिक पावन मां भद्रकाली मंदिर पहुंचकर माता रानी का दर्शन पूजन कर यात्रा के मंगलमयता के लिए पूजा आराधना की। इसके बाद वे लोग मंदिर प्रांगण के कई धार्मिक स्थलों पर पहुंचकर मत्था टेककर अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हो गए। जत्थे में शामिल रंधीर सिंह एवं द विजन पब्लिक स्कूल के निदेशक नीरज सिन्हा ने बताया कि हमलोग 7 जुलाई को अमरनाथ पहुंच कर बाबा बर्फानी का दर्शन पूजन करेंगे। इसके बाद 11 जुलाई को माता वैष्णो देवी के दरबार में पहुंचेंगे। यहां मां की पूजा अर्चना के बाद 15 जुलाई को खाटू श्याम पहुंचकर पुजा-अर्चना करेंगे। इसके बाद 17 जुलाई को ट्रेन के रास्ते से कोडरमा आएंगे।जत्थे में मुख्य रूप से रणधीर सिंह, धनंजय सिंह, उपेन्द्र सिंह, पवन सिंह, नीरज सिंह, नीरज सिन्हा, सुधीर सिंह, योगेंद्र सिंह, शिवकुमार सिंह और रंजीत सिन्हा शामिल हैं।

## इटखोरी चौक पर मोटरसाइकिल दुर्घटना में तीन युवक हुए घायल, किया गया रेफर





कोयलांचल संवाद संवाददाता

इटखोरी (चतरा) बीते बुधवार संध्या 6:30 बजे चौक स्थित वाइनशॉप के सामने अमर केसरी के भूंजा दुकान के पास दो मोटरसाइकिल सवार अनियंत्रित होकर टकरा गए। इस दुर्घटना में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना पश्चात बाद राहगीरों ने तीनों घायलों को ऑटो द्वारा तुरंत इटखोरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों द्वारा तीनों का प्राथमिक उपचार कर घायलों की गंभीर अवस्था को देखते हुए बेहतर चिकित्सा के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया। सूत्रों के अनुसार गंभीर रूप से घायलों को हजारीबाग से रांची रेफर किया गया है। तीनों घायलों की पहचान उदेश्वर सिंह पिता केवल सिंह ग्राम पिण्डारकोन, दूसरा युवक गोविंद चौरसिया पिता भागी चौरसिया ग्राम इटखोरी तीसरा अरुण चौधरी पिता सूरज चौधरी ग्राम चौबे के रूप में पहचान हुयी है। उदेश्वर सिंह चतरा से चौपारण की और अपने घर जा रहे थे वहीं गोविंद चौरसिया अरुण चौधरी चौपारण की ओर से चतरा की ओर जा रहे थे इसी दौरान दोनों मोटरसाइकिल सवारों में आमने-सामने से जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में तीनों मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गए।

## कोडरमा में एक साथ हुए तीन सड़क हादसेः

### एक हाईवा चालक की मौत, तीन लोग घायल, दो गायों की भी गई जान

कोडरमा : कोडरमा जिले में बुधवार कर रात से गुरुवार की सुबह के बीच सड़क हादसों की एक के बाद एक तीन घटनाएं हुईं। हादसों में एक हाईवा चालक की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हुए हैं।

वहीं दो अलग-अलग जगहों पर हुए कार हादसों में कार सवार तो बच गए, लेकिन दो गायों की जान चली गई। इन घटनाओं ने कोडरमा-बरही एनएच-20 पर बेलगाम पशुओं और सुरक्षा इंतजामों की पोल खोल दी है।

### कोडरमा घाटी में हाईवा पलटी, चालक की मौत

कोडरमा घाटी में गुरुवार सुबह एक हाईवा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसे में हाईवा चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि वाहन में सवार तीन लोग घायल हो गए। मृतक की पहचान बिहार के नालंदा निवासी 35 वर्षीय मुकेश यादव के रूप में हुई है।

हाईवा में ऐश लोड था और वह कोडरमा से बिहार की ओर जा रही थी। कोडरमा थाना प्रभारी विकास पासवान के मुताबिक, हाईवा का ब्रेक फेल हो गया, जिससे वाहन पेड़ से जा टकराया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कोडरमा सदर अस्पताल भेजा गया।





### महाराणा प्रताप चौक पर कार पलटी, पिता-पुत्री घायल

दूसरी घटना बुधवार रात तिलैया थाना क्षेत्र के महाराणा प्रताप चौक पर हुई। झुमरीतिलैया के जवाहर मार्केट से दूध लेकर लौट रहे किशोर अग्रवाल अपनी बेटी के साथ झलपो स्थित घर जा रहे थे। इसी दौरान एनएच-20 पर अचानक कुछ गायें सामने आ गईं। ब्रेक लगाने की कोशिश में उनकी कार गायों से टकरा गई और कई बार पलटी मारते हुए डिवाइडर से जा टकराई। हादसे में कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। किशोर अग्रवाल की बेटी घायल हुई हैं और उन्हें भी हल्की चोटें आई हैं। इस घटना में दो गायों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक गाय घायल हो गई।

### गुमो के पास कार दुर्घटनाग्रस्त, सवार सुरक्षित

गुरुवार सुबह तिलैया थाना क्षेत्र के गुमो सतपुलिया के पास एक और सड़क हादसा हुआ। पटना से बरही (हजारीबाग) मोटर पार्ट्स लेने जा रहे कार सवार अचानक दौड़कर सामने आई गाय से टकरा गए।

कार सवार ने बताया कि वे चार मित्रों के साथ यात्रा कर रहे थे। झुमरीतिलैया पार करने के दौरान एनएच-20 पर गाय अचानक सामने आ गई। टक्कर के बाद कार हवा में उछलकर दूर जा गिरी और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि कार में बैठे सभी लोग बाल-बाल बच गए। इस हादसे में एक गाय की मौत हो गई।

## मुहर्रम पर्व को लेकर चतरा जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का हुआ आयोजन

### मुहर्रम का पर्व आपसी सद्भाव, संयम और त्याग का प्रतीक है-चतरा उपायुक्त

कोयलांचल संवाद संवाददाता

चतराः जिले में मुहर्रम पर्व-2025 को शांति, सौहार्द एवं आपसी भाईचारे के वातावरण में संपन्न कराने हेतु समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला उपायुक्त कीर्तिश्री जी ने की, वहीं चतरा पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस बैठक में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी इन्द्र कुमार, जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए समाजसेवी, धर्मगुरु, ताजिया कमेटी के सदस्य, जनप्रतिनिधि, एवं संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

चतरा उपायुक्त कीर्तिश्री जी ने कहा कि मुहर्रम का पर्व आपसी सद्भाव, संयम और त्याग का प्रतीक है। जिले में इसका शांतिपूर्ण और गरिमापूर्ण आयोजन सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। जिला प्रशासन पूरी सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ तैयार है तथा आमजन को हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। सभी समुदायों से अपेक्षा है कि वे आपसी समन्वय और सहयोग की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए शांति और सौहार्द बनाए रखेंगे।

चतरा पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल ने बैठक में सुरक्षा प्रबंधों की जानकारी देते हुए बताया कि मुहर्रम के दौरान संवेदनशील क्षेत्रों में दंडाधिकारियों के साथ पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु सीसीटीवी कैमरों एवं ड्रोन के माध्यम से निगरानी की जाएगी। उन्होंने आम नागरिकों से अपील किया कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और शांति बनाए रखें। यदि कोई व्यक्ति अफवाह फैलाते हुए पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें...

### मोदी-नीतीश की केमिस्ट्री से लिखी जा रही हिस्ट्री, जेडीयू के बाद बीजेपी दफ्तर में दोनों के पोस्टर लगे

पटना. बिहार की राजधानी पटना में इन दिनों राजनीतिक पोस्टर चर्चा का विषय बने हुए हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के प्रदेश कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाल ही में पोस्टर लगाए गए, जिससे राजनीतिक पारा गर्मा गया। अब भाजपा प्रदेश कार्यालय के पोस्टर में नीतीश की जगह दी गई है। दोनों ही पार्टियों के पोस्टरों में बिहार में दोबारा एनडीए सरकार बनने का दावा किया गया है। आगामी विधानसभा चुनाव से पहले पोस्टरों के जरिए मोदी और नीतीश की केमिस्ट्री की हिस्ट्री लिखी जा रही है। जेडीयू कार्यालय के बाहर दीवारों पर मंगलवार को आगामी चुनाव के मद्देनजर कुछ पोस्टर लगाए गए थे। इनमें सीएम नीतीश कुमार के साथ पीएम नरेंद्र मोदी का भी फोटो था। यह पहला मौका है जब जेडीयू दफ्तर में औपचारिक रूप से मोदी का फोटो लगाया गया। इन पोस्टरों में 'महिलाओं की जय-जयकार, लग रहे उद्योग मिल रहे रोजगार, नौकरी रोजगार खुशहाल बिहार, फिर से एनडीए सरकार' जैसे नारे लिखे गए। जेडीयू के पोस्टर में पीएम मोदी की तस्वीर लगने पर राजनीति होने लगी तो गुरुवार को भाजपा कार्यालय के पोस्टर में भी नीतीश को जगह दे दी गई। इसमें लिखा है- सोच दमदार, काम असरदार, फिर एक बार एनडीए सरकार। जदयू दफ्तर में मोदी के पोस्टर लगने पर जन सुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने नीतीश की पार्टी पर तंज कसा। उन्होंने दावा किया कि नवंबर में विधानसभा चुनाव होने के बाद जेडीयू का अस्तित्व खत्म हो जाएगा। इसके बाद जदयू का पूरा दफ्तर ही बीजेपी का हो जाएगा।

### रात भर इंतजार करती रही दुल्हन, बारात लेकर नहीं पहुंचा दूल्हा; थाने तक पहुंच गई लड़की

अररिया . बिहार के अररिया में एक दुल्हन तैयार होकर इंतजार करती रही और बारात लेकर दूल्हा नहीं पहुंचा। अगले दिन जब परिजन लड़के वालों के घर पहुंचे तो पता चला कि वह फरार हो गया था। पीड़ित परिवार ने थाना पहुंचकर पुलिस से न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। मामला मीरगंज थाना इलाके के एक गांव का है। पुलिस दोनों पक्षों को बुलाकर काउंसेलिंग कर रही है। शादी नहीं होने से दुल्हन मायूस है। जानकारी के मुताबिक रानीगंज थाना क्षेत्र के विस्टोरिया पंचायत के वार्ड 18 कोठीहाट निवासी एक लड़के से पूर्णिया जिले के मीरगंज थाना क्षेत्र के एक लड़की की शादी तय हुई। लड़की पक्ष की ओर से लड़के के घरवालों को उपहार स्वरूप डेढ़ लाख रुपये और सामर्थ्य अनुसार फर्नीचर आदि भी दिए गए। शादी से पहले लड़की वालों ने फलदान और कुम्हरन की रस्म भी पूरी की। दो जुलाई बुधवार को बनमनखी के भक्त प्रह्लाद मंदिर में शादी होनी थी।

### भोजपुर में 3 हजार ऑटो ड्राइवर की हड़ताल:स्टैंड टैक्स में बढ़ोतरी को लेकर प्रदर्शन, आंदोलन की दी चेतावनी

आरा,भोजपुर. ऑटो वालों ने स्टैंड टैक्स में बढ़ोतरी के खिलाफ आरा नगर निगम के पास प्रदर्शन किया। इस दौरान नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी की गई। प्रदर्शन में सैकड़ों ऑटो चालक मौजूद थे। ऑटो चालकों ने एमपी बाग से रमना के तरफ जाने वाले रास्ते को जाम कर दिया। जिससे आने जाने में लोगों को काफी परेशानी होने लगी। ऑटो वालों ने निगम पर जबरन वसूली करने का भी आरोप लगाया है। ऑटो चालकों ने मेयर और नगर आयुक्त के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए । हड़ताल में तीन हजार से ज्यादा ऑटो वाले सड़क पर उतरे है। ऑटो चालक बजरंगी प्रसाद ने बताया कि हम लोग 15 रुपया देंगे। लेकिन अब निगम ने 30 रुपए कर दिया है। अगर कोई ऑटो वाला नहीं देता है, तो ऑटो वालों के साथ ठीकेदारों मार पीट भी करते है। ऑटो चालक ने कहा कि हमें ऑटो स्टैंड चाहिए। जितना भी रोड पर ठेला लग रहा है। वो सभी ठेला हट जाएगा। तभी हमलोग जाम हटाएंगे नहीं तो यह जाम लगा रहेगा।

### खन्ना में नाबालिग की चलती ट्रेन से गिरकर मौत

खन्ना. लुधियाना के खन्ना में ट्रेन से गिरकर युवक की नाबालिग स्टूडेंट की मौत हो गई है। हादसा दोराहा के पास हुआ। जननायक एक्सप्रेस से गिरकर 17 वर्षीय स्टूडेंट की मौत हुई है। मृतक की पहचान बिहार के पश्चिम चंपारण जिले के पतलार गांव निवासी अभिषेक कुमार के रूप में हुई है। अभिषेक दसवीं कक्षा पास करने के बाद छुट्टियां बिताने जालंधर आया था। उसका भाई जालंधर में काम करता था। वीरवार सुबह वह जननायक एक्सप्रेस से अपने गांव वापस जा रहा था। ट्रेन में अत्यधिक भीड़ होने के कारण अभिषेक को दरवाजे के पास बैठना पड़ा। दोराहा के पास उसका संतुलन बिगड़ गया और वह ट्रेन से नीचे गिर गया। हादसे में मौके पर ही उसकी मौत हो गई। रेलवे पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### बिहार का मजदूर साबरमती एक्सप्रेस से गिरा

शाजापुर . शाजापुर के बेरछा थाना क्षेत्र में कालीसिंध लेवल क्रॉसिंग 66 के पास बुधवार सुबह 11:30 बजे एक युवक का शव मिला। गुरुवार को शव की पहचान बिहार के सिवान जिले के बागोरा गांव निवासी अजय कुमार के रूप में हुई। शव के पास मिले क्षतिग्रस्त मोबाइल फोन से आ रही कॉल्स के जरिए पुलिस ने परिजनों से संपर्क किया। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, अजय कुमार गुजरात के मोरबी में मजदूरी करने जा रहा था। वह साबरमती ट्रेन में सवार था और संभवतः ट्रेन से गिरने के कारण उसकी मृत्यु हुई।

### समस्तीपुर में शादी से 7 घंटे पहले दूल्हे की मौत

समस्तीपुर. समस्तीपुर में शादी से 7 घंटे पहले दूल्हे की संदिग्ध मौत हो गई। बुधवार को शाम 5 बजे लड़के का निकाह था। मृतक के पिता के मुताबिक, उसकी भाभी यानी दूल्हे की बड़ी मां ने उसकी जान ले ली। घटना उजियारपुर थाना क्षेत्र के बलभद्रपुर गांव की है। मृतक की पहचान मोहम्मद इलियास के बेटे 17 साल के मोहम्मद अली हुसैन के रूप में हुई है। मोहम्मद इलियास ने बताया कि बेटे की शादी गांव में ही रहने वाली लड़की से तय की गई थी। वो मेरी भाभी हसीबुल खातून की बहन की बेटी है। आरोपी महिला नहीं चाहती थी कि उसकी बहन की बेटी हमारे घर में आए। पिता के अनुसार, वो अपने छोटे बेटे को लेकर निकाह के लिए कुछ सामान लाने बाजार गए थे। वहीं मृतक की मां पड़ोसियों के पास गई थी। आरोप है कि महिला ने कोल्ड ड्रिंक में जहर मिलाकर पिलाया है। घटना की जानकारी परिवार को तब हुई, जब मृतक के पिता और छोटा भाई बाजार से खरीदारी कर लौटे। उधर, वारदात के बाद से मृतक की बड़ी मां हसीबुल खातून अपने पति अब्बास और बेटे-बेटी के साथ फरार हो गई।

### दिव्यांग विधवा से हैवानियत, बेटी के सामने रेप

गया. बिहार के गया में दलित समाज की दिव्यांग विधवा के साथ बेटी की मौजूदगी में हैवानियत का खेल खेला गया। रौशनगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में दलित दिव्यांग विधवा महिला से दुष्कर्म की वारदात सामने आई है। मंगलवार रात करीब 10 बजे यह घटना उस वक्त घटी, जब 30 वर्षीय महिला अपनी छह साल की बेटी को शौच कराने के लिए घर से बाहर निकली थी। जानकारी के मुताबिक महिला जब अपने घर से बाहर थी तो बाइक सवार तीन युवक वहां पहुंचे। आरोप है कि उनमें से एक युवक सुधीर कुमार (पिता-मिथिलेश पासवान) ने महिला को जबरन पकड़कर पहाड़ी की ओर ले जाकर दुष्कर्म किया जबकि उनके दो दोस्त देखते रहे। महिला वहीं बेहोश हो गयी। हालांकि पुलिस ने आरोपी युवक गिरफ्तार कर लिया है।

### पाटलिपुत्र यूनिवर्सिटी के कुलपति बने प्रो. उपेंद्र प्रसाद, राजभवन ने जारी की अधिसूचना

पटना. पटना के टीपीएस कॉलेज पूर्व प्राचार्य प्रो. उपेंद्र प्रसाद सिंह को पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय का कलपति बनाया गया है। इस संबंध में गुरुवार को राज्यपाल के प्रधान सचिव रॉबर्ट आर. चोंग्थू ने अधिसूचना जारी कर दी है। उनका कार्यकाल नियुक्ति की तिथि से तीन वर्षों के लिए होगा। बीते 31 मई को वो सेवानिवृत हुए थे। कुलपति चयन समिति द्वारा अनुशंसा के आधार पर अंतिम रूप से प्रो. उपेंद्र प्रसाद सिंह का चयन किया गया है। प्रोफेसर उपेंद्र प्रसाद सिंह आज भी अपने पदभार ग्रहण करेंगे।

टीपएस कॉलेज के पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर उपेंद्र प्रसाद सिंह इसी साल रिटायर हुए थे। कॉलेज में छात्रसंघ की ओर से उनके लिए 'विदाई सह सम्मान समारोह' का आयोजन भी किया गया था। टीपीएस कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो. उपेंद्र प्रसाद सिंह को पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय प्रधानाचार्य संघ का अध्यक्ष भी चुना गया था।

# बीएलओ को गांव में घुसने न दें, पप्पू यादव की लोगों से वोटर रिवीजन बहिष्कार की अपील

पटना. बिहार के पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव ने विधानसभा चुनाव से पहले हो रहे वोटर लिस्ट के स्पेशल इन्टेंसिव रिवीजन यानी मतदाता गहन पुनरीक्षण के पूर्ण बहिष्कार का ऐलान किया है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) या किसी अन्य चुनाव कर्मी को अपने गांवों में घुसने न दें। अगर कोई जबरदस्ती आ भी जाए, तो चाय पानी कराकर विदा कर लें। उन्हें कोई कागजात या जानकारी न दें। सांसद ने मतदाता पुनरीक्षण को एक नौटंकी बताया। पप्पू यादव ने गुरुवार को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए युवा, दलित, अति पिछड़ा समेत सभी समाज के लोगों से यह अपील की। इससे पहले उन्होंने एक अन्य पोस्ट में कहा था कि अगर चुनाव आयोग ने वोटर पुनरीक्षण बंद नहीं किया, तो हम महायुद्ध छेड़ेंगे। उन्होंने लिखा, " हम चुप नहीं रहेंगे। चुनाव आयोग संवैधानिक संस्था है, लेकिन जनता सर्वोपरि है। आयोग जनता की सेवा



के लिए है, लोकतंत्र की रक्षा के लिए है। मगर रक्षक ही भक्षक बन जाए, तो उसका उपचार हम लोग करेंगे।"

पूर्णिया सांसद ने कहा कि मतदाता पुनरीक्षण अभियान असल में बिहार के युवा और गरीब वोटरों को मतदान के अधिकार से वंचित करने का अभियान है। गरीबों को अपनी जन्म तिथि का पता नहीं रहता, तो वे बर्थ सर्टिफिकेट कहां से लाएंगे। जब बच्चों का पूरी तरह से जन्म प्रमाण पत्र नहीं बना हुआ है, तो वे उनके मां-बाप के सर्टिफिकेट





कहां से बने होंगे।

बिहार में आगामी अक्टूबर-नवंबर महीने में विधानसभा चुनाव संभावित है। इससे पहले चुनाव आयोग वोटर रिवीजन के काम में लगा हुआ है। यह कार्य 22 साल बाद किया जा रहा है। इसके तहत घर-घर जाकर वोटरों का सत्यापन किया जा रहा है। 2003 के बाद वोटर लिस्ट में जुड़े नाम के लोगों को अपने पहचान सत्यापित करने के लिए सर्टिफिकेट दिखाना होगा।

चुनाव से चंद महीने पहले किए जा रहे मतदाता पुनरीक्षण से विपक्ष भड़का हुआ है। आरजेडी, कांग्रेस, लेफ्ट समेत अन्य दलों के नेताओं का कहना है कि मॉनसून के समय जब बिहार बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं से त्रस्त रहता है, तब आयोग मतदाताओं का रिवीजन करवा रहा है। इसके लिए महज 25 दिनों का समय दिया गया है। विपक्ष का आरोप है कि इसके जरिए गरीबों का नाम मतदाता सूची से बाहर करने की साजिश है।

### गलत बोल रहे तेजस्वी, 2 साल नहीं 31 दिन में हुआ था 2003 में वोटर लिस्ट रिवीजनः मंगल

बिहार में चुनाव आयोग के मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण यानी स्पेशल इन्टेंसिव रिवीजन पर विपक्ष लगातार सवाल उठा रहा है। इस पर नीतीश सरकार में स्वास्थ्य मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के वरिष्ठ नेता मंगल पांडेय ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव का पलटवार किया है। उन्होंने दावा किया कि साल 2003 में भी सिर्फ 31 दिनों में मतदाताओं का गहन पुनरीक्षण का काम हुआ था। जबकि आरजेडी नेता तेजस्वी यादव यह काम दो साल में होने का दावा कर रहे हैं। मंत्री ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष गलत बयानबाजी कर रहे हैं।

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने गुरुवार को कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा कराए जा रहे गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण के मुद्दे पर तेजस्वी यादव सहित पूरा विपक्ष बिहार के मतदाताओं को गुमराह कर रहा है। लोगों के बीच अफवाह फैलाकर अराजकता पैदा करना विपक्ष का मकसद है। उन्होंने कहा, "नेता प्रतिपक्ष हाय-तौब्बा मचाए हुए हैं कि इतने कम दिनों में पुनरीक्षण का काम कैसे होगा? उनको यह जानकारी होनी चाहिए कि 2003 में भी मात्र 31 दिनों में ही गहन मतदाता पुनरीक्षण का काम संपन्न हुआ था।"

# त्रिशूल से हमला कर 70 साल के बुजुर्ग की हत्याः हिरासत से हथकड़ी समेत आरोपी फरार

बेगूसराय. बेगूसराय में 70 साल के एक किसान की हत्या कर दी गई है। वारदात को एक मंदिर के पास अंजाम दिया गया है। गुरुवार सुबह किसान के शव के पास से जमीन में गड़ा एक त्रिशूल भी पाया गया है। कहा जा रहा है कि हत्या की वारदात को त्रिशूल से ही अंजाम दिया गया है। घटना बखरी थाना क्षेत्र के उजान बाबा स्थान के पास की है। मामले की जानकारी के बाद पुलिस एक आरोपी को हिरासत में लिया, जो हथकड़ी समेत पुलिस हिरासत से फरार हो गया। आरोपी के फरार होने की सूचना के बाद गांव के लोगों ने लाश को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। जाम की सूचना के बाद पुलिस मौके पर लोगों को समझाने पहुंची, लेकिन लोगों का आक्रोश देख पुलिसकर्मी गाड़ी समेत भाग निकले। मृतक की पहचान बखरी बाजार के ही मोरकाही मोहल्ला के रहने वाले राम सुंदर राय के बेटे 70 साल के इंद्रदेव राय उर्फ झावर मोटिया के रूप में की गई



है। सुबह वारदात की जानकारी के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। साथ ही घटनास्थल पर जमीन में गड़े त्रिशूल को भी कब्जे में लेकर पड़ताल के लिए फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया।

पुलिस के मुताबिक और घटनास्थल की सामने आई तस्वीर में लाश के पास जमीन में गाड़े हुए त्रिशूल में खून लगा दिख रहा है। हालांकि, ये खून है या फिर तिलक में यूज किया जाने वाला केसर ये जांच पड़ताल के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। उधर, इंदद्रेव राय के परिजन से पूछताछ के बाद उनकी आशंका पर पुलिस ने 45 साल के टुनटुन सदा उर्फ लफुआ नाम के एक ग्रामीण को हिरासत में लिया था। घटना के संबंध में मृतक के भांजा मंजेश और भतीजा सचिन ने बताया कि इंद्रदेव राय उजान बाबा स्थान के समीप डेरा (मवेशियों के बांधने की जगह) बनाकर रहते थे। 10-12 दिन पहले मंदिर के पास ही कुछ बच्चों के बीच खेलने के दौरान झगड़ा हो गया था। आरोप है कि बच्चों के झगड़े के बीच आरोपी भुट्टू सदा का बेटा टुनटुन सदा उर्फ लफुआ भी कूद पड़ा था। जब ये बात इंद्रदेव राय का भतीजे अमित राय को पता चला तो उसने लफुआ को समझाया और डांटा भी था। इसी दौरान टुनटुन राय उर्फ लफुआ ने देख लेने की धमकी दी थी।

### शादी के 10 दिन बाद पत्नी प्रेमी के साथ फरारः एक लाख रुपए और जेवरात भी ले गई

बेतिया. बेतिया के श्रीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव से शादी के 10 दिन बाद एक विवाहिता अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई है। वह अपने साथ घर में रखे एक लाख रुपए कैश के साथ जेवरात भी ले गई है। मामले में पीड़ित पति की शिकायत पर श्रीनगर थाना की पुलिस ने अपहरण की प्राथमिकी दर्ज की है। पीड़ित ने पुलिस से बताया है कि उसका टेंट का कारोबार है। 10 दिन पहले ही उसकी शादी नौतन थाना क्षेत्र के एक गांव की लड़की से हुई थी। 24 जून 2025 की रात उसकी पत्नी और माता-पिता खाना खाकर सो गए थे। वह अपने काम से गया था। रात करीब 10 बजे जब टेंट हाउस का काम करने के बाद घर आया तो उसकी पत्नी घर से गायब थी। इसके बाद खोजबीन शुरू किया गया। घर में खोजने के बाद पड़ोस के लोगों से बात की, लेकिन कहीं पता नहीं चला। इसके बाद उसने अपने ससुराल में फोन किया। इसके बाद ससुराल वालों ने भी पता लगाना शुरू किया। पता चला कि विवाहिता अपने गांव के ही सरफराज आलम नामक युवक के साथ भाग गई है। अभी वह गांव भी नहीं आई है। इस दौरान जब घर में देखा तो पता चला कि विवाह के दौरान जो आभूषण दिए गए थे वह भी साथ लेकर गई है। पति ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि उसकी पत्नी अपने साथ नथिया, मांगटीका, तवख, हाथशंकर, पायल, मंगलसूत्र लॉकेट व एक लाख रुपये भी साथ लेकर चली गई है। श्रीनगर थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस की जांच अभी प्रेम प्रसंग के बिंदु पर ही चल रही है। इसके लिए आरोपितों के मोबाइल को सर्विलांस पर लगाया गया है।

### महिला को दो बच्चियों के साथ घर से निकालाः बोली-बेटी होने पर ससुराल वाले करते प्रताड़ित

जमुई. जमुई के लक्ष्मीपुर थाना क्षेत्र में एक महिला को दो बेटियों के जन्म देने पर ससुराल वालों ने घर से निकाल दिया। पीड़िता ने बताया कि दो लड़की को जन्म देने पर वे लोग उसके साथ मारपीट करते थे। जिसके बाद पहले दोनों लड़की के भरण पोषण के लिए उसके मायके वालों से दो लाख रुपए की मांग की गई। नहीं देने पर मारपीट कर उसे घर से बाहर निकाल दिया। इतना नहीं बल्कि उसने अपने बेटे को भी पत्नी से तलाक दिलाने का दबाव बनाया। वहीं पीडिता अपने दो छोटी-छोटी बच्ची के साथ गुरुवार को एसपी विश्वजीत दयाल के जनता दरबार में पहुंची। पीड़िता की पहचान हरला महथा टोला गांव निवासी दिलीप दास की पत्नी करिश्मा कुमारी के रूप में हुई है। करिश्मा ने एसपी को बताया कि शादी के बाद उसने दो बेटी को जन्म दिया। इसके बाद उसकी सास अरुणा देवी, ससुर गोविंद दास, देवर रतन दास, ननद सहित अन्य ससुराल वाले लोगों द्वारा पहले उसे प्रताड़ित किया जाने लगा और दोनों बेटी की भरण पोषण के लिए मायके वालों से दो लाख रुपए मांगने को मजबूर करने का आरोप लगाया। जब रुपए नहीं मिले तो मारपीट कर बुधवार को उसे घर से बाहर निकाल दिया। वहीं पीड़ित महिला गुरुवार को समाहरणालय स्थित एसपी कार्यालय में आयोजित होने वाले साप्ताहिक जनता दरबार में पहुंची। जहां पूरे मामले की जानकारी एसपी को देते हुए सुरक्षा और न्याय की गुहार लगाई है। एसपी विश्वजीत दयाल ने भी पीड़िता की बातों को सुना और फोन कर लक्ष्मीपुर थानाध्यक्ष आलोक कुमार को पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

# पटना में निरीक्षण पर निकले नीतीश, दीघा से सोनपुर 6 लेन पुल का जायजा लिया

पटना. बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गुरुवार को राजधानी पटना और आसपास के क्षेत्र में निरीक्षण पर निकले। उन्होंने सड़क मार्ग से पटना के आसपास गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर का जायजा लिया। साथ ही दीघा घाट पर रुककर दीघा से सोनपुर तक बनाए जा रहे नए 6 लेन पुल के निर्माण कार्य को देखा। सीएम ने कहा कि इस पुल के बन जाने से उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच आवागमन और सुगम हो जाएगा। महात्मा गांधी सेतु और जेपी सेतु पर वाहनों का दबाव कम होगा। इसे जेपी सेतु के समानांतर बनाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार सीएम नीतीश कुमार अटल पथ होते हुए जेपी गंगा



पथ पहुंचे। फिर गायघाट तक गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद उन्होंने गंगा के बढ़ते जलस्तर को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों को पूरी तरह अलर्ट रहने को कहा। मुख्यमंत्री ने जेपी गंगा पथ के किनारे किए जा रहे पौधारोपण और सौंदर्यीकरण कार्य का भी जायजा किया और बेहतर ढंग से इसे पूरा करने के निर्देश दिए। इससे पहले गुरुवार सुबह सीएम नीतीश राजभवन पहुंचे। उन्होंने राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से मुलाकात की। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच बिहार के प्रशासनिक और राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा हुई। इस मीटिंग पर सियासी गलियारे में चर्चाओं का दौर भी शुरू हो गया। हालांकि, मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान में इसे औपचारिक मुलाकात बताया गया।

# बिहार पुलिस की नई गाइडलाइन, आर्केस्ट्रा में सेक्स रैकेट चलाने पर ब्लैकलिस्ट होंगे संचालक

पटना. बिहार में आर्केस्ट्रा की आड़ में सेक्स रैकेट चलाने के मामलों पर सरकार सख्त हो गई है। बिहार पुलिस ने आर्केस्ट्रा संचालकों के लिए नई गाइडलाइन जारी की है। इसके तहत आर्केस्ट्रा ग्रुप में नाबालिगों को रखने पर पूरी तरह मनाही होगी। साथ ही आर्केस्ट्रा की आड़ में लड़कियों से देह व्यापार कराए जाने पर संचालकों को ब्लैकलिस्ट किया जाएगा। ऐसा करने वाले संचालकों को दोबारा कभी लाइसेंस नहीं मिलेगा और जेल भी जाना पड़ेगा। बिहार पुलिस मुख्यालय की ओर से इस संबंध में गुरुवार को जानकारी दी गई। एडीजी (कमजोर वर्ग) अमित कुमार जैन ने पटना में मीडिया से बातचीत में कहा कि आर्केस्ट्रा संचालकों को अब एक सर्टिफिकेट देना होगा कि उनकी टीम में कोई भी नाबालिग नहीं है। अगर छापेमारी के दौरान अगर कोई नाबालिग बरामद होता है, तो संचालक जेल जाएंगे। उन्हें ब्लैकलिस्ट किया जाएगा और दोबारा लाइसेंस नहीं मिलेगा। एडीजी ने बताया कि सारण, सीवान, गोपालगंज, बेतिया, रोहतास, मोतिहारी में ऐसे मामले ज्यादा हैं। सभी जिलों के एसपी को गाइडलाइन भेज दी गई है और उसी अनुरूप कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। प्रेस वार्ता के दौरान एडीजी (रेलवे) बच्चू सिंह मीणा ने कहा कि आगामी श्रावणी मेला के दौरान मानव तस्करी के मामलों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। भीड़-भाड़ में ऐसी घटनाएं अधिक होने की संभावना रहती है।

### पटना में सेक्स रैकेट का खुलासा, पकड़े गए कपल्स

पटना में गुरुवार को सैक्स रैकेट का खुलासा हुआ है।एक घर से आपत्तिजनक हालत में पुरुष और महिला पकड़े गए हैं। इसमें महिला संचालिका भी शामिल हैं। सभी पुलिस शास्त्रीनगर थाना पर पूछताछ के लिए लेकर आई है। पुलिस ने मौके से स्कूटी भी बरामद की है। इस पर प्रेस लिखा है। बताया जाता है कि सेक्स रैकेट की संचालिका इस इससे ही आना-जाना करती थी। शास्त्रीनगर थानेदार अमर कुमार ने बताया है कि छापामारी की गई है। संचालिका वॉट्सऐप के जरिए डील करती थी। चुनिंदा और बार बार आने वाले या निजी लोगों के द्वारा भेजे गए लोगों से ही यह डील होती थी। फोटो वगैरह भी व्हाट्सएप अकाउंट के प्रोफाइल पर कस्टमर के लिए सेट कर के दिखाती थी। चॉइस करने पर उससे रुपए की डील फाइनल होती थी। पटना SSP की सेल टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि एनर्जी पार्क के मकान में सेक्स रैकेट का गोरखधंधा चल रहा है।

### शादीशुदा महिला ने 5 साल छोटे बॉयफ्रेंड से की शादी

जमुई. जमुई में चाची-भतीजे की शादी के बाद एक बच्चे की मां ने अपने से 5 साल छोटे बॉयफ्रेंड से मंदिर में शादी की है। बताया जा रहा है दोनों के बीच 5 साल से अफेयर चल रहा था। इस कपल का वीडियो सामने आया है। वीडियो 26 जून 2025 का है। हालांकि, 2 जुलाई यानी बुधवार को शादी का वीडियो सामने आया है। मामला खैरा थाना क्षेत्र का है। बॉयफ्रेंड का नाम भरत है, जो लखीसराय के गोपालपुर का रहने वाला है। वहीं, प्रेमिका अंजलि पश्चिम बंगाल के सीतारामपुर के रहने वाली है। दोनों नानी घर (जमुई के खैरा थाना क्षेत्र) में आए थे। इसी दौरान दोनों की पहली मुलाकात हुई थी। महिला ने बताया कि 'मेरा बच्चा प्रेमी का ही है।' साल 2020 में 21 साल की अंजलि नानी के घर रहने आई थी। इस दौरान 16 साल का भरत भी अपने नानी घर आया था। अंजली गांव के शिव मंदिर में रोजाना पूजा करने जाती थी। एक दिन भरत भी मंदिर में पूजा करने पहुंचा तो अंजली को देखा। इसके बाद वो भी रोजाना पूजा करने आने लगा। फिर दोनों में दोस्ती हुई और दोस्ती प्यार में बदल गई। अंजलि ने बताया, 'मेरा पहला पति अक्सर शराब के नशे में रहता था। वो मेरे साथ मारपीट करता था। ससुराल वालों को भरत के बारे में जानकारी हुई। इसके बाद उन्होंने मुझे एक कमरे में बंद कर दिया। ' 'मुझे लगता था कि एक न एक दिन सब ठीक हो जाएगा। लेकिन, वो नहीं सुधरा।' 'इन सब कारण से मैं बहुत दुखी रहती थी। भरत मुझसे मिलने सीतारामपुर भी आया करता था।'

# चिराग बोले- एनडीए में जल्द होगा सीटों का बंटवाराः मांझी के अनुभवहीन नेता कहने पर बोले- वो हमारे अभिभावक, कुछ भी कह सकते हैं

पटना. लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने गुरुवार को राज्यपाल से मुलाकात की। राजभवन से निकलते हुए उन्होंने बताया कि कुछ अहम राजनीतिक मुद्दों को लेकर उन्होंने राज्यपाल को जानकारी दी है। आगे उन्होंने बताया कि एनडीए में सीटों का बंटवारा बहुत जल्द हो जाएगा। चिराग पासवान ने साल 2020 के बिहार विधानसभा चुनावों का जिक्र करते हुए कहा कि अगर मैं 2020 में एनडीए के





साथ रहता तो राष्ट्रीय जनता दल (राजद) इतनी ज्यादा सीटें नहीं जीतती। वे उसी सीट पर चुनाव जीते जहां हमने उम्मीदवार खड़े किए थे, और वो सीटें दहाई के अंक में भी नहीं जातीं।

### रामविलास पासवान की जयंती पर राज्यपाल से की चर्चा

चिराग पासवान ने बताया कि आगामी 5 जुलाई को स्वर्गीय रामविलास पासवान की जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर भी राज्यपाल से चर्चा की है।

उन्होंने आगे बताया कि वीटो नामक संस्था की गतिविधियों और उसके विस्तार के बारे में राज्यपाल को जानकारी दी गई। यह संस्था कई देशों में काम कर रही है। इसके तहत एक विश्वविद्यालय का भी निर्माण हो रहा है, जिसमें बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट की सोच को प्राथमिकता दी जा रही है। पूर्व मुख्यमंत्री और हम के अध्यक्ष जीतन राम मांझी ने चिराग को अनुभवहीन नेता कहा था, इस पर चिराग ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि मांझी जी हमारे अभिभावक हैं। वह कुछ भी बोल सकते हैं, मुझे कोई आपत्ति नहीं है। मैं उनसे आशीर्वाद लेता रहता हूं। विपक्ष को इन बातों से खुश नहीं होना चाहिए, हम लोग एकजुट हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को घाना के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजे जाने पर चिराग पासवान ने कहा कि हमें गर्व है कि हम ऐसे प्रधानमंत्री के साथ काम कर रहे हैं जिन्हें हर देश में सर्वोच्च सम्मान मिल रहा है। ये पूरे देश के लिए सम्मान की बात है।

# सम्पादकीय

**कोयलांचल संवाद**

रांची, शुक्रवार, 04 जुलाई, 2025

6

www.ksnewsupdates.com


## भारत में क्रोनी पूंजीवाद से लोकतंत्र सरकार भरोसे

भारतीय लोकतंत्र की आत्मा उसकी विविधता, समानता और न्यायप्रिय व्यवस्था में बसती है। पिछले कुछ वर्षों में लोकतंत्र की आत्मा एकाधिकार के खतरनाक रोग से ग्रसित हो चुकी है। क्रोनी पूंजीवाद वह स्थिति है, जब सत्ता और पूंजी का गठजोड़, नीति निर्धारण से लेकर संसाधनों के वितरण लोक तांत्रिक मूल्यों को दरकिनार कर सरकार के सहारे पूंजीवाद खड़ा हो जाता है। भारत में यह बीमारी धीरे-धीरे नहीं, बल्कि योजनाबद्ध तरीके से बड़ी तेजी के साथ फैलाई गई है। बड़े उद्योग पतियों और पूंजीपतियों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है। जब सत्ता कुछ हाथों में कैद हो जाती है। ऐसी स्थिति में लोकतंत्र की परिभाषा बदल जाती है। सत्ता जब तक एक व्यक्ति के इशारे पर संचालित होने लगती है। उस समय कार्यपालिका, न्यायपालिका और विधायिका पर भी एक व्यक्ति का नियंत्रण हो जाने से जिस तरह की स्थिति 1975 में आपातकाल के समय बनी थी। कमोवेश वहीं स्थिति वर्तमान में देखने को मिल रही है। आम नागरिक विशेषकर गरीब, किसान, मजदूर, आदिवासी एवं मध्यम वर्ग हाशिए पर धकेल दिए गया है। किसानों की जमीन विकास के नाम पर जबरन अधिग्रहित की जा रही हैं। जंगलों में रहने वाले आदिवासियों को उनकी पारंपरिक जमीन से उजाड़ा जा रहा है। यह सब तथाकथित 'विकास' के नाम पर किया जा रहा है। सच्चाई यह है, यह विकास कुछ गिने-चुने औद्योगिक घरानों की तिजोरी भरने का माध्यम बन गया है। इसमें केंद्र एवं राज्य सरकारों का समर्थन और मिली भगत है। लोकतंत्र का उद्देश्य जहां सभी को समान अवसर और समान अधिकार देने का था। आज केंद्र एवं राज्य सरकारें दो तरह के नियम बनाती हैं। दो तरह की नीति का निर्माण करती हैं। एक गरीबों के लिए होती है। एक पूंजीपतियों के लिए होती है। केंद्र एवं राज्य सरकारों में पूंजीपतियों के हित सर्वोपरि हो गए हैं। राजनीतिक रसूखदारों और पूंजी पतियों की मिलीभगत से गरीबों की आवाज, सरकार और प्रशासन द्वारा दबाई जा रही है। अब इस खेल में कहीं ना कहीं न्यायपालिका की भी भूमिका दिखने लगी है। न्यायपालिका में भी गरीबों के लिए अलग और अमीरों के लिए अलग नियम और निर्णय देखने को मिल रहे हैं। आम आदमी और मध्यम वर्ग को न तो समय पर न्याय मिल पाता है। न ही सरकारी योजनाओं का लाभ मिल पाता है। उनके भाग्य में केवल चक्कर काटना, तारीख पर तारीख लिखा रहता है। जब सरकारें नीतियां बनाती हैं। उस समय सिर्फ कॉरपोरेट लॉबी से सरकार और उनके अधिकारी सलाह लेते हैं। मजदूर संगठनों, किसान यूनियनों और जिस वर्ग के लिए कानून बनाए जाते हैं, उनको दरकिनार किया जा रहा है। यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर सीधा प्रहार है। मीडिया और डिजिटल प्रचार-तंत्र के जरिए आम जनता को भ्रमित किया जाता है। सही सूचनाएं आम आदमी तक नहीं पहुंच रही है। असली मुद्दों, जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, बेरोजगारी और सामाजिक सुरक्षा से ध्यान हटाने के लिए तरह-तरह के प्रयास किए जाते हैं। पिछले एक दशक में एक पूरी पीढ़ी असमानता और अन्याय के माहौल में बड़ी हो रही है। उसे तरह-तरह की अफीम धर्म राष्ट्रीयता और सपनों के रूप में पिलाई जा रही है। तरह-तरह की नशे में उद्वलित युवा पीढ़ी अपने अच्छे और बुरे का ज्ञान नहीं रहा। ऐसी स्थिति में भारतीय संविधान और लोकतंत्र की जड़ें खोखली होने लगी हैं। अब वक्त आ गया है, क्रोनी पूंजीवाद के इस घातक गठजोड़ पर लगाम लगाई जाए। लोकतंत्र को केवल चुनावी प्रक्रिया तक सीमित नहीं किया जा सकता। चुनाव की निष्पक्षता तथा सभी राजनीतिक दलों को एक समान अवसर मिले। सभी राजनैतिक दल जनता तक अपनी बात जा सकें। पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त टीएन सेशन ने इसका ध्यान रखा था। नीति निर्माण में जब तक सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित नहीं होगी। गरीबों तथा मध्यम वर्ग की आवाज को शासन और प्रशासन में जगह नहीं मिलेगी। भारत का लोकतंत्र दिखावटी ढांचा ही बना रहेगा। असली ताकत सत्ता में बैठे हुए लोगों और पूंजीपतियों के हाथ में है। 1975 में आपातकाल के रूप में सत्ता की ताकत को के भारत की जनता ने 21 माह देखा था। कुछ उसी तरह के हालात क्रोनि पूंजीवाद के चलते पिछले एक दशक मैं आम जनता और मध्यम वर्ग को देखना पड़ रहे हैं। वर्तमान समय में सांसद और विधायक भी अपनी बात सांसद और विधानसभा में नहीं रख पा रहे हैं। इससे ज्यादा खराब स्थिति और क्या होगी। जनता को अपनी लड़ाई लड़ने के लिये स्वयं आगे आना होगा।

## स्वामी विवेकानंदः विचारों के युगदृष्टा, युवाओं के पथप्रदर्शक

स्वामी विवेकानंद सदैव युवाओं के प्रेरणास्रोत और आदर्श व्यक्तित्व के धनी माने जाते रहे हैं, जिन्हें उनके ओजस्वी विचारों और आदर्शों के कारण ही जाना जाता है। वे आधुनिक मानव के आदर्श प्रतिनिधि थे और खासकर भारतीय युवाओं के लिए उनसे बढ़कर भारतीय नवजागरण का अग्रदूत अन्य कोई नेता नहीं हो सकता। 12 जनवरी 1863 को कोलकाता में जन्मे स्वामी विवेकानंद अपने 39 वर्ष के छोटे से जीवनकाल में समूचे विश्व को अपने अलौकिक विचारों की ऐसी बेशकीमती पूंजी सौंप गए, जो आने वाली अनेक शताब्दियों तक समस्त मानव जाति का मार्गदर्शन करती रहेगी। विवेकानंद के बारे में कहा जाता है कि वे स्वयं भूखे रहकर अतिथियों को खाना खिलाते थे और बाहर ठंड में सो जाते थे। मानवता के वे कितने बड़े हितैषी थे, यह उनके इस वक्तव्य से समझा जा सकता है कि भारत के 33 करोड़ भूखे, दरिद्र और कुपोषण के शिकार लोगों को देवी-देवताओं की भांति मंदिरों में स्थापित कर दिया जाए और मंदिरों से देवी-देवताओं की मूर्तियों को हटा दिया जाए। विवेकानंद का व्यक्तित्व कितना विराट था, यह गुरूदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के इस कथन से स्पष्ट हो जाता है कि अगर आप भारत को जानना चाहते हैं तो आप विवेकानंद को पढ़िए। विवेकानंद का कहना था कि मेरी भविष्य की आशाएं युवाओं के चरित्र, बुद्धिमत्ता, दूसरों की सेवा के लिए सभी का त्याग और आज्ञाकारिता, खुद को और बड़े पैमाने पर देश के लिए अच्छा करने वालों पर निर्भर है। युवा शक्ति का आव्हान करते हुए उन्होंने अनेक मूलमंत्र दिए।

वे एक ऐसे महान व्यक्तित्व थे, जिनकी ओजस्वी वाणी सदैव युवाओं के लिये प्रेरणास्रोत बनी रही। विवेकानंद ने देश को सुदृढ़ बनाने और विकास पथ पर अग्रसर करने के लिए हमेशा युवा शक्ति पर भरोसा किया। युवा वर्ग से उन्हें बहुत उम्मीदें थीं और युवाओं की अहम् भावना को खत्म करने के उद्देश्य से ही उन्होंने अपने एक भाषण में कहा भी था कि यदि तुम स्वयं ही नेता के रूप में खड़े हो जाओगे तो तुम्हें सहायता देने के लिए कोई भी आगे नहीं बढ़ेगा। इसलिए यदि सफल होना चाहते हो तो सबसे पहले अपने अहम् का नाश कर डालो। उनका कहना था कि मेरी भविष्य की आशाएं युवाओं के चरित्र, बुद्धिमत्ता, दूसरों की सेवा के लिए सभी का त्याग और आज्ञाकारिता, खुद को और बड़े पैमाने पर देश के लिए अच्छा करने वालों पर निर्भर है। युवा शक्ति का आव्हान करते हुए उन्होंने एक मंत्र दिया था, 'उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत' अर्थात् 'उठो, जागो और तब तक मत रूको, जब तक कि मंजिल प्राप्त न हो जाए।' ऐसा अनमोल मूलमंत्र देने वाले स्वामी विवेकानंद ने सदैव अपने क्रांतिकारी और तेजस्वी विचारों से युवा पीढ़ी को ऊर्जावान बनाने, उसमें नई शक्ति एवं चेतना जागृत करने और सकारात्मकता का संचार करने का कार्य किया। युवा शक्ति का आव्हान करते हुए स्वामी विवेकानंद ने अनेक मूलमंत्र दिए, जो देश के युवाओं के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। उनका कहना था, ''ब्रह्मांड की सारी शक्तियां पहले से ही हमारी हैं। वो हम ही हैं, जो अपनी आंखों पर हाथ रख लेते हैं और फिर रोते हैं कि कितना अंधकार है। मेरा विश्वास युवा पीढ़ी में है, आधुनिक पीढ़ी से मेरे कार्यकर्ता आ जाएंगे। डर से भागो मत, डर का सामना करो। यह जीवन अल्पकालीन है, संसार की विलासिता क्षणिक है लेकिन जो दूसरों के लिए जीते हैं, वे वास्तव में जीते हैं। जो भी कार्य करो, वह पूरी मेहनत के साथ करो। दिन में एक बार खुद से बात अवश्य करो, नहीं तो आप संसार के सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति से मिलने से चूक जाओगे। उच्चतम आदर्श को चुनो और उस तक अपना जीवन जीयो। सागर की तरफ देखो, न कि लहरों की तरफ। महसूस करो कि तुम महान हो और तुम महान बन जाओगे। काम, काम, काम, बस यही आपके जीवन का उद्देश्य होना चाहिए। धन पाने के लिए कड़ा संघर्ष करो पर उससे लगाव मत करो। जो गरीबों में, कमजोरों में और बीमारियों में शिव को देखता है, वो सच में शिव की पूजा करता है। पृथ्वी का आनंद नायकों द्वारा लिया जाता है, यह अमोघ सत्य है, अतः एक नायक बनो और सदैव कहो कि मुझे कोई डर नहीं है। मृत्यु तो निश्चित है, एक अच्छे काम के लिए मरना सबसे बेहतर है। कुछ सच्चे, ईमानदार और ऊर्जावान पुरुष और महिलाएं एक वर्ष में एक सदी की भीड़ से अधिक कार्य कर सकते हैं। विश्व एक व्यायामशाला है, जहां हम

## बेरहम बरसात का कहर खौफनाक मंजर कब थमेगा

> बारिश की तबाही से अब तक दो दर्जन लोगों की जान जा चुकी है और यह कहर जारी है। गत वर्ष भी ऐसे हादसों से हिमाचल में तबाही हुई थी। गत वर्ष शिमला में भूस्खलन होने से 4 लोगों की दबकर मौत हो गई थी और कुमारसैन में दो मजदूरों की मौत हो गइ थीं। नालागढ़ में भी मकान पर डंगा गिरने से 5 लोगों की दर्दनाक मौत हो गइ थीं। गत वर्ष लाहौल स्पीति में करीब 2000 पर्यटक फंसे थे। प्रदेश में हर जिला में लोगों के कच्चे व पक्के मकान जमींदोज हो रहे है। कुल्लु ,मण्डी व किन्नौर में भी काफी नुक्सान हुआ है। प्रकृति ने एक बार फिर अपना तांड़व मचाया है। कही फिर से पहाड़ का मलवा न आ जाए लोग खौफ के साए में राते काट रहे हैं।

नरेन्द्र भारती

बेरहम बरसात हिमाचल को गहरे व अमिट जख्म दे रही है जख्म तो भर जाएंगें मगर निशान अमिट रहेगें। हिमाचल में किन्नौर से लेकर भरमौर तक बरसात का कहर जारी है। 56 लोग लापता हैं और 19 लोगों की मौत हो चुकी है सैंकडों लोग असमय ही काल के गाल में समा गए। देवभूमि में प्रकृति ने काफी खौफनाक तांडव हो रहा है। कुल्लू के बंजार मे 250 सैलानी को सुरक्षित निकाल दिया। प्रदेश में.245 सड़के बंद हो चुकी हैं और 918 बिजली के ट्रांसफार्मर ध्वत हो चुके हैं 683 पेयजल योजनाएं तबाह हो गई हैं।जून महीने से ही यह बरसात शुरू हो गई है। बरसात ने खौफनाक रौद्र रुप दिखा रही है। बरसात जिंदगियां लील रही है। सैंकडों लोग मौत के आगोश में समा चुके है। आशियाने जमींदोज हो रहे हैं। 30 जून 2025 की काली और खौफनाक रात को गोहर के सयाँज मे बादल फटने से परिवार के नौ लोग जमीदोज हो गए हैं। करसोग मे भी तीन लोगों की मौत हो गईं है चारों तरफ तबाही की इबारत लिखी जा रही है अभी तो जुलाई और अगस्त महीने मे पता नहीं कितने लोगों को प्रकृति मौत की गोद सुला देगी प्रकृति के इस खौफ से जनमानस खौफजदा है।कुल्लू के सेंज गाँव मे चार दिन पहले बादल फटा था जिसमें बाप बेटी की दर्दनाक मौत हो गई थी। गत वर्ष 26 सितबर को रोनहाट में आधी रात को भूस्खलन होने से एक घर दब गया और उसमें छह लोगों की मौत हो गई थी दबने वालों में चार बच्चे व पति पत्नी थे। यह बहुत ही दर्दनाक हादसा हुआ। 24 घंटों में 16 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। 20 अगस्त 2022 की रात को हिमाचल के लोग कभी नहीं भूल पाएंगें। 20 अगस्त को मंडी के गोहर के काशन में एक मकान जमींदोज हो गया था जिसमें एक ही परिवार के आठ लोग जिंदा दफन हो गए थे। एक घर से जब आठ अर्थियां उठी थी तो कायनात कांप उठी थी। बरसात का ऐसा कहर 2018 में हुआ था। चार साल बाद बरसात ने लोगों को एक बार फिर रौद्र रुप दिखाकर तबाही का मंजर दिखाया। बरसात में कहीं भूस्खलन हो रहा था तो कहीं पहाड़ दरक रहे थे। इस विनाशकारी प्रकृति के कहर से जनमानस खौफजदा था। प्रदेश की संडकें धंस रही थी। गांड़ियां फिसल रही थी। भांबला में खुडडी नाला में एक युवक तेज बहाव में बह गया था मगर लोगों ने बह रहे युवक को 200 मीटर दूर बचा लिया था। युवक की स्कूटी नाले में बह गइ थीं। आनी में भी भूस्खलन से श्रध्द्वालुओं की कार पर पत्थर गिरने से हादसा हो गया भूस्खलन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और तीन लोग घायल हो गए थे। मवेशी व बकरियों की दबने से मौतें हो रही है। गौशाला गिरने से 2 मवेशियों व 20 बकरियों की दर्दनाक मौत हो गइ थीं। मणिकर्न में पिछले दिनों बादल फटने से काफी तबाही हुई थी कुछ लोग लापता हो गए थे। मानसून का कहर लोगों को मौत बांट रहा है। हिमाचल प्रदेश को अब तक करोडों का नुक्सान हो चुका है। मानसून के कारण हुई दुर्घटनाओं में अब तक काफी लोग अपनी जान गंवा चुके है व लोग घायल हुए हैं। मौतों से हर हिमाचली गमगीन है। भूस्खलन व बरसात के कहर से प्रदेश में अब तक काफी लोग मारे जा चुके हैं। गत वर्ष 25 जुलाई को किन्नौर जिला में भूस्खलन की चपेट में आने के कारण 9 पर्यटकों की दर्दनाक मौत हो गई थी जबकि तीन गभीर रुप से घायल हो गए थे। चार दिन पहले भरमौर में भी भूस्खलन के कारण कार दब गई भी और एक ही परिवार के चार लोग मारे गए थे। बारिश की तबाही से अब तक दो दर्जन लोगों की जान जा चुकी है और यह कहर जारी है। गत वर्ष भी ऐसे हादसों से हिमाचल में तबाही हुई थी। गत वर्ष शिमला में भूस्खलन होने से 4 लोगों की दबकर मौत हो गई थी और कुमारसैन में दो मजदूरों की मौत हो गइ थीं। नालागढ़ में भी मकान पर डंगा गिरने से 5 लोगों की दर्दनाक मौत हो गइ थीं। गत वर्ष लाहौल स्पीति में करीब 2000 पर्यटक फंसे थे। प्रदेश में हर जिला में लोगों के कच्चे व पक्के मकान जमींदोज हो रहे है। कुल्लु ,मण्डी व किन्नौर में भी काफी नुक्सान हुआ है। प्रकृति ने एक बार फिर अपना तांड़व मचाया है। कही फिर से पहाड़ का मलवा न आ जाए लोग खौफ के साए में राते काट रहे हैं। इससे पहले हिमाचल में प्रकृति के कहर से हजारों लोग मारे जा चुके हैं। बरसात में प्रदेश में कई भीषण त्रासदियां हो चूकी है। कहीं मकानों के ढहने से बच्चे मारे गए तो कहीं सैंकडों पशुओं की दबकर मौत हो गइ थीं। दर्जनों लोग पानी में बह गए और करोडों की संपति तबाह हो गई। पहाड के मलवे की चपेट में आने से काफी जानमाल का नुक्सान हो रहा है। प्रकृति की इस विभिषिका में हजारों लोग अपंग हो गए है बच्चे अनाथ हो जाते है लाशे मलवे में दफन हो गई है। किन्नौर में पहाड़ दरकने से लोग खौफजदा हैं। कहते है कि प्राकृतिक आपदाओं को रोक तो नहीं सकते परन्तु अपने विवेक व ज्ञान से अपने आप को सुरक्षित कर सकते है। हादसों व आपदाओं से न तो लोग सबक सीखते है और न ही सरकारें सबक सीखती हैं। कुछ दिन सरकारी अमला औपचारिकता निभाता है और उसके बाद अगली घटना तक कोई कारगर उपाय नहीं किए जाते। सरकारो को इस आपदाओं पर मंथन करना चाहिए तथा शिविर लगाकर महानगरों, शहरों व गांवो के लोगों को जागरुक किया जाए। तभी तबाही से बचा सकता है। देश में प्राकृतिक आपदाओं का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। प्रकृति का कहर अनमोल जिन्दगीयां लील रहा है। हर राज्य में बरसात से त्रासदी हो रही है। भीषण बाढ़ के चलते आधे से ज्यादा इस बारिश में अब तक दर्जनों लोगों की असमय मौत हो चूकी है। हिमाचल में भी बरसात का कहर रौद्र रुप दिखा रहा है। पिछले साल बिलासपुर में भी एक पहाड़ी के दरकने से लोग बाल-बाल बच गए थे। अगर यह मलवा लोगों पर गिरा होता तो न जाने कितने घरों के चिराग बूझ जाते। इससे पहले 2017वर्ष की12 अगस्त की रात को कोटरोपी में प्रकृति ने अपना रौद्र रुप दिखाकर ऐसी खौफनाक तबाही मचाई थी की रौगटे खडे हो गए थे। कोटरोपी में हुए इस हादसे ने पूरे हिमाचली समुदाय को झझकोर दिया था। पल भर में लाशों के ढेर लग गए लाशों का ढांपने के लिए कफन कम पड़ गए थे। मौत का यह मंजर सदियों तक याद रहेगा। 12 अगस्त 2017 काली रात को कोटरोपी में प्रकृति का कहर सैकडों अनमोल जिंदगियां लील गया था। पठानकोट -मंडी नेशनल हाईवे 154 के कोटरोपी में चलती बसों पर पहाड़ गिरने से 48 लोगों की दर्दनाक मौत से हर हिमाचली गमगीन था। 12 अगस्त की काली रात को प्रकृति ने ऐसा कहर मचाया की पल भर में यात्रियों को मौत की नींद सुला दिया था। यात्रियों ने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि कोटरोपी में मौत उनका इंतजार कर रही है। पहाड़ गिरने से चंबा से मनाली तथा मनाली से कटडा जा रही दो बसें दब गई थी। सैंकडों यात्री जमीदोज हो गए। बसों में लाशे क्षत-विक्षत हो चुकी थी।

## देश में नशे के सौदागरों का बढ़ता जाल

> नशा केवल शरीर को नहीं, आत्मा को भी मारता है। यह निर्णय क्षमता को खत्म करता है, रिश्तों को तोड़ता है, अपराध को जन्म देता है और समाज में हिंसा और उदासी का माहौल फैलाता है। नशे की लत में पड़ा व्यक्ति अपने परिजनों के लिए बोझ बन जाता है। वह चोरी करता है, झूठ बोलता है, आत्महत्या तक कर लेता है। यह एक मात्र स्वास्थ्य या क़ानून व्यवस्था की समस्या नहीं है—यह नैतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संकट है। माफिया नेटवर्क में पुलिस और राजनीतिक संरक्षण की बात करना कोई षड्यंत्र नहीं है, बल्कि कई बार कोर्ट और जांच एजेंसियों के रिकॉर्ड में यह स्पष्ट रूप से सामने आ चुका है।

डॉ. सत्यवान सौरभ

भारत में नशे का संकट अब व्यक्तिगत बुराई नहीं, बल्कि राष्ट्रीय आपदा बन चुका है। ड्रग माफिया, तस्करी, राजनीतिक संरक्षण और सामाजिक चुप्पी—सब मिलकर युवाओं को अंधकार में ढकेल रहे हैं। स्कूलों से लेकर गांवों तक नशे की जड़ें फैल चुकी हैं। यह सिर्फ स्वास्थ्य नहीं, सोच और सभ्यता का संकट है। समाधान केवल कानून से नहीं, बल्कि सामूहिक चेतना, संवाद, शिक्षा और सामाजिक नेतृत्व से आएगा। अगर आज हम नहीं जगे, तो कल हम एक खोई हुई पीढ़ी का मातम मनाएंगे।

भारत आज एक दोहरी लड़ाई लड़ रहा है—एक तरफ तकनीक और विकास की उड़ान है, और दूसरी ओर समाज के भीतर नशे का अंधकार फैलता जा रहा है। नशा अब सिर्फ एक व्यक्तिगत बुराई नहीं रह गया, बल्कि यह एक संगठित उद्योग, एक अंतर्राष्ट्रीय षड्यंत्र और एक सामाजिक महामारी का रूप ले चुका है। देश के गाँव से लेकर शहर तक, स्कूलों से लेकर कॉलेजों तक, और अमीरों की पार्टियों से लेकर गरीबों की गलियों तक, नशे के सौदागर अपना जाल फैलाए बैठे हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि अब यह जाल केवल शराब या गांजे तक सीमित नहीं रहा। सिंथेटिक ड्रग्स, केमिकल नशे, हेरोइन, ब्राउन शुगर, कोकीन जैसे घातक पदार्थ अब भारत के युवाओं के जीवन को खोखला कर रहे हैं। पंजाब, हरियाणा, महाराष्ट्र, दिल्ली, मणिपुर, गोवा जैसे राज्यों में तो यह जहर सामाजिक ताने-बाने को चीर चुका है। एक ओर सरकार युवाओं को स्किल्ड बनाने की बात करती है, दूसरी ओर लाखों नौजवान नशे की गिरफ्त में अपनी ऊर्जा, जीवन और भविष्य गंवा रहे हैं। नशे के पीछे एक पूरा तंत्र सक्रिय है—पैसे के लिए इंसानियत का सौदा करने वाले ड्रग माफिया, पुलिस और राजनीति में मिलीभगत, विदेशों से आने वाली तस्करी की खेप, और स्थानीय स्तर पर युवाओं को इस दलदल में धकेलने वाले एजेंट। ये सब मिलकर देश को अंदर से खोखला कर रहे हैं। यह कोई संयोग नहीं कि हर बड़ी ड्रग बरामदगी के पीछे किसी न किसी रसूखदार का नाम सामने आता है, लेकिन मामला वहीं दबा दिया जाता है। एक वर्ग ऐसा भी है जो नशे को लाइफस्टाइल का हिस्सा मानने लगा है। ऊंचे दर्जे की पार्टियों में ड्रग्स फैशन बन चुकी है। वहां कोई इसे सामाजिक अपराध नहीं मानता, बल्कि 'कूलनेस' का प्रतीक बना दिया गया है। वहीं दूसरी तरफ गरीब युवा—जो बेरोजगारी, हताशा और टूटी हुई उम्मीदों के शिकार हैं—उन्हें नशा एक अस्थायी राहत की तरह दिखता है। दोनों ही हालात समाज को विनाश की ओर ले जा रहे हैं। स्कूलों और कॉलेजों में नशा जिस तरह से प्रवेश कर चुका है, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए एक गहरी चेतावनी है। कई रिपोर्टें बताती हैं कि स्कूल के बच्चे तक ड्रग्स की चपेट में हैं। छोटे-छोटे पाउच, चॉकलेट जैसे पैकेट्स, खुशबूदार पाउडर—इनके ज़रिए नशा परोसा जा रहा है। और जब बच्चे इसकी गिरफ्त में आते हैं, तो परिवार, शिक्षक और समाज—सभी असहाय हो जाते हैं। भारत के संविधान ने हमें एक 'स्वस्थ राष्ट्र' का सपना दिया था, लेकिन जिस देश के युवा ही बीमार और नशे में हों, उस राष्ट्र की कल्पना कैसे साकार होगी? युवा ही देश की रीढ़ होते हैं—यदि वही झुक जाएं, टूट जाएं या खोखले हो जाएं, तो देश भी खड़ा नहीं रह सकता।

नशा केवल शरीर को नहीं, आत्मा को भी मारता है। यह निर्णय क्षमता को खत्म करता है, रिश्तों को तोड़ता है, अपराध को जन्म देता है और समाज में हिंसा और उदासी का माहौल फैलाता है। नशे की लत में पड़ा व्यक्ति अपने परिजनों के लिए बोझ बन जाता है। वह चोरी करता है, झूठ बोलता है, आत्महत्या तक कर लेता है। यह एक मात्र स्वास्थ्य या क़ानून व्यवस्था की समस्या नहीं है—यह नैतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संकट है। माफिया नेटवर्क में पुलिस और राजनीतिक संरक्षण की बात करना कोई षड्यंत्र नहीं है, बल्कि कई बार कोर्ट और जांच एजेंसियों के रिकॉर्ड में यह स्पष्ट रूप से सामने आ चुका है। NDPS एक्ट (NARCOTIC DRUGS AND PSYCHOTROPIC SUBSTANCES ACT) जैसे कानून मौजूद हैं, लेकिन इनका क्रियान्वयन बेहद कमजोर और पक्षपाती है। कई मामलों में पकड़ में आए ड्रग तस्करों को तकनीकी खामियों के चलते छोड़ दिया जाता है। वहीं गरीब या छोटे उपयोगकर्ता जेल में सड़ते हैं। सरकारें अक्सर ड्रग्स के खिलाफ जागृति अभियान, स्लोगन प्रतियोगिता, या परेड जैसे प्रतीकात्मक कार्यक्रम करती हैं, लेकिन सवाल है कि क्या इससे कुछ बदलता है? ज़रूरत है एक मजबूत नीति, ईमानदार क्रियान्वयन और सबसे बड़ी बात—राजनीतिक इच्छाशक्ति की। नशे की तस्करी अक्सर सीमावर्ती इलाकों से होती है—पंजाब-पाकिस्तान सीमा, मणिपुर-म्यांमार सीमा, गुजरात समुद्री तट और मुंबई बंदरगाह जैसे स्थानों से। इन इलाकों में हाई अलर्ट की जरूरत है, लेकिन अक्सर सुरक्षा तंत्र या तो लापरवाह होता है या भ्रष्ट। पिछले कुछ वर्षों में टनों की मात्रा में ड्रग्स पकड़े जाने के बावजूद, ड्रग लॉर्ड्स पर कार्यवाही न के बराबर हुई है। इससे अपराधियों का मनोबल और बढ़ता है। इसमें मीडिया की भूमिका भी कमज़ोर रही है। कुछ चुनिंदा मामलों में मीडिया टीआरपी के लिए ड्रग्स ड्रामा दिखाता है, लेकिन अधिकतर समय वह इस गंभीर मुद्दे को उपेक्षित छोड़ देता है। और जब बॉलीवुड जैसी चमकती दुनिया में ड्रग्स की चर्चा होती है, तो उसे भी 'गॉसिप' बना दिया जाता है, असल सामाजिक विमर्श नहीं। इस पूरे संकट का सबसे दुखद पहलू यह है कि इससे जुड़ा व्यक्ति अकेला नहीं मरता—उसके साथ पूरा परिवार, और धीरे-धीरे एक पीढ़ी मुरझा जाती है। मां-बाप अपनी औलाद को नशे में खोते हैं, भाई-बहन रिश्तों की राख में बदल जाते हैं, और गांव-शहर अपने युवाओं को खोकर बस मौन शोक में डूब जाते हैं।

## संवेदना से सशक्तिकरण तकः भारतीय नारी की विकास-यात्रा!

सोनम लववंशी

भारत की आत्मा नारी शक्ति में बसती है। एक सशक्त नारी सिर्फ परिवार नहीं, पूरी पीढ़ियों का भविष्य गढ़ती है। बीते 11 वर्षों में जब भारत ने तेज़ी से तरक्की की दिशा में कदम बढ़ाए, तब केंद्र में महिलाओं को सिर्फ लाभार्थी नहीं, विकास की भागीदार बनाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शासन की दिशा और दृष्टि में एक मौलिक परिवर्तन हुआ। महिलाओं को 'वोट बैंक' नहीं, 'विकास भागीदार' माना गया। यह बदलाव नीतियों में भी दिखा, और ज़मीनी सच्चाई में भी। सबसे पहले बात गरिमा की करें तो 12 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण महज स्वच्छता अभियान नहीं था, यह महिलाओं की अस्मिता और सुरक्षा की रक्षा थी। वर्षों से गांव की महिलाएं सूरज डूबने और उगने के समय का इंतजार करती थीं, अब उनके लिए हर घर में सम्मान की जगह बनी। उज्ज्वला योजना के माध्यम से 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिली। यह सिर्फ एलपीजी कनेक्शन नहीं था, यह स्वास्थ्य, समय और सुरक्षा की सौगात थी। एक मां अब बिना जलन के, बिना खांसी के, बच्चों के लिए खाना बना सकती है। यह बदलाव दिखाई भी देता है और महसूस भी होता है। जहां गरिमा है, वहां आत्मविश्वास पनपता है। मोदी सरकार ने महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए जन-धन योजना के तहत करोड़ों बैंक खाते खोले। इन खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण से महिलाओं के हाथ में पहली बार सीधा पैसा आया। यह बदलाव सिर्फ खाते में रकम आने तक सीमित नहीं रहा, इससे महिलाओं को घर की आर्थिक गतिविधियों में हिस्सेदारी मिली। वे अब निर्णयकर्ता बनीं, न कि सिर्फ दर्शक। महिलाओं के लिए स्वरोजगार और उद्यमिता के रास्ते भी खोले गए। मुद्रा योजना के अंतर्गत 70 फीसदी से अधिक ऋण महिलाओं को दिए गए। छोटे-छोटे व्यवसायों, कुटीर उद्योगों और सेवाओं में महिलाओं ने अपने कदम जमाए। वे अब दुकानदार, कारीगर, बुटीक मालिक, सब्जी विक्रेता ही नहीं, स्टार्टअप की नींव रखने वाली नई पीढ़ी बन चुकी हैं। यह आर्थिक सशक्तिकरण एक सामाजिक क्रांति की बुनियाद है। शिक्षा के मोर्चे पर 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' महज एक नारा नहीं रहा, यह एक सामाजिक चेतना का आंदोलन बना। हरियाणा जैसे राज्यों में जहां बालिका जन्म अनुपात बेहद खराब था, वहां सुधार के स्पष्ट संकेत मिले। स्कूलों में लड़कियों की भागीदारी बढ़ी। उच्च शिक्षा, इंजीनियरिंग, मेडिकल और रक्षा सेवाओं तक बेटियों की पहुंच बढ़ी। जब बेटियां आसमान छूने लगती हैं, तभी राष्ट्र की उड़ान संभव होती है। महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान पर भी सरकार ने अनेक संवेदनशील निर्णय लिए। तीन तलाक पर कड़ा कानून बनाकर करोड़ों मुस्लिम बहनों को एक ऐतिहासिक अन्याय से मुक्त किया गया। यह फैसला सिर्फ कानूनी नहीं था, यह सामाजिक साहस और संवेदनशीलता का प्रतीक था। महिला हेल्पलाइन, वन स्टॉप सेंटर, फास्ट ट्रैक कोर्ट्स, और साइबर सुरक्षा के अभियान यह दिखाते हैं कि सरकार संवेदना के साथ, संकल्प से काम कर रही है। राजनीति और नेतृत्व में भी महिलाओं को आगे लाने की प्रतिबद्धता को पूरी गंभीरता से निभाया गया। संसद में 33 प्रतिशत आरक्षण के लिए महिला आरक्षण बिल पास हुआ। यह लोकतंत्र में नारी भागीदारी का नया अध्याय है। आज देश की राष्ट्रपति एक आदिवासी महिला हैं, जो इस बदलाव की सबसे बड़ी प्रतीक हैं। ग्राम पंचायतों से लेकर संसद तक, महिलाओं की आवाज़ पहले से अधिक सशक्त और निर्णायक हुई है। सरकारी योजनाओं की डिलीवरी व्यवस्था में भी महिलाओं को केंद्र में रखा गया। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से लाखों ग्रामीण महिलाओं को सशक्त किया गया। ये समूह अब केवल बचत या ऋण की सीमाओं में नहीं हैं। वे डेयरी, कृषि, बागवानी, जैविक उत्पादों, सिलाई और डिज़ाइनिंग जैसे क्षेत्रों में कार्यरत हैं। ये महिलाएं अब अपने गांव की अर्थव्यवस्था का इंजन बन चुकी हैं। सखी मंडलों ने ग्रामीण भारत में महिला नेतृत्व का नया मानक गढ़ा है। डिजिटल इंडिया ने भी महिला

# योगी आदित्यनाथ की बायोपिक का नाम 'अजेय' रखा गया, टीजर रिलीज

**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री **योगी आदित्यनाथ** भारतीय राजनीति का एक प्रभावशाली और महत्वपूर्ण नाम हैं। कुछ महीनों पहले उनकी जिंदगी पर आधारित एक बायोपिक फिल्म की घोषणा की गई थी, जिसकी पहली झलक भी सामने आ चुकी थी। अब इस बायोपिक का नाम **'अजेय'** रखा गया है और इसका टीज़र भी आधिकारिक रूप से रिलीज कर दिया गया है। इसके साथ ही फिल्म की रिलीज डेट का भी ऐलान कर दिया गया है, जिससे दर्शकों में इस फिल्म को लेकर उत्सुकता और बढ़ गई है।




योगी आदित्यनाथ पर आधारित बायोपिक फिल्म 'अजेय' का टीज़र रिलीज कर दिया गया है, जो 1 मिनट 16 सेकंड लंबा है। टीज़र में योगी आदित्यनाथ के संत से मुख्यमंत्री बनने तक के सफर की झलक दिखाई गई है, जो बेहद प्रभावशाली अंदाज़ में प्रस्तुत की गई है। 'अजेयः द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ ए योगी' के टीज़र की शुरुआत योगी आदित्यनाथ की दमदार आवाज से होती है, वे कहते हैं, "मुझे नेताओं की तरह बात करना नहीं आता। वो कहते हैं, ये तो एक योगी है, ये हमारा क्या बिगाड़ लेगा। मगर वो भूल जाते हैं, चाणक्य भी एक योगी थे, भगवान परशुराम भी योगी थे। आज ये योगी एक प्रण लेता है, आप सबको एक भयमुक्त प्रदेश देने के लिए मैं माफियों को उनके घुटनों पर लाकर, उनसे माफी मंगवाऊंगा।" इस पावरफुल डायलॉग के साथ ही टीज़र में योगी आदित्यनाथ के व्यक्तित्व की प्रभावशाली झलक देखने को मिलती है। उनके त्याग, संकल्प और नेतृत्व की झलक फिल्म के हर फ्रेम में दिखाई देती है, जिससे यह बायोपिक पहले ही चर्चा में आ गई है।

इस फिल्म में योगी आदित्यनाथ की भूमिका में '12वीं फेल' फेम एक्टर अनंत जोशी नजर आएंगे। टीजर में अनंत जोशी का शानदार लुक देखा जा सकता है। इसके अलावा फिल्म 'अजेय' में परेश रावल और मशहूर भोजपुरी एक्टर निरहुआ अहम भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म 'अजेय' में योगी आदित्यनाथ की जीवन यात्रा को दिखाया जाएगा। यह फिल्म शांतनु गुप्ता की बेस्टसेलिंग किताब 'द मॉन्क हू बिकेम चीफ मिनिस्टर' पर आधारित है। फिल्म का निर्देशन रविंद्र गौतम ने किया है। यह फिल्म 1 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।







# बॉक्स ऑफिस पर नहीं रुकी 'सितारे जमीन पर' की उड़ान




*आमिर खान की फिल्म 'सितारे जमीन पर' को रिलीज़ हुए 10 दिन पूरे हो चुके हैं। 20 जून को सिनेमाघरों में आई इस फिल्म ने पहले दिन से ही दर्शकों का दिल जीत लिया है और बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है। काजोल की फिल्म 'मां' के सिनेमाघरों में दस्तक देने के बावजूद 'सितारे जमीन पर' अपनी पकड़ मजबूत बनाए हुए है।*

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक आमिर खान की फिल्म 'सितारे ज़मीन पर' ने रिलीज के 12वें दिन यानी दूसरे मंगलवार को लगभग 4 करोड़ रुपये की कमाई की है। इसके साथ ही फिल्म का भारत में कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 130.40 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। फिल्म को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है, हालांकि इसका सीधा मुकाबला काजोल की इमोशनल ड्रामा फिल्म 'मां' और विष्णु मांचू की पौराणिक एक्शन फिल्म 'कन्नप्पा' से हो रहा है, जो इस समय सिनेमाघरों में चल रही हैं। इसके बावजूद 'सितारे ज़मीन पर' ने अपनी पकड़ बनाए रखी है और यह फिल्म आमिर खान के लिए एक शानदार कमबैक साबित हो रही है।

'सितारे जमीन पर' में पहली बार आमिर खान और जेनेलिया डिसूजा की जोड़ी सिल्वर स्क्रीन पर नजर आई है। फिल्म में जेनेलिया ने आमिर की पत्नी सुनीता की भूमिका निभाई है, जबकि आमिर एक बदनाम बास्केटबॉल कोच गुलशन के किरदार में दिखाई दे रहे हैं। इस फिल्म की कहानी डाउन सिंड्रोम पर आधारित है और इसे आरएस प्रसन्ना ने निर्देशित किया है। आमिर खान ने इस प्रोजेक्ट को अपनी पूर्व पत्नी किरण राव के साथ मिलकर प्रोड्यूस किया है।

# बच्चों को इस प्रकार अनुशासित करें

*बच्चों के सुनहरे भविष्य के लिए उनमें अनुशासन का भाग जगाना भी जरुरी है। इसलिए उसे प्यार देने के साथ ही थोड़ी बहुत सख्ती भी जरुरी है। इससे बच्चा सही और गलत का अंतर कर सकता है। इसलिए बच्चा अगर कभी भी अनुशासन तोड़ता है तो उसके सजा देना भी जरुरी है ताकि वह अपनी गलती समझ सके। हां यह सजा ज्यादा कठिन नहीं होनी चाहिये। यदि आप चाहते हैं कि बच्चे के साथ संबंध बेहतर बनाए रहते हुये, संयम के साथ, कैसे उसे अनुशासित किया जाये, तो बस आपको कुछ अपाय करने होंगे।*



अपने बच्चे को स्वाभाविक परिणामों के बारे में शिक्षा दीजिये। अपने बच्चे को उसके बुरे व्यवहार के स्वाभाविक परिणामों के संबंध में समझा कर आप उससे होनी वाली निराशा की जानकारी दे सकते हैं और उसे बता सकते हैं कि उसका बुरा व्यवहार उसे दुखी कर सकता है जिससे उसे पछतावा होगा। कठिन परिस्थितियों में से उसे निकालने के स्थान पर, बच्चे को उसके नकारात्मक कृत्यों से स्वयं ही निबटने दीजिये। स्वाभाविक परिणामों को समझने के लिए, बच्चे को कम से कम छः वर्ष का होना चाहिए।

यदि बच्चा कोई खिलौना तोड़ देता है या वह उसे धूप में छोड़ कर नष्ट कर देता है, तब एकदम उसे नया खिलौना मत दिलवाइए। बच्चे को कुछ समय तक बिना खिलौने के रहने दीजिये, और उससे बच्चा अपनी चीजों की ठीक से देखभाल करना सीख जाएगा। बच्चे को ज़िम्मेदारी की शिक्षा दीजिये। यदि बच्चा अपना गृहकार्य टीवी देखने के कारण नहीं कर पाया है तो उसका गृहकार्य पूरा कराने में उसकी मदद करने के स्थान पर, बच्चे को बुरे ग्रेड से उत्पन्न होने वाली निराशा का सामना करने दीजिये।

यदि बच्चे को अपने बुरे व्यवहार के कारण किसी पार्टी में नहीं निमंत्रित किया गया है, तब उसे यह समझ में आने दीजिये कि यदि उसका व्यवहार उस बच्चे के साथ कुछ और होता तब उसे निमंत्रित किया जा सकता था।

अपने बच्चे को तर्कसंगत परिणामों की शिक्षा दीजिये। तर्कसंगत परिणाम वे परिणाम होते हैं जो आप के अनुसार बच्चे के बुरे व्यवहार के परिणामस्वरूप उत्पन्न होंगे। इनको सीधे सीधे बच्चे के व्यवहार से सम्बद्ध होना चाहिए ताकि बच्चा, भविष्य में उनको नहीं करने की शिक्षा प्राप्त कर सके। हर प्रकार के बुरे व्यवहार का तर्कसंगत परिणाम होना चाहिए, और परिणाम समय से पहले ही बता दिये जाने चाहिए।

यदि बच्चा अपने खिलौने संभाल कर नहीं रखता है तब उसे एक सप्ताह तक खिलौने न दें।

यदि आप बच्चे को टी वी पर कुछ गैरजरुरी कार्यक्रम देखते हुये पाएँ तो एक सप्ताह के लिए टी वी की सुविधा बंद कर दीजिये।

यदि बच्चा अच्छा व्यवहार नहीं करता तो उसे अपने मित्रों के साथ मत खेलने जाने दीजिये। इससे उसे सबक मिलेगा।

**अपने बच्चे को सकारात्मक अनुशासन विधियों की शिक्षा दीजियेः** सकारात्मक अनुशासन बच्चे के साथ कार्य की ऐसी विधि है, जिसके अनुसार इस प्रकार के सकारात्मक निष्कर्ष पर पहुँचने में सहायता मिलती है जिससे कि बच्चा समझ सके कि बुरे व्यवहार के परिणाम क्या होंगे और वह भविष्य में उनसे बच सके। बच्चे को सकारात्मक रूप से अनुशासित करने के लिए आपको बच्चे के साथ बैठ कर उसके बुरे व्यवहार के संबंध में चर्चा करनी चाहिए और क्या क्या जा सकता है इस पर विचार करना चाहिए।

**बच्चे को पुरस्कृत करने की प्रणाली भी निर्धारित करिएः** पुरस्कृत करने की पद्धति भी निर्धारित की जानी चाहिए, ताकि सकारात्मक व्यवहार के सकारात्मक परिणाम भी हो सकें। भूलिए मत कि अच्छे व्यवहार को सुदृढ़ करना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना बुरे व्यवहार को अनुशासित करना। बच्चे को यह दिखाने से कि, ठीक व्यवहार कैसे किया जा सकता है, उसको यह समझने में सहायता मिलेगी कि उसे क्या नहीं करना चाहिए।

भाषण न दें : ये पद्धतियाँ न केवल प्रभावहीन होती हैं, बल्कि इनके कारण आपका बच्चा आपसे नाराज़ हो कर आपकी उपेक्षा भी कर सकता है तथा आपके शब्दों और कृत्यों से उसे मानसिक और शारीरिक आघात भी लग सकता है।

# बच्चों को इस प्रकार सिखाएं काम-काज

*घर में छोटे बच्चे हो तो घर व्यवस्थित रहेगा, इसकी कल्पना करना भी बेकार है क्योंकि बच्चे घर के सामान को खेल-खेल में बिखेर देते हैं। ऐसे में जरूरी है कि वीकेंड पर बच्चों से ही घर को व्यवस्थित करा लिया जाए, जिससे वे घर का रख-रखाव सीख जाएंगे और घर को व्यवस्थित रखने में आपकी मदद भी कर देंगे।*

## बच्चों को टास्क दें

कोई भी बच्चा एक दिन में पूरे घर की सफाई करना नहीं सीख सकता। वीकेंड पर बच्चों को छोटी-छोटी चीजें व्यवस्थित करना सिखाएं। इसके लिए उन्हें घर के किसी एक कोने को व्यवस्थित करने की जिम्मेदारी दे सकती हैं। आप उन्हें उनके वॉर्डरोब के सामान को व्यवस्थित करने की जिम्मेदारी दें परन्तु उन्हें यह जरूर बताएं कि पहले सारे कपड़े वॉर्डरोब से बाहर निकालें और फिर उन्हें दोबारा तह कर के वॉर्डरोब में लगाएं। उसके बाद कपड़े वॉर्डरोब में इस तरह रखें कि उन्हें इस्तेमाल करने के लिए निकालना आसान रहेगा।

## उनकी काम में मदद करें

यदि आपको लगे कि बच्चा अपना काम ठीक से नहीं कर पा रहा है तो बीच-बीच में उसकी मदद करें तथा काम को सही ढंग से करने का तरीका बताएं। उसे बचाएं कि शर्ट कैसे तह की जाती, मोजों को हमेशा जोड़ा बनाकर रखते हैं ताकि वे खोएं नहीं। यहीं नहीं कपड़े शैल्फ में कैसे रखे जाते हैं यह भी उन्हें करके बताएं। यदि आप उन्हें बुक शैल्फ अरेंज करने का काम दे रही है तो उन्हें बताएं कि बुक शैल्फ में सबसे पहले बड़ी किताबें सैट



की जाती हैं, फिर उससे छोटी और सबसे आगे छोटे आकार की किताबें रखी जाती हैं।

## म्यूजिक लगाएं

बच्चा काम को एन्जॉय करते हुए सीख पाए, इसलिए उसकी पसंद का म्यूजिक लगा दें। बीच-बीच में छोटा-सा ब्रेक लेकर उसके साथ डांस करें। म्यूजिक के साथ काम करने में उसे मजा भी आएगा और आसानी से काम भी सीख जाएगा।

## खेल और ईनाम

नया काम सीखते समय बच्चा बोर न हो, इसलिए उसे खेल-खेल में काम सिखाने की कोशिश करें। आप पांच मिनट का अलार्म लगा दें और कहें कि यदि वह पांच मिनट में पांच जोड़े जूते अल्मारी में रख देगा तो उसे चॉकलेट मिलेगी। यदि बच्चा समय पर अपना टास्क पूरा कर ले तो उसके प्रयास की तारीफ करें और अपना प्रॉमिस भी निभाएं।

## सबके सामने तारीफ करें

जब बच्चा अपना काम पूरा कर ले तो उसकी मनपसंद चीज उसे ईनाम में दें या उसकी पसंदीदा डिश बना कर उसे खिलाएं। यही नहीं परिवार के अन्य सदस्यों के सामने भी उसकी तारीफ करें। इससे उसे न केवल अपना टास्क पूरा करने की खुशी मिलेगी, बल्कि आपका प्यार और आपका साथ उसमें नई ऊर्जा का संचार करेगा।

# खुशी और निराशा की अवस्था में ज्यादा जंक फूड खाते हैं बच्चे




*आजकल बच्चों को फास्ट और जंक फूड का शौक बढ़ता जा रहा है। इसका एक कारण तो यह है कि यह आसानी से उपलब्ध है और जल्दी बन जाता है। दूसरे इसका स्वाद जिसे बच्चे बेहद पसंद करने लगे हैं। वहीं अब एक नये अध्ययन में सामने आया है कि बच्चा खुशी और दुख की अवस्था में खाने के प्रति अगल-अलग तरीके से व्यवहार करता है। दुख की अवस्था में ना केवल जंक फूड की तरफ अधिक आकर्षित होता है बल्कि सामान्य से ज्यादा खाता भी है। दुख और अवसाद की अवस्था में लोग ज्यादा खाने लगते हैं, इसे इमोशनल ईटिंग कहा जाता है। इस दौरान अनहेल्दी फूड के सेवन का ज्यादा मन करता है। नए शोध में खुलासा हुआ है कि इमोशनल ईटिंग से ना केवल बड़े बल्कि बच्चे भी प्रभावित होते हैं।*

स्वभाव पर चल रही एक रिसर्च ने इस बात की पुष्टि की है कि बच्चा खुशी और दुख की अवस्था में खाने के प्रति अगल-अलग तरीके से व्यवहार करता है। दुख की अवस्था में ना केवल जंक फूड की तरफ अधिक आकर्षित होता है बल्कि सामान्य से ज्यादा खाता भी है। पहले के शोधों में सामने आया था कि जो लोग अवसाद की अवस्था से गुजर रहे हैं, वे अनहेल्दी फूड खाते हैं जिससे मोटापे का शिकार हो जाते हैं। ज्यादा खाने की वजह से उनके अवसाद में बढ़ोत्तरी ही होती है और स्वास्थ्य भी खराब होता है।

शोध के दौरान 4.5 साल से लेकर 9 साल तक के 91 बच्चों को शामिल किया गया। बच्चों को अलग-अलग ग्रुप में बांटा गया और सबको अलग-अलग मूड के फिल्म सीन दिखाए गए। इसमें पाया गया कि भावुक कर देने वाले सीन के दौरान बच्चों ने ज्यादा चॉकलेट खाए।

# बच्चे का नाम रखते समय कुछ बातों का रखें ध्यान




*बच्चे का नाम रखते समय कुछ बातों का विशेष खयाल जरूर रखना चाहिए, जैसे नाम का अर्थ सकारात्मक हो नकारात्मक नहीं, नाम का बिगड़ा रूप नहीं होना चाहिए, नाम का उच्चारण शुद्ध रूप से होना चाहिए, नाम रखते समय भाषा का भी ध्यान रखना चाहिए आदि।*

इसका कारण यह है कि बच्चों के नाम का उनके व्यक्तित्व को प्रभावित करने की बात का अलग अलग लोगों द्वारा अलग ढंग से सोच और वर्णन किया जाता है। कुछ लोगों का मानना है कि बच्चे का नाम, उसके मानसिक जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वहीं कुछ मनते हैं कि नाम और व्यक्तित्व के बीच किसी तरह के संबंध का विचार पूरी तरह से गलत और रूडिवादी सोच की उपज है।

शिशु के जन्म के साथ ही उसका नाम भी रख दिया जाता है। हर व्यक्ति उपने नाम से पहचाना जाता है। किसी भी बच्चे के जन्म के बाद उसका नाम रखना अपने आप में एक बड़ा कठिन काम होता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि बच्चे के नाम का प्रभाव उसके व्यक्तित्व पर भी पड़ता है।

## धर्म और नामकरण

हर धर्म में अपनी रिति के अनुसार बच्चे के जन्म के बाद उसका एक नाम रखा जाता है। बच्चे का नाम उसकी केवल पहचान के लिए ही नहीं रखा जाता है। मनोविज्ञान एवं अक्षर-विज्ञान के जानकारों का मानना है कि नाम का प्रभाव व्यक्ति के स्थूल-सूक्ष्म व्यक्तित्व पर भी गहराई से पड़ता है। इसलिए नाम सोच और समझकर तो रखा ही जाना चाहिए, इसके साथ नाम रोशन करने वाले गुणों के विकास के प्रति भी जागरूक रहना जरूरी होचा है।

वहीं अंक ज्योंतिष कहता है कि जिस तरह मूलांक और भाग्यांतक व्याक्ति के जीवन को प्रभावित करते हैं, उसी प्रकार नाम का भी उन पर काफी असर होता है। अंकशास्त्री बताते हैं कि नाम के पहले अक्षर का प्रभाव खास तौर से व्येक्तित्व् और व्यावहार पर पड़ता है।

## नाम और व्यक्तित्व का संबंध

हम सभी जानते हैं कि नाम पहचान के लिए रखा जाता है, लेकिन इसका एक इसका एक मनोवैज्ञानिक पहलू भी है। आप के बच्चे का नाम को सूक्ष्म तरीके से प्रभावित करता है। 2,000 ई.पू. में लोगों का भारी यकीन था कि नाम व्यक्तित्व को प्रभावित करता है। कुछ शोधकर्ताओं के अनुसार नाम और व्यक्ति के व्यक्तित्व के बीच एक असामान्य संबंध है। जबकि कुछ अध्ययनों से पता चला है कि जिन लोगों के नाम का पहला व आखिरी अक्षर समान होता है, वे समान व्यक्तित्व लक्षण वाले होते हैं।

## सकारात्मक सोच

हमारे द्वारा उपयोग किये जाने वाले हर शब्द का एक अर्थ होता है, और नामों के लिए भी ये बात कोई अपवाद नहीं हैं। कुछ लोगों का मानना है कि किसी व्यक्ति का नाम उसके व्यक्तित्व का निरूपित करता है। इस अवधारणा को सकारात्मक सोच की शक्ति के समान माना जाता है। जब हम किसी व्यक्ति का नाम पुकारते हैं तो हमें उसके नाम के अर्थ का भी आभास होता है। आप अंक ज्योतिष के अनुसार नाम का चयन कर सकते हैं। अंक ज्योतिष के अनुसार नाम रखा गया नाम, दोनों माता और पिता के नाम के संगत होता है और उन लोगों के बीच सामंजस्य की संभावना को बढ़ाने वाल माना जाता है, विशेष तौर पर बच्चे की बढ़ती उम्र में।

## पर्यावरणीय कारक

यद्यपि अपके बच्चे के नाम का उसके जीवन पर असर पड़ेगा, लेकिन आपको यह बात भी दिमाग में रखनी होगी कि अपका बच्चा जिस वातावरण में बड़ा होता है, वह उसके माता-पिता का होता है। और वे जिस तरह से उसका पालन-पौषण करेंगे, उसका व्यक्तित्व को भी वही रूप मिलेगा।

## पीएम मोदी बोले- भारत में लोकतंत्र सिस्टम नहीं, संस्कार है:हम दुनिया के लिए शक्ति स्तम्भ, घाना में नेशनल अवॉर्ड मिलना सम्मान की बात

**एक्रो:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को घाना की संसद को संबोधित किया। उन्होंने कहा, 'आज इस प्रतिष्ठित सदन को संबोधित करते हुए मुझे गर्व महसूस हो रहा है। घाना में होना सौभाग्य की बात है। यह लोकतंत्र की भावना से भरी हुई धरती है। घाना पूरे अफ्रीका के लिए प्रेरणा का केंद्र है।' मोदी ने कहा, 'भारत लोकतंत्र की जननी है। यह हमारे लिए एक सिस्टम नहीं, बल्कि संस्कार है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में भारत दुनिया के लिए शक्ति का स्तंभ है। एक मजबूत भारत एक स्थिर और समृद्ध दुनिया में योगदान देगा।' पीएम मोदी ने कहा, 'घाना के राष्ट्रपति जॉन महामा से कल नेशनल अवॉर्ड मिलना मेरे लिए सम्मान की बात है। भारत के 140 करोड़ लोगों की ओर से, मैं इस सम्मान के लिए घाना के लोगों को धन्यवाद देता हूं। हमारी दोस्ती आपके मशहूर शुगर लोफ अनानास से भी मीठी है।' पीएम मोदी 2 जुलाई से 10 जुलाई तक विदेश यात्रा पर हैं। इस दौरान वे 5 देशों में जाएंगे। घाना उनका पहला पड़ाव है। प्रधानमंत्री मोदी को बुधवार को घाना का सर्वोच्च सम्मान 'द ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना' दिया गया था। दोनों देशों ने 4 अलग-अलग समझौते भी साइन किए।



### पीएम मोदी के संबोधन की बड़ी बातें

- घाना G20 का स्थायी सदस्य बना। यह भारत की प्रेसीडेंसी में मुमकिन हुआ। भारत की फिलॉसिफी ह्यूमैनिटी फर्स्ट है। हम सभी के खुश रहने में यकीन रखते हैं। हमें घाना में एक ऐसा देश दिखाई देता है, जो साहस के साथ हर चुनौती का बहादुरी से सामना करता है।
- भारत लोकतंत्र की जननी है। हमारे लिए लोकतंत्र सिर्फ एक व्यवस्था नहीं, मूलभूत मूल्यों का हिस्सा है। भारत में 2,500 से ज्यादा राजनीतिक दल, अलग-अलग राज्यों में 20 अलग-अलग पार्टियों की सरकारें, 22 आधिकारिक भाषाएं और हजारों बोलियां हैं।
- हम एक उज्ज्वल और टिकाऊ भविष्य को सुरक्षित करने के लिए अफ्रीका के डेवलपमेंट फ्रेमवर्क का समर्थन करते हैं। साथ मिलकर, हम वादों और तरक्की से भरे भविष्य को आकार देंगे।
- दुनिया जलवायु परिवर्तन, महामारी, आतंकवाद और साइबर सुरक्षा जैसे नए और जटिल संकटों का भी सामना कर रही है। पिछली सदी में बनाए गए संस्थान जवाब देने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। बदलती परिस्थितियों में वैश्विक शासन में विश्वसनीय और प्रभावी सुधारों की जरूरत है।

2 जुलाई को सर्वोच्च सम्मान मिलने के बाद पीएम मोदी ने कहा था, 'घाना से सम्मानित होना मेरे लिए गर्व की बात है। इससे पहले उन्होंने घाना के राष्ट्रपति जॉन महामा के साथ जॉइंट स्टेटमेंट जारी किया। मोदी ने कहा कि भारत और घाना आतंकवाद को मानवता का दुश्मन मानते हैं और इसके खिलाफ मिलकर काम करेंगे।'

मोदी ने कहा, 'यह युद्ध का समय नहीं है, बल्कि बातचीत और डिप्लोमेसी के जरिए समस्याओं का हल होना चाहिए। दोनों देश संयुक्त राष्ट्र में सुधारों पर एकमत हैं। इसके साथ ही दोनों ने पश्चिम एशिया और यूरोप में चल रहे संघर्षों पर चिंता जताई।' पीएम मोदी ने कहा, 'भारत और घाना के बीच व्यापार 25 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा हो चुका है और अगले 5 साल में इसे दोगुना करने टारगेट है।' उन्होंने घाना के राष्ट्रपति जॉन महामा को भारत आने का न्योता दिया।'

### दोनों देशों में 4 एमओयू साइन हुए

- दोनों देशों ने चार महत्वपूर्ण समझौते (एमओयू) पर साइन किए। विदेश मंत्रालय के सचिव दम्मू रवि ने बताया कि ये समझौते दोनों देशों के रिश्तों को और मजबूत करेंगे।

पहला समझौता- विदेश मंत्रालय लेबल पर जॉइंट कमीशन बैठक की स्थापना करना।

दूसरा समझौता- पारंपरिक चिकित्सा के क्षेत्र में दोनों देश एक्सपर्ट्स की ट्रेनिंग और एक्सपीरियंस शेयर करेंगे।

तीसरा समझौता- कल्चरल एक्टिविटी से जुड़ा है, जिससे सांस्कृतिक कार्यक्रमों और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

चौथा समझौता- स्टैंडर्ड सेटिंग (प्रोडक्ट और सर्विस के लिए गुणवत्ता नियम तय करना) करना, जिससे आर्थिक सहयोग बढ़ेगा।

### मोदी को 21 तोपों की सलामी दी गई

पीएम नरेंद्र मोदी बुधवार को अफ्रीकी देश घाना पहुंचे। घाना के राष्ट्रपति जॉन महामा ने राजधानी एक्रा में एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। पीएम मोदी को 21 तोपों की सलामी के साथ गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद मोदी होटल पहुंचे, जहां भारतीय समुदाय के लोगों ने उनका स्वागत किया। होटल के बाहर भारतीय वेशभूषा में पहुंचे स्कूली बच्चों ने मोदी को संस्कृत में श्लोक सुनाया।

## सिर्फ 3 महीनों में महाराष्ट्र में 767 किसानों ने आत्महत्या की, इस भयावक स्थिति पर चुप पीएम मोदी : राहुल गांधी

नई दिल्ली (ईएमएस)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को महाराष्ट्र में किसानों की आत्महत्या को लेकर मोदी सरकार पर हमला कर कहा कि वे किसानों की दुर्दशा के प्रति उदासीन है, जबकि किसान दिन-प्रतिदिन कर्ज में डूब रहे हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने केंद्र सरकार पर किसानों की कर्ज माफी और फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी की मांगों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। राहुल गांधी ने लिखा कि सोचिए.. सिर्फ 3 महीनों में महाराष्ट्र में 767 किसानों ने आत्महत्या कर ली। क्या ये सिर्फ एक आंकड़ा है? नहीं। ये असल में 767 उजड़े हुए घर हैं। 767 परिवार जो कभी नहीं संभल पाएंगे। और केंद्र सरकार? चुप है। इस भयावक स्थिति को बेरुखी से देख रही है। उन्होंने लिखा कि किसान हर दिन कर्ज में और गहराई तक डूब रहा है, बीज महंगे हैं, खाद महंगी है, डीजल महंगा है.. लेकिन एमएसपी की कोई गारंटी नहीं। जब वे कर्ज माफी की मांग करते हैं, उन्हें नजरअंदाज किया जाता है। लेकिन जिनके पास करोड़ों हैं? उनके लोन मोदी सरकार आराम से माफ कर देती है। आज की ही खबर देख लें कि अनिल अंबानी का 48,000 करोड़ का एसबीआई का "फ्रॉड"। मोदी सरकार पर हमलावार राहुल गांधी ने कहा कि मोदी जी ने कहा था, किसान की आमदनी दोगुनी करेंगे, आज हाल ये है कि अन्नदाता की जिंदगी ही आधी हो रही है। ये सिस्टम किसानों को मार रहा है चुपचाप, लेकिन लगातार और मोदी जी अपने ही पी आर का तमाशा देख रहे हैं।

## अखिलेश ने आजमगढ़ में नए घर का गृह प्रवेश किया:सपा प्रमुख की सुरक्षा में चूक, युवक ने बैरिकेडिंग फांदी



**आजमगढ़:** आजमगढ़ में सपा प्रमुख अखिलेश यादव की सुरक्षा में चूक हुई है। अखिलेश नए घर के गृह प्रवेश की पूजा के बाद मंच पर बैठे थे, तभी भीड़ से एक युवक अचानक पहुंचा और बैरिकेडिंग फांद गया। पुलिसवालों ने उसे पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वह धक्का और कोहनी मारते हुए मंच के पास पहुंच गया। मंच के करीब पुलिस जवानों ने उसे घेर लिया तो वह वहीं लेट गया। हाथ जोड़कर नारेबाजी करने लगा। इसके बाद पुलिसवालों ने जैसे-तैसे उसे वहां से हटाया। युवक कौन है। यह पता नहीं चल पाया। पुलिस अभी पूछताछ कर रही है। दरअसल, अखिलेश ने आजमगढ़ में 72 बिस्वा में नया घर बनवाया है। आज अकेले ही पहुंचकर उन्होंने गृह प्रवेश की पूजा की। इस घर में अखिलेश का ऑफिस रूम, 3 पर्सनल कमरे, सेक्रेटरी के लिए ऑफिस और समर्थकों के लिए बड़ा हॉल बनाया गया है। जिला मुख्यालय से 7 किमी दूर अनवरगंज में यह बना है। अखिलेश ने कहा- आजमगढ़ के इस नए पार्टी कार्यालय के नाम के लिए बहुत सुझाव आए। लेकिन, मैं इस कार्यालय का नाम 'PDA भवन' रखता हूं। अखिलेश ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा- गरीब परिवार कथा करना चाहता है, लेकिन बड़े-बड़े कथावाचकों का बजट आप जानते नहीं होंगे कि कितना होता है। इसीलिए उन्होंने गरीब कथावाचक बुलाए। आप जानते होंगे कि उनके साथ कैसा व्यवहार हुआ। ऐसा व्यवहार हम लोग कभी नहीं भूल सकते। इसीलिए समय-समय पर हम आप लोगों को जगाते हैं। ये भाजपा के लोग संविधान से नहीं चलना चाहते। इनका रास्ता कोई और है। इनका रास्ता वो है, जो कभी मनु महाराज आए थे। कुछ गड़बड़ किया था। ये लोग उनके रास्ते पर चलते हैं।

## यूपी में दुकानों के साइनबोर्ड पर नाम और पहचान लिखने को लेकर राजनीति शुरु

लखनऊ,(ईएमएस)। यूपी सरकार ने कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्थित सभी दुकानों को अपने साइनबोर्ड पर मालिक का नाम और पहचान दिखाना अनिवार्य कर दिया है। इस फैसले पर सपा समेत विपक्षी दलों ने निजी सवाल उठाए हैं। इस पर यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने विपक्ष पर तुष्टिकरण की राजनीति का आरोप लगाया है। पाठक ने गुरुवार को कहा कि समाजवादी पार्टी के लोग हमेशा प्रदेश में तुष्टिकरण की राजनीति करते हैं। उनका तुष्टिकरण का पुराना इतिहास है। हमारी प्रतिबद्धता कानून व्यवस्था को चाक-चौबंद करना है और हर स्थिति में कानून व्यवस्था को मेंटेन करेंगे। धर्म-कर्म के लिए कांवड़ यात्रा पर जाने वाले लोगों को कोई दिक्कत न हो, इसकी व्यवस्था की जाएगी। साथ ही व्रत के दौरान खाने-पीने की दुकान शुद्ध मिले, इसकी भी व्यवस्था करेंगे। उन्होंने कहा कि हर खरीदार का अधिकार है कि वह जाने कि विक्रेता कौन है और वह किससे सामग्री खरीद रहा है। इस मुद्दे को उठाकर सपा राजनीति कर रही है। सपा प्रदेश को आतंक और दंगों की आग में झोंकना चाहती है। मैं पूछता हूं कि अगर कोई खाने-पीने का सामान बेच रहा है तो उसे नाम लिखने में क्या दिक्कत है? समाजवादी पार्टी के लोगों के बयान निंदनीय हैं। वहीं मंत्री दयाशंकर ने कहा कि मुझे लगता है कि किसी को पहचान बताने में कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। मैं खुद मंत्री हूं और जहां भी जाता हूं या रहता हूं, मुझसे भी पहचान पत्र मांगा जाता है और मैं दिखाता भी हूं। इसमें अपमानजनक कुछ नहीं है।

## संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से 21 अगस्त तक, ऑपरेशन सिंदूर पर मचेगा सियासी घमासान

नई दिल्ली,(ईएमएस)। संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होकर 21 अगस्त तक चलेगा, जो पहले तय कार्यक्रम से एक सप्ताह अधिक लंबा होगा। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस सत्र को आहूत करने के सरकारी प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस समारोह को देखते हुए 13 और 14 अगस्त को संसद की बैठक नहीं होगी। पहले यह सत्र 12 अगस्त को समाप्त होना था, लेकिन अब इसकी अवधि बढ़ाए जाने से सत्र में महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा की संभावना मजबूत हो गई है। सरकार इस सत्र में परमाणु ऊर्जा क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोलने संबंधी महत्वपूर्ण विधेयक पेश करने की तैयारी में है। इसके तहत, परमाणु ऊर्जा अधिनियम, सिविल दायित्व अधिनियम, 2010 में संशोधन की योजना बनाई गई है। केन्द्रीय बजट में की गई घोषणा के अनुरूप इन संशोधनों से निजी निवेश को सुगम बनाने का प्रयास होगा। मानसून सत्र शुरू होने से पहले ही विपक्षी दलों ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर संसद में चर्चा की मांग तेज कर दी है। यह अभियान 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर की गई जवाबी कार्रवाई से जुड़ा है। इसके साथ ही विपक्ष ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस दावे पर भी सवाल उठाए हैं।

## केजरीवाल का ऐलान- बिहार में अकेले चुनाव लड़ेगी बाप: अब कांग्रेस से गठबंधन नहीं, इंडिया अलायंस लोकसभा के लिए था

**अहमदाबाद:** आम आदमी पार्टी (बाप) बिहार में अकेले चुनाव लड़ेगी। पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को अहमदाबाद में कहा, इंडिया गठबंधन सिर्फ लोकसभा चुनाव के लिए था। अब हमारा किसी से कोई गठबंधन नहीं है। केजरीवाल गुजरात के दो दिन के दौरे पर अहमदाबाद पहुंचे। यहां उन्होंने पार्टी के सदस्यता अभियान की शुरुआत की। केजरीवाल ने कहा कि गुजरात के विसावदर उपचुनाव में हमने कांग्रेस से अलग लड़कर तीन गुना ज्यादा वोटों से जीत दर्ज की है। उन्होंने कहा, यह जनता का सीधा संदेश है कि अब विकल्प आम आदमी पार्टी है। आगे गुजरात में चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे। दिल्ली में हार पर कहा कि ऊपर-नीचे होता रहेगा। पंजाब में हमारी सरकार दोबारा बनेगी।



### केजरीवाल की 3 बड़ी बातें

- भाजपा की सरकार ने गुजरात को बर्बाद कर दिया है। सूरत समेत कई शहर पानी में डूबे हुए हैं। किसान, युवा और व्यापारी समेत सभी वर्ग परेशान हैं। इसके बाद भी बीजेपी गुजरात में जीतती आ रही है, क्योंकि लोगों के पास विकल्प नहीं था। कांग्रेस पार्टी को बीजेपी को जीत दिलाने के लिए ठेका दिया जाता है।
- अब आम आदमी पार्टी आ गई है। आम आदमी पार्टी को लोग एक विकल्प के रूप में देख रहे हैं। विसावदर में जिस तरह से लोगों ने वोट दिया। ये माहौल, ये गुस्सा पूरे गुजरात के लोगों के अंदर है। मैंने कई जगह लोगों से बात की। लोगों में इसी तरह का गुस्सा है। यही गुस्सा विसावदर में देखने को मिला।
- बीजेपी ने कांग्रेस को भेजा था कि इनके वोट काटो। कांग्रेस ने ठीक से काम नहीं किया। बीजेपी से कांग्रेस वालों को खूब डांट पड़ी। इंडिया गठबंधन को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में केजरीवाल ने कहा- वह अलायंस लोकसभा के लिए था। अब हमारी तरफ से कुछ नहीं है।

### मुझे सिर्फ दो साल दीजिए, ये हवन है, इसमें आहुति दीजिए

पार्टी की सदस्यता के लिए केजरीवाल ने 9512040404 नंबर जारी कर कहा कि इस पर मिस्ड कॉल देकर आम आदमी पार्टी से जुड़िए। उन्होंने आगे कहा कि विसावदर उपचुनाव में जनता ने हम पर भरोसा किया है। अगर गुजरात का विकास करना है तो युवाओं को हमारे साथ जुड़ना चाहिए। मुझे सिर्फ दो साल दीजिए, ये हवन है, इसमें आहुति दीजिए। अगर गुजरात का विकास करना है तो आम आदमी पार्टी से जुड़िए। विसावदर की जीत कोई बड़ी जीत नहीं, बल्कि 2027 का सेमीफाइनल है। बीजेपी ने 30 साल तक गुजरात पर राज किया है और आज गुजरात बर्बाद हो गया है।

## पुणे- घर में घुसकर इंजीनियर से रेप करने वाला गिरफ्तार

### डिलीवरी बॉय बनकर आया, लड़की के फोन से सेल्फी ली; मैसेज छोड़ा- मैं फिर आऊंगा

**पुणे:** पुणे में एक 22 साल की टेक्निकल इंजीनियर से घर में घुसकर रेप करने का मामला सामने आया है। आरोपी कूरियर बॉय बनकर आया था। घटना बुधवार शाम करीब साढ़े सात बजे कोंढवा पुलिस थाने के अंतर्गत हुई। वह बैंक का लिफाफा देने के बहाने फ्लैट में घुसा। जब महिला कूरियर के लिए पिन लेने घर के अंदर गई, तो आरोपी ने दरवाजा बंद कर दिया और उसके साथ रेप किया। हमले के दौरान महिला बेहोश हो गई और कई घंटों तक बेहोश रही। अधिकारी जांच कर रहे हैं कि आरोपी ने उस पर कोई कैमिकल स्प्रे किया था या नहीं। पुणे पुलिस ने आरोपी का पता लगाने और उसे कड़ने के लिए 10 टीमें बनाईं।, जिनमें से 5 क्राइम ब्रांच की और5 लोकल टीमें रहीं। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की। हालांकि दोपहर बाद मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया है कि पुलिस ने आरोपी को अरेस्ट कर लिया है। और उससे पूछताछ जारी है। आरोपी ने पीड़ित के फोन पर एक सेल्फी भी ली, जिसमें उसकी पीठ और थोड़ा सा चेहरा दिखाई दे रहा था। उसने फोन पर एक मैसेज छोड़ा, जिसमें उसने लड़की को चेतावनी दी थी कि वह इसके बारे में किसी को न बताए क्योंकि उसके पास लड़की की तस्वीरें हैं, वह उन्हें सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा। उसने यह भी लिखा- मैं फिर आऊंगा।

### भाई बाहर गया था, घर पर अकेली थी आईटी इंजीनियर

जोन 5 पुणे सिटी डीसीपी राजकुमार शिंदे ने कहा कि लड़की ने पुणे के ही एक कॉलेज से आईटी की पढ़ाई की है। वह एक निजी फर्म में काम करती है। बुधवार शाम वह अपने अपार्टमेंट में अकेली थी क्योंकि उसका भाई शहर से बाहर गया हुआ था। शिंदे ने बताया कि लड़की को कुछ भी याद नहीं है क्योंकि उसे रात करीब 8.30 बजे होश आया। फिर उसने अपने रिश्तेदारों को इसकी सूचना दी और बाद में पुलिस को बताया।

## दिल्ली हाईकोर्ट की पतंजलि च्यवनप्राश के विज्ञापन पर रोक: डाबर बोली- हमारा च्यवनप्राश आयुर्वेदिक औषधि

**नई दिल्ली:** दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को पतंजलि को निर्देश दिया है कि वह डाबर च्यवनप्राश के खिलाफ कोई भी नकारात्मक या भ्रामक विज्ञापन न दिखाए। यह आदेश जस्टिस मिनी पुष्करणा ने डाबर की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई के बाद दिया। डाबर ने कोर्ट में तर्क रखा कि इस तरह के विज्ञापन न सिर्फ उनके उत्पाद को बदनाम करते हैं, बल्कि उपभोक्ताओं को गुमराह भी करते हैं। च्यवनप्राश एक पारंपरिक आयुर्वेदिक औषधि है, जिसे ड्रग्स और कॉस्मेटिक एक्ट के तहत नियमानुसार ही बनाना होता है। ऐसे में अन्य ब्रांड्स को सामान्य कहना गलत, भ्रामक और नुकसानदायक है। इस मामले की अगली सुनवाई 14 जुलाई को होगी। फिलहाल पतंजलि च्यवनप्राश के विज्ञापन पर रोक लगा दी गई है। केस में डाबर की तरफ से वरिष्ठ वकील संदीप सेठी ने वकालत की, जबकि पतंजलि की ओर से वरिष्ठ वकील राजीव नायर और जयंत मेहता पेश हुए थे। संदीप सेठी ने कहा,



पतंजलि अपने विज्ञापन में डाबर के च्यवनप्राश को "सामान्य" और आयुर्वेद की परंपरा से दूर बताकर प्रोडक्ट की छवि को नुकसान पहुंचा रहा है। इस विज्ञापन में स्वामी रामदेव खुद यह कहते नजर आते हैं कि जिन्हें आयुर्वेद और वेदों का ज्ञान नहीं, वे पारंपरिक च्यवनप्राश कैसे बना सकते हैं?

### डाबर का आरोप- पतंजलि उनके प्रोडक्ट की इमेज खराब कर रहा

इसके अलावा डाबर ने कहा, 'पतंजलि के विज्ञापन में 40 औषधियों वाले च्यवनप्राश को साधारण कहा गया है। यह हमारे उत्पाद पर सीधा निशाना है।' डाबर अपने च्यवनप्राश को "40+ जड़ी-बूटियों से बने होने" का दावा करता है। डाबर का कहना है कि च्यवनप्राश बाजार में उनकी 60% से ज्यादा हिस्सेदारी है। डाबर ने यह भी कहा कि पतंजलि के विज्ञापन में यह संकेत भी दिया गया है कि दूसरे ब्रांड्स के उत्पादों से स्वास्थ्य को खतरा हो सकता है। डाबर ने तर्क दिया कि पतंजलि पहले भी ऐसे विवादास्पद विज्ञापनों के लिए सुप्रीम कोर्ट में अवमानना के मामलों में घिर चुका है। इससे साफ है कि वह बार-बार ऐसा करता है।

### भ्रामक विज्ञापन केस में कोर्ट से माफी मांग चुके रामदेव

अगस्त 2022: इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की, आरोप- पतंजलि कोविड और दूसरी बीमारियों के इलाज के झूठे दावे कर रही है।

नवंबर 2023: सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि को भ्रामक विज्ञापनों पर रोक लगाने का आदेश दिया, लेकिन आदेश के बाद भी कंपनी ने प्रचार जारी रखा।

## गढ़चिरौली में खत्म होगा नक्सलवाद, समर्थन करने वालों पर भी होगी कार्रवाई: शिंदे

मुंबई,(ईएमएस)। महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में नक्सलवाद खत्म होने की कगार पर है। यह दावा राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार नक्सलियों का समर्थन करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई करेगी। शिंदे ने कहा कि हमारे गृह मंत्री अमित शाह ने 2026 तक नक्सलवाद को खत्म करने का लक्ष्य रखा है और हम उस राह पर हैं। शिंदे ने कहा कि महाराष्ट्र में नक्सलवाद का खात्मा करेंगे। जहां भी नक्सलवाद था, वहां अब विकास हो रहा है और नक्सलवाद को खत्म करके हम विकास को बढ़ावा दे रहे हैं। इससे पहले एक बयान में कहा गया था कि गढ़चिरौली पुलिस ने सीआरपीएफ के साथ मिलकर 27 जून को एक संयुक्त अभियान में मोस्ट वांटेड माओवादी कमांडर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति, अंकल उर्फ मल्लू सुलगे पल्लो पर महाराष्ट्र सरकार द्वारा घोषित 6 लाख रुपये का इनाम था। इस गिरफ्तारी के साथ, जनवरी 2022 से गढ़चिरौली पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए माओवादियों की कुल संख्या बढ़कर 104 हो गई है, जो इस क्षेत्र में जारी नक्सल विरोधी अभियानों की प्रभावशीलता को उजागर करता है। इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि नक्सलवाद गरीब आदिवासी क्षेत्रों के लिए एक बड़ी आपदा है, जिसके कारण पिछले 35 सालों में करीब 40,000 लोगों की मौत हुई है और कई विकलांग हो गए हैं।

## कलकत्ता हाईकोर्ट का आदेश- इलेक्शन तक छात्रसंघ ऑफिस बंद रहेंगे

### गैंगरेप केस में ममता सरकार से रिपोर्ट मांगी; बार काउंसिल से आरोपी की सदस्यता रद्द

**कोलकाता:** कोलकाता हाईकोर्ट ने लॉ कॉलेज में गैंगरेप को लेकर दाखिल की गई तीन जनहित याचिकाओं पर सुनवाई की। हाईकोर्ट ने बंगाल के सभी कॉलेज और यूनिवर्सिटी में छात्र संघ कार्यालयों को बंद करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने राज्य सरकार से भी रिपोर्ट मांगी है। जस्टिस सौमेन सेन और जस्टिस स्मिता दास डे की बेंच ने कहा कि छात्र चुनाव होने तक ये कमरे बंद रहेंगे। कोर्ट ने कहा कि ऐसे कमरों का इस्तेमाल किसी भी काम के लिए नहीं किया जा सकता है। जरूरत होने पर वैध कारणों के साथ यूनिवर्सिटी रजिस्ट्रार को आवेदन देना होगा। वहीं, पश्चिम बंगाल बार काउंसिल ने बुधवार को मुख्य आरोपी मनोजित मिश्रा की मेंबरशिप रद्द कर दी और उनका नाम वकीलों की सूची से हटा दिया। बार काउंसिल के चेयरमैन अशोक देब ने बताया कि गंभीर और अमानवीय अपराध के आरोपों के चलते आरोपी को बार काउंसिल की सूची से हटाया गया है।

### एडवोकेट सायन बनर्जी की जनहित याचिका में दावे...

मामले का मुख्य आरोपी मोनोजीत मिश्रा साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज के छात्र संघ के नाम पर गतिविधियां चलाता रहा है। 2017 के बाद से पश्चिम बंगाल में कोई छात्र संघ चुनाव नहीं हुआ, फिर भी पूर्व छात्रों और गैर-निर्वाचित व्यक्ति संघ कार्यालय अवैध रूप से चला रहे हैं। सभी छात्र संघ कार्यालय बिना किसी मंजूरी या कानून के प्रावधान के अपना संचालन जारी रखे हुए हैं। चिंता की बात यह है कि छात्र, पदाधिकारी, कक्षा प्रतिनिधि, जो पिछले चुनाव में चुने गए अओर नॉमिनेट किए गए थे, वे अभी भी छात्र संघ में पिछले पद के आधार पर कैंपस में आसानी से आ रहे हैं। पुलिस ने बताया कि तीनों आरोपी अलग-अलग बयान दे रहे हैं ताकि जांच को भटकाया जा सके। एक अधिकारी ने कहा कि तीनों लॉ स्टूडेंट हैं, इन्हें कुछ कानूनी चालें आती हैं।

## बागेश्वर धाम में टेंट गिरा, श्रद्धालु की मौत:भगदड़ में 8 घायल; अयोध्या से धीरेंद्र शास्त्री का जन्मदिन मनाने आए थे

**छतरपुर:** छतरपुर जिले में गढ़ा गांव स्थित बागेश्वर धाम परिसर में टेंट गिर गया। लोहे का एंगल सिर में लगने से एक श्रद्धालु की मौत हो गई जबकि भगदड़ में 8 लोग घायल हुए हैं। हादसा गुरुवार सुबह करीब 7 बजे आरती के बाद हुआ। बारिश से बचने के लिए श्रद्धालु टेंट के नीचे इकट्ठा हुए थे। घायलों को छतरपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक श्याम लाल कौशल के दामाद राजेश कुमार कौशल ने बताया कि वे उत्तर प्रदेश में गोंडा जिले के मनकापुर गांव के रहने वाले हैं। ससुराल बस्ती जिले के चौरी गांव में है। परिवार के 6 लोग कार से बुधवार रात बागेश्वर धाम आए थे। शुक्रवार को धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री का जन्मदिन है। इससे पहले गुरुवार सुबह सभी लोग तैयार होकर शास्त्री के दर्शन करने पहुंचे थे।

### बुजुर्ग की मौके पर ही मौत




राजेश ने बताया कि लोहे का एंगल उनके ससुर श्यामलाल कौशल (50) के सिर में लगा। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। सिविल सर्जन शरद चौरसिया ने बताया- बागेश्वर धाम में टेंट गिरने से एक शख्स की मौत हो गई। 2 लोगों का इलाज किया जा रहा है। 6 लोगों को मामूली चोटें आई थी, उनको प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया है।

### अस्पताल में इनका इलाज जारी

- नेहा खटीक निवासी भीलवाड़ा, राजस्थान
- रामदयाल यादव निवासी कुशीनगर, उत्तर प्रदेश

### गढ़ा गांव के इनको मामूली चोट आई

- घनश्याम
- गुलाब देवी
- रेखा साक्षी शर्मा
- मधु देवी
- ज्योति
- कामिनी ठाकुर

### प्रत्यक्षदर्शी बोले- टेंट में बारिश का पानी भरा

राजेश कुमार कौशल के साथ आए उनके पड़ोसी आर्यन कमलापुरी ने बताया- हम सब मंच के पास खड़े थे, बारिश हो रही थी। पानी से बचने के लिए टेंट में आ गए। पानी भरने से टेंट नीचे आ गिरा। इससे भगदड़ मच गई। टेंट के नीचे करीब 20 लोग दब गए।

## राजस्थान के भीलवाड़ा में पुल को पार करते समय व्यक्ति बह गया

राजस्थान के भीलवाड़ा में बनास नदी में पुल को पार करने के दौरान एक व्यक्ति बह गया। काछोला थाना क्षेत्र में ककरोलिया घाटी मार्ग पर चोहली के पास बनी पुलिया पर बुधवार को बारिश के बाद करीब 3 फीट ऊपर तक पानी बहने लगा। इस दौरान शंकर भील (55) पानी के तेज बहाव में फंस गया। करीब आधे घंटे से ज्यादा देर तक बबूल की टहनी पकड़ कर बैठा रहा। लेकिन इसके बाद वह बह गया।

# धमकी के बाद बदले एलन मस्क के सुर, ट्रंप की तारीफ कर बताया शांतिदूत

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने दक्षिण अफ्रीका वापस जाने की दी थी चेतावनी

वाशिंगटन,(ईएमएस)। एलन मस्क और डोनाल्ड ट्रंप के बीच तनातनी के बीच मस्क के अमेरिका में नई पार्टी की जरूरत वाले बयान का मतलब भी लोग नहीं समझ पाए थे कि एलन मस्क की एक और पोस्ट वायरल हो गई, जिसमें वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तारीफ कर रहे हैं। कल तक जिसके बनाए गए विधेयक को वह पागलपन और सनकी बता रहे थे, उसी को आज शांतिदूत बता रहे हैं।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मस्क का यह बयान तब आया, जब ट्रंप ने उन्हें अमेरिका से दक्षिण अफ्रीका वापस जाने की चेतावनी दे दी थी। ट्रंप और मस्क के बीच का ये तनाव मई 2025 में तब शुरू हुआ था जब मस्क ने डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी से इस्तीफा दे दिया था। ऐसा लग रहा है कि ये नीतिगत मतभेदों और व्यक्तिगत अहंकार की वजह से हुआ है, लेकिन हर दिन दिए एक-दूसरे को लेकर खट्टे-मीठे बयान अब कनफ्यूज कर रहे हैं।

एलन मस्क ने एक दिन पहले अपने एक्स पर लिखा था- अमेरिका को एक नई पार्टी की जरूरत है और देश की दोनों पार्टियां ही एक जैसी हैं। 2 जुलाई को उनके सुर ही बदल गए। उन्होंने एक्स पर लिखा- डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया के कई गंभीर संघर्षों को सफलतापूर्वक सुलझाया है। उन्होंने अपनी इस पोस्ट के साथ विशेष रूप से ट्रंप की गाजा में 60 दिन का युद्धविराम की घोषणा का जिक्र करते हुए ट्रंप का पोस्ट शेयर किया है। फ्लोरिडा में बने अवैध प्रवासियों को डिटेंशन सेंटर की ओपनिंग की खबरों के बीच ट्रंप से जब पूछा गया कि क्या एलन मस्क को भी अमेरिका से डिपोर्ट किया जाएगा क्योंकि वह अमेरिकन नहीं हैं? इसके जवाब में ट्रंप ने कहा 'पता नहीं, इस पर गौर करना पड़ेगा...'।

ट्रंप के इस रिएक्शन पर एलन मस्क ने गोलमोल जवाब एक बार फिर सोशल मीडिया पर दिया लेकिन उसके कुछ घंटे बाद की गई ट्रंप की तारीफ बताती है कि एलन मस्क अपना नुकसान करना नहीं चाहते हैं। वैसे भी मस्क जानते हैं कि ट्रंप अपने अहंकार में कुछ भी कर सकते हैं।

बता दें एलन मस्क और डोनाल्ड ट्रंप के बीच की दोस्ती साल 2024 में परवान चढ़ी, जब राष्ट्रपति चुनाव में उन्होंने ट्रंप को 250-300 मिलियन डॉलर की मदद की। उन्होंने एक्स प्लेटफॉर्म भी खरीदा और सुपर पीएसी के जरिए आर्थिक सहयोग भी दिया। बदले में ट्रंप ने सरकार बनते ही मस्क को डॉज में लगा दिया। उनका यही कदम इस दोस्ती के लिए घातक साबित हुआ। उन्होंने डॉज से इस्तीफा दिया और ट्रंप के बिग ब्यूटीफुल बिल का विरोध करना शुरू कर दिया। यहीं से शुरू हुआ विवाद फिर कभी सुलझ ही नहीं पाया।

# चीन बना रहा 'ग्रेफाइट बम', यह किसी भी देश की तोड़ देगा रीढ़

## -युद्ध से पहले ही दुश्मन को आत्मसमर्पण करने पर कर देगा मजबूर

बीजिंग,(ईएमएस)। चीन एक ऐसा बम बनाने की तैयारी कर रहा जिसने सभी को चिंता में डाल दिया है। यह ऐसा बम है जो धमाका नहीं करता, बल्कि चुपके से किसी भी देश की रीढ़ तोड़ सकता है। इस बम को 'ग्रेफाइट बम' नाम दिया गया है, जो बिजली व्यवस्था को पूरी तरह से पंगु बना सकता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इसके पीछे की सोच है युद्ध से पहले ही दुश्मन को आत्मसमर्पण करने पर मजबूर करना।

रिपोर्ट के मुताबिक इस बम का एक एनीमेशन वीडियो जारी हुआ इसमें ज़मीन से एक मिसाइल छोड़ी गई, जिससे 90 छोटे-छोटे गोले निकलते हैं। ये छोटे गोले हवा में बारीक कार्बन फिलामेंट छोड़ते हैं, जो आसपास के बिजली ग्रिड को शॉर्ट सर्किट कर 10,000 वर्ग मीटर से ज्यादा क्षेत्र में बिजली सप्लाई को ठप कर देते हैं। इस एनीमेशन वीडियो में इस बम के तकनीकी डिटेल नहीं दी गई है।

एक्सपर्ट का कहना है कि यह हथियार अमेरिका की तरफ इराक और कोसोवो में इस्तेमाल किए गए ग्रेफाइट बम की तरह है। इसका अनुमानित रेंज 290 किलोमीटर और वारहेड का वजन 490 किलोग्राम बताया गया है, जिससे यह ताइवान के संवेदनशील पावर सबस्टेशनों पर सटीक हमलों के लिए उपयुक्त माना जा रहा है। इस बम को दिखाने का समय और उसका सार्वजनिक रूप से प्रदर्शन करना अपने आप में एक संदेश है। भले ही चीन ने इसे आधिकारिक रूप से तैनात नहीं किया हो, लेकिन इस क्षमता का प्रचार ताइवान पर दबाव डालने का प्रयास है।

2023 की रिपोर्ट के हवाले से चीन के खतरनाक प्लान का खुलासा हुआ है। इसमें विश्लेषकों ने कहा था कि ताइवान की रक्षा तीन स्तंभों पर टिकी है। बुनियादी ढांचा, आर्थिक स्थिति और जनता का मनोबल। चीन अगर इन तीनों को बिजली कटौती और अफरा-तफरी के ज़रिए कमजोर कर देता है, तो उसे पारंपरिक युद्ध की जरूरत ही नहीं रहेगी। एक अन्य रिपोर्ट के मुताबिक ताइवान की बिजली व्यवस्था मुख्य रूप से तीन ट्रांसमिशन चोकप्वाइंट्स पर निर्भर है, जो देश के दक्षिणी हिस्से से बिजली को उत्तर में मौजूद शहरी केंद्रों तक ले जाती है। अगर इन बिंदुओं पर एकसाथ हमला होता है खासकर किसी तूफान या चुनाव के समय तो इस बात की 99.7 फीसदी संभावना है कि उत्तर ताइवान में करीब पूर्ण ब्लैकआउट हो जाएगा। ग्रेफाइट बम, महज़ एक हथियार नहीं, बल्कि युद्ध को जीतने की चीन की नई परिभाषा है। एक ऐसी लड़ाई लड़ना, जो बंदूकें उठाने से पहले ही विरोधी को घुटनों पर ला दे। जब बम गिरने से पहले अंधेरा छा जाए, तो लड़ाई शुरू होने से पहले ही खत्म हो जाएगी।

### चीन बना रहा पेंटागन से 10 गुना बड़ा मिलिट्री शहर, ड्रोन उड़ाने तक की इजाजत नहीं

चीन एक मिलिट्री शहर बनाने की तैयारी कर रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक चीन बीजिंग के पास गुप्त रूप से एक विशाल सैन्य परिसर बना रहा है जो कि आकार में अमेरिका के प्रसिद्ध पेंटागन से दस गुना बड़ा है। इसे बीजिंग मिलिट्री सिटी कहा जा रहा है। यह बीजिंग शहर से करीब 32 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में स्थित है। इसका क्षेत्रफल करीब 4 किलोमीटर चौड़ा है और इसमें एक डूम्सडे बंकर भी है, जिसे परमाणु युद्ध की स्थिति में कमांड सेंटर के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

2022 में जहां इस क्षेत्र में आवासीय भवन और खुला मैदान था, वहीं 2024 के मध्य तक यह पूरा इलाका साफ कर निर्माण कार्य शुरू किया गया। अब वहां सड़कों और सुरंगों का पूरा नेटवर्क तैयार है। चीन ने इस निर्माण को लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है और चीन के दूतावास ने इसे अज्ञात बताया है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस इलाके में ड्रोन उड़ाना प्रतिबंधित है। पास के हाइकिंग ट्रेल्स भी बंद कर दिए गए हैं। चीन ने यहां कैमरे या किसी प्रकार की निगरानी को बंद कर रखा है। यह सब कुछ दर्शाता है कि चीन इस परियोजना को पूरी तरह गोपनीय रखना चाहता है।

रिपोर्ट में एक पूर्व अमेरिकी खुफिया अधिकारी के हवाले से बताया गया है कि यह नया सैन्य केंद्र संभवतः चीन के पुराने वेस्टर्न हिल्स कमांड सेंटर की जगह ले सकता है, जो कोल्ड वॉर के समय बनाया गया था। वहीं, विशेषज्ञों का मानना है कि शी जिनपिंग के नेतृत्व में चीन तेजी से अपने परमाणु हथियारों की ताकत बढ़ा रहा है और अगले दशक में यह अमेरिका के बराबर या उससे आगे निकल सकता है। ऐसे में यह नया बंकर और सैन्य परिसर आक्रामकता और बचाव दोनों के लिए रणनीतिक केंद्र बन सकता है।

# इंडोनेशिया में डूबी नाव, 65 लोग बहे, 4 शव मिले, बाकी लापता




बाली(ईएमएस)। इंडोनेशिया के बाली शहर के पास भयानक हादसा देखने को मिला है। बुधवार देर रात एक यात्रियों से भरी नाव 'केएमपी तुनु प्रतम जया' डूब गई। यह नाव पूर्वी जावा के केतापंग बंदरगाह से बाली के गिलिमानुक बंदरगाह की ओर रवाना हुई थी, लेकिन आधे घंटे के अंदर ही समंदर की लहरों ने उसे निगल लिया। इस नौका में कुल 65 लोग सवार थे, जिनमें 53 यात्री और 12 क्रू मेंबर शामिल थे। साथ में 22 वाहन भी थे, जिनमें 14 ट्रक शामिल थे। अब तक चार शव बरामद किए जा चुके हैं और 23 लोगों को बचा लिया गया है, जिनमें से कई को बेहोशी की हालत में समुद्र की लहरों से निकाल कर जिंदा बचाया गया।

इंडोनेशिया में नौकाओं से सफर आम बात है, लेकिन सुरक्षा नियमों की अनदेखी अक्सर जानलेवा साबित होती है। सिर्फ पिछले महीने ही बाली तट के पास एक टूरिस्ट बोट पलट गई थी, जिसमें 89 लोगों को बचा लिया गया था। वहीं मई में बेंगकुलु प्रांत में एक लकड़ी की नाव डूबने से 7 पर्यटकों की मौत हुई थी। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बचाव अभियान के दौरान कई एंबुलेंस मौके पर तैनात रहीं और तटीय इलाकों में लोगों की भीड़ अपनों की खबर पाने के लिए जुटी रही। हादसे के बाद से ही नौ बोट्स, जिसमें दो टग बोट्स और दो इनफ्लेटेबल रेस्क्यू बोट्स शामिल हैं लगातार तलाशी अभियान में जुटे हुए हैं। रात के अंधेरे और 2 मीटर तक ऊंची उठती लहरों के बीच राहत टीमों ने हर एक व्यक्ति को बचाने की कोशिश की। मगर अब भी 38 लोग लापता हैं, जिनकी सलामती की दुआ पूरे देश में की जा रही है। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि नाव के इंजन में तकनीकी खराबी की जानकारी खुद ऑपरेटर ने दी थी। इसके कुछ देर बाद ही वह डूब गई। इस हादसे की जांच अब जोरों पर है।

# अमेरिका में भारतीय संस्कृति का विस्तारः सौ साल पुराना चर्च बना मंदिर, गूंज रहे वेदों के मंत्र

वाशिंगटन,(ईएमएस)। भारतीय संस्कृति अब अमेरिका में भी एक नए अध्याय को रचने की शुरुआत कर चुकी है। दरअसल वडताल स्वामीनारायण संप्रदाय ने एक ऐतिहासिक कार्य करते हुए अमेरिका में तीन भव्य मंदिरों का निर्माण कराया है। ये मंदिर क्लीवलैंड (ओहायो), राले (नॉर्थ कैरोलिना) और फ्रीमॉन्ट (कैलिफोर्निया) में स्थित हैं। इनका उद्घाटन हाल ही में भव्य समारोह के साथ संपन्न हुआ।

बताया जा रहा है कि इन मंदिरों के निर्माण में 200 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आई है। इनमें सबसे उल्लेखनीय है क्लीवलैंड का मंदिर, जो पहले एक 100 साल पुराना ईसाई चर्च हुआ करता था। संप्रदाय ने इस भवन को 2023 में लगभग 180 करोड़ रुपये में खरीदा और केवल दो वर्षों में इसे हिंदू मंदिर में परिवर्तित कर दिया। इस परिवर्तन में मूल ईसाई वास्तुकला को सुरक्षित रखा गया है, लेकिन मंदिर को बाहर से भारतीय शैली के शिखरों और गुंबदों से सजाया गया। यह बदलाव भारतीय परंपरा और पश्चिमी इतिहास का अद्भुत मेल प्रस्तुत करता है। इसका कुल एरिया 4.13 एकड़ में फैला हुआ है, जबकि निर्मित क्षेत्र 19,196 वर्गफुट का है। यह मंदिर अब अमेरिका में बसे भारतीय प्रवासियों और स्थानीय श्रद्धालुओं के लिए एक धार्मिक और सांस्कृतिक केंद्र बन चुका है।

वैश्विक स्तर पर बढ़ती भारतीय आध्यात्मिकता स्वामीनारायण संप्रदाय न केवल अमेरिका, बल्कि ब्रिटेन और कनाडा में भी पुराने चर्चों को खरीदकर उन्हें मंदिरों में बदल चुका है। अमेरिका में इनके वर्जीनिया, डेलावेयर, केन्टुकी, न्यू जर्सी और कैलिफोर्निया में भी ऐसे कई मंदिर स्थापित किए जा चुके हैं।

इन चुनौतियों को किया पार

अमेरिका जैसे देश में धार्मिक ढांचे का स्वरुप बदलना अपने आपमें दुरुह कार्य रहा। इनमें सबसे ज्यादा मंदिर निर्माण के लिए संप्रदाय को 15 से अधिक सरकारी मंजूरियाँ लेनी पड़ीं—जैसे किः ज़ोनिंग परमिशन, पर्यावरणीय स्वीकृति, सुरक्षा और अग्नि नियमों की मंजूरी आदि प्रमुख हैं। इन सभी चुनौतियों के बावजूद, संप्रदाय ने यह कार्य समयबद्ध, सुनियोजित और भव्य तरीके से पूर्ण किया।

इसे देखते हुए अब कहा जा रहा है कि यह केवल मंदिर निर्माण की बात नहीं है, बल्कि यह भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत के वैश्विक प्रचार-प्रसार की मिसाल भी है। इन मंदिरों के माध्यम से अमेरिका में बसे भारतीयों को अपनी जड़ों से जुड़ने का अवसर मिला है और पश्चिमी समाज को भारत की आध्यात्मिक धरोहर से रूबरू कराने का बेहतरीन प्रयास भी है।

## शेख हसीना को 6 माह की सजा, बढ़ सकती हैं पूर्व पीएम की मुश्किले

ढाका(ईएमएस)। बांग्लादेश की एक अदालत ने पूर्व पीएम शेख हसीना को छह महीने की कैद की सजा सुनाई है। हसीना पर बांग्लादेश में इस वक्त 100 से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं। यह अबतक पहला मामला है, जिसमें सजा का ऐलान किया गया है। हसीना पर अदालत की अवमानना के केस में यह सजा सुनाई गई है। शेख हसीना इस वक्त भारत में है। बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार है। कोर्ट ने शेखा हसीना से जुड़े फैसले में गैबांधा के गोविंदगंज के शकील अकंद बुलबुल को दो महीने की जेल की सजा सुनाई। यह पहली बार है जब अवामी लीग नेता को 11 महीने पहले पद छोड़ने और देश से भागने के बाद किसी मामले में सजा सुनाई गई है। 1 जुलाई को शेख हसीना ने मानवता के खिलाफ अपराध करने के आरोपों से इनकार किया था। अभियोजकों ने उनके खिलाफ उकसाने, भड़काने, मिलीभगत, सुविधा और साजिश और सामूहिक हत्या को रोकने में विफलता के संबंध में पांच आरोप दायर किए थे। इसी से जुड़े मामले में अदालत की अवमानना को देखते हुए यह एक्शन लिया गया है।शेख हसीना की अवामी लीग की तरफ से जारी बयान में इसे दिखावटी मुकदमा करार दिया गया।

# अमेरिका ने यूक्रेन को हथियार देना किया बंद, गदगद हो गया रूस

कीव(ईएमएस)। बीते तीन साल से रूस और यूक्रेन, युद्ध की आग में जल रहे हैं। इस आग में अमेरिका लगातार घी डालता रहा। नतीजा ये हुआ कि दोनो ही देशों को इससे भारी नुकसान हुआ। अब अमेरिका ने यूक्रेन को हथियार देना बंद कर दिया है। इससे रूस गदगद हो गया है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने अपने हथियारों के जखीरे की कमी के चलते यूक्रेन को भेजी जा रही मिसाइलों और हथियार की खेप पर अचानक रोक लगा दी है। ये फैसला ऐसे वक्त में आया है जब रूस ने जून में रिकॉर्ड 5,337 ड्रोन यूक्रेन पर दागे हैं। यह एक महीने में अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला है।

वाइट हाउस की डिप्टी प्रेस सेक्रेटरी एना केली ने बयान जारी कर कहा, यह फैसला अमेरिका की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखकर लिया गया है। हमारी फौज की ताकत आज भी अडिग है। विश्वास न हो तो ईरान से पूछ लीजिए। लेकिन दूसरी ओर यूक्रेन की हालत बेहद नाजुक हो चली है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा, हम अमेरिका से हर स्तर पर बातचीत कर रहे हैं, क्योंकि हमें एयर डिफेंस की सख्त जरूरत है। अमेरिका की इस 'स्टॉक चेक' नीति के चलते यूक्रेन को पेट्रियट मिसाइलें, स्टिंगर सिस्टम्स, हेलफायर मिसाइलें, और एफ-16 से छोड़ी जाने वाली एम्स मिसाइलें फिलहाल नहीं मिलेंगी। क्रेमलिन ने बुधवार को इस फैसले का स्वागत किया। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने संवाददाताओं से कहा, यूक्रेन को जितने कम हथियार दिए जाएंगे, युद्ध उतना ही खत्म होने के करीब होगा।

एक तरफ अमेरिका ने हथियारों की सप्लाई रोकी है तो दूसरी तरफ यूक्रेन को दूसरा झटका भी लगा है। रिपोर्ट के मुताबिक उत्तर कोरिया अब रूस को 30,000 और सैनिक भेजने की तैयारी में है। ये संख्या पिछले साल भेजे गए सैनिकों से तीन गुना ज्यादा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि उत्तर कोरियाई सैनिक यूक्रेन के कब्जे वाले इलाकों में बड़े हमलों में हिस्सा लेंगे। इस पूरे घटनाक्रम में सबसे ज्यादा चिंता की बात ये है कि अमेरिका और यूक्रेन के बीच विश्वास में दरार दिखने लगी है। यूक्रेन के विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी राजनयिक को बुलाकर सख्त संदेश दिया कि अगर 'हथियारों की सप्लाई में देरी रूस को और हौसला देगी।' यूक्रेन ने कहा कि उसने कीव में कार्यवाहक अमेरिकी दूत को बुलाया था।

# रुस से दोस्ती का बदला ले रहा अमेरिका, समय आने पर फैसला लिया जाएगाः जयशंकर

वाशिंगटन,(ईएमएस)। भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने अमेरिका द्वारा रूसी तेल के प्रमुख खरीदारों पर 500 प्रतिशत टैरिफ लगाने की योजना पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि भारत उस समय उचित कदम उठाएगा, जब यह मामला सामने आएगा।

दरअसल जयशंकर अमेरिका के चार दिवसीय दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने साफ किया कि भारत ने अमेरिका के उस सांसद के सामने अपनी ऊर्जा सुरक्षा को लेकर चिंता जाहिर कर दी है, जो कि रूस से व्यापार करने वाले देशों पर 500 प्रतिशत शुल्क लगाने वाला विधेयक पेश किया है। जयशंकर ने कहा, इसतरह के घटनाक्रम, जो भारत के हित में हों या उस पर प्रभाव डाल सकते हों, हम उन्हें बेहद करीब से ट्रैक करते हैं। उन्होंने बताया कि भारत



और भारतीय दूतावास अमेरिकी रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम के संपर्क में हैं। ग्राहम वहीं सीनेटर हैं, जिन्होंने यह सख्त विधेयक लेकर आए है। विधेयक पेश कर उन्होंने विशेष रूप से भारत और चीन का नाम लेकर आरोप लगाया था कि ये देश मिलकर पुतिन का 70 प्रतिशत तेल खरीद रहे हैं।

जयशंकर ने कहा, मुझे लगता है कि हमारे देश को अपनी ऊर्जा सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं और हितों को ग्राहम के साथ स्पष्ट रूप से साझा किया है। अब यह देखना होगा कि यह बिल कितना आगे बढ़ता है। जब समय आएगा, तब इस पर फैसला लिया जाएगा। राष्ट्रपति ट्रंप इस विधेयक को समर्थन दे चुके हैं। यह विधेयक उन देशों पर 500 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की मांग करता है, जो अब भी रूस से व्यापार कर रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह विधेयक अमेरिका की उस रणनीति का हिस्सा है, जिसके जरिए वह रूस पर यूक्रेन युद्ध को लेकर बातचीत के लिए दबाव बनाना चाहता है। अगर यह विधेयक पास हो जाता है, तब भारत से अमेरिका को होने वाला निर्यात बुरी तरह प्रभावित हो सकता है। 500 प्रतिशत शुल्क भारतीय व्यापार के लिए एक बड़ा झटका साबित होगा।

इस बीच, भारत और अमेरिका एक व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में काम कर रहा हैं। इस समझौते का उद्देश्य ट्रंप द्वारा अप्रैल में घोषित 26 प्रतिशत जवाबी टैरिफ से बचना है। अगर यह समझौता हो जाता है, तब भारतीय निर्यातकों को अमेरिका में बड़ी राहत मिल सकती है। भारत की रूस से कच्चे तेल की खरीद लगातार बढ़ रही है। मई 2025 में यह आयात 1.96 मिलियन बैरल प्रतिदिन तक पहुंच गया, जो पिछले 10 महीनों में सबसे अधिक है। अब स्थिति यह है कि भारत ने पश्चिम एशियाई देशों से ज्यादा तेल रूस से खरीदना शुरू कर दिया है।

### जयशंकर ने की अमेरिकी एफबीआई और खुफिया प्रमुख से मुलाकात

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को अमेरिका के संघीय जांच ब्यूरो के निदेशक काश पटेल और राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड से मुलाकात की। गबार्ड से मुलाकात के बाद उन्होंने एक्स पर बताया कि दोनों के बीच वैश्विक स्थिति और द्विपक्षीय सहयोग पर बातचीत हुई। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि पटेल से मिलकर उन्हें बहुत खुशी हुई और वे संगठित अपराध, मादक पदार्थों की तस्करी और आतंकवाद का मुकाबला करने में हमारे योगदान की सराहना करते हैं।

अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में नशीली दवाओं की तस्करी रोकना सबसे महत्वपूर्ण मुद्दों में से एक है। अमेरिकी अधिकारियों के साथ विदेश मंत्री की बैठक से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारत में चल रहे अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी अभियान पर कार्रवाई की घोषणा की, जिसका तार अमेरिका तक फैला हुआ है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक भारत के नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने खुफिया जानकारी साझा की, जिसके कारण अमेरिकी ड्रग एनफोर्समेंट एडमिनिस्ट्रेशन (यूएसडीईए) ने एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी नेटवर्क के सरगना को गिरफ्तार किया है। अलाबामा में दवाइयों की बड़ी खेप भेजने वाला जोएल हॉल गिरफ्तार किया गया। उसके पास से 17 हजार से ज्यादा प्रतिबंधित दवाओं की गोलियां जब्त की गई। विदेश मंत्री जयशंकर को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री पेनी वोंग और जापान के विदेश मंत्री ताकेशी इवाया के साथ क्वाड मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लेने के लिए यहां आए थे। वह दोनों देशों के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करने के लिए प्रमुख अमेरिकी अधिकारियों से मुलाकात कर रहे हैं।

## कमला हैरिस बनेंगी कैलिफोर्निया की गवर्नर

कैलिफोर्निया,(ईएमएस)। अमेरिका की पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस अगर 2026 में कैलिफोर्निया की गवर्नर की दौड़ में उतरती हैं तो उन्हें पहले से ही मजबूत जन समर्थन हासिल है। यह दावा यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, इरविन के स्कूल ऑफ सोशल इकोलॉजी द्वारा जारी एक नए सर्वे में किया है। कमला हैरिस को डेमोक्रेटिक प्रत्याशियों में 24 फीसदी वोटरों का समर्थन मिला है। दूसरे स्थान पर रियल एस्टेट कारोबारी रिक कारुसो हैं, जिन्हें सिर्फ 9 फीसदी समर्थन मिला। 40 फीसदी मतदाता अभी अपना मत तय नहीं कर पाए हैं।

मीडिया रिपोर्ट में एक अनाम रिपब्लिकन के खिलाफ हैरिस को 41 फीसदी समर्थन मिलता दिख रहा है। वहीं 29 फीसदी मतदाता रिपब्लिकन के पक्ष में हैं, 16फीसदी ने अपना स्टैंड अभी साफ नहीं किया है। 14 फीसदी वोटर वोट नहीं देंगे। कमला हैरिस ने अभी तक आधिकारिक रूप से चुनाव लड़ने की घोषणा नहीं की है, लेकिन वह जुलाई-अगस्त के अंत तक निर्णय लेने की तैयारी में हैं। उन्होंने अपने पुराने समर्थकों से बातचीत शुरू कर दी है। कुछ लोग 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में उनकी हार को देखते हुए संकोच में हैं। कमला हैरिस को नाम पहचान और जबरदस्त फंडिंग क्षमताओं का फायदा है। वहीं अटॉर्नी जनरल रॉब बॉन्टा ने चुनाव न लड़ने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि कमला हैरिस की संभावित उम्मीदवारी ने मैदान को साफ कर दिया है।

## ट्रंप के आरोप पर ममदानी का पलटवार, विफलताओं से ध्यान हटाने ऐसा कर रहे

न्यूयॉर्क (ईएमएस)। न्यूयॉर्क के भारतीय मूल के मेयर पद के उम्मीदवार ज़ोहरान ममदानी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर पलटवार किया है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने उन्हें निर्वासित करने की धमकी दी थी। अब ममदानी ने ट्रंप को हताश बताया है। ममदानी ने ट्रंप पर लोगों को विभाजित करने और कामकाजी वर्ग के अमेरिकियों की मदद करने में अपनी विफलताओं से ध्यान हटाने के लिए निजी हमले करने का आरोप लगाया है। वीडियो में ममदानी ने पीछे न हटने की कसम खाई और कहा कि वह असहमति को दबाने के रिपब्लिकन प्रयासों के खिलाफ लड़ाई जारी रखूंगा।

ममदानी ने कहा कि कल, ट्रम्प ने कहा कि मुझे गिरफ्तार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुझे निर्वासित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुझे नागरिकता से वंचित किया जाना चाहिए। वह ये बातें सिर्फ़ इसलिए नहीं कह रहे हैं क्योंकि मैं कौन हूँ, एक संभावित पहला अप्रवासी मेयर, पहला मुस्लिम और इस शहर का पहला दक्षिण एशियाई मेयर- बल्कि इसलिए भी क्योंकि वह उस बात से ध्यान हटाना चाहते हैं जिसके लिए मैं लड़ता हूँ। मैं कामकाजी लोगों के लिए लड़ता हूँ।

ममदानी ने दावा किया कि ट्रम्प उन पर बिल पर चर्चा से बचने के लिए हमला कर रहे हैं, जिसके बारे में उनका तर्क है कि इससे स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच कम हो जाएगी और ज़्यादा लोग भूखे रह जाएँगे। उनकी यह टिप्पणी ट्रम्प द्वारा संघीय आव्रजन अधिकारियों के साथ न्यूयॉर्क शहर के सहयोग को सीमित करने के उनके वादे पर ममदानी को गिरफ़्तार करने की धमकी दिए जाने के एक दिन बाद आई है।

## दिल्ली से वाशिंगटन के लिए उड़ी एयर इंडिया की फ्लाइट.....लेकिन पहुंची नहीं

वियना,(ईएमएस)। नई दिल्ली से वाशिंगटन जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट ऑस्ट्रिया के वियना में ईंधन भरने के लिए रुकी, लेकिन वहां से उड़ान नहीं भरी। रिपोर्ट में बताया गया हैं कि विमान ने 2 जुलाई को दिल्ली से उड़ान भरी और वियना में उतरी। जबकि उसी दिन वाशिंगटन के लिए प्रस्थान निर्धारित था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा, 2 जुलाई को दिल्ली से वाशिंगटन जाने वाली फ्लाइट ने वियना में ईंधन भरने के लिए एक नियोजित स्टॉप बनाया। नियमित विमान जांच के दौरान, एक विस्तारित रखरखाव कार्य की पहचान हुई। जिसे उड़ान से पहले सुधार की आवश्यकता थी और इस प्रकार, पूरा होने के लिए अतिरिक्त समय चाहिए था। इसकारण वियना से वाशिंगटन, डीसी तक की उड़ान रद्द कर दी गई और यात्रियों को उतार दिया गया। व्यवधान ने वाशिंगटन से दिल्ली के लिए वियना के रास्ते वापसी सेवा को भी प्रभावित किया, जिसे बाद में रद्द कर दिया गया। एयर इंडिया ने कहा कि प्रभावित यात्रियों को वैकल्पिक उड़ानों में फिर से बुक किया गया है या उन्हें पूरा रिफंड दिया गया है।

## हथियारों की होड़ः इजरायल ने खरीदा ब्रह्मास्त्र, टच करते ही चिंदी बम भी बन जाएगा स्मार्ट

तेलअवीव,(ईएमएस)। इस वक्त दुनिया में खतरनाक से खतरनाक हथियार जुटाने और इसका जखीरा बढ़ाने की होड़ लगी हुई है। जंग के मैदान बने दुनिया के कई हिस्सों में हर तरफ गोले-बारूद और मिसाइलों से हुआ विनाश ही दिखाई देता है। बावजूद इसके युद्ध में कूद पड़े देश अपने हथियारों के जखीरे को बढ़ाने पर ही काम कर रहे हैं। इसी कड़ी में अब इजरायल, अमेरिका से ऐसे हथियार खरीद रहा है, जिसका वार कभी खाली नहीं जाता। इजरायल-ईरान के युद्ध में इजरायल ने अपने हथियारों को जो डिस्प्ले किया, वो दुनिया ने देखा। हालांकि ईरान ने भी इसका जवाब धमाकेदार मिसाइलों से दिया था। ऐसे में अब इजरायल अपने तरकश में ऐसे स्मार्ट बम जोड़ रहा है, जो दुश्मन के ठिकानों को नेस्तनाबूत कर देगा। ये सौदा भी कोई छोटा-मोटा नहीं है बल्कि ये पूरे 43,691 करोड़ रुपये का है। अमेरिका ने 30 जून, 2025 को इजराइल के लिए $510 मिलियन ( 43,691 करोड़ ) का एक बड़ा रक्षा सौदा मंजूर किया है। इस भारी-भरकम सौदे के तहत इजरायल अमेरिका से 7,000 से अधिक जेडम गाइडेंस किट खरीद रहा है। इन किट्स का उद्देश्य इज़राइली वायुसेना की सटीक हमले की क्षमता को और भी ज्यादा मजबूत करना है। ये डिफेंस डील की ओर से अमेरिकी कांग्रेस को भेजे गए नोटिफिकेशन के तहत हुई है।

## मनाली में फिर तबाहीः अटल टनल से पहले सोलंग नाले में आई बाढ़, नेशनल हाईवे हुआ बंद

मनाली,(ईएमएस)। हिमाचल प्रदेश में बारिश का कहर जमकर बरस रहा है। यहां के मनाली में एक बार फिर से फ्लैश फ्लड आया है। मनाली से करीब 15 किमी ऊपर जाकर लेह मनाली हाईवे पर सोलंग के पास स्थित स्नो गैलरी के समीप अचानक नाले में बाढ़ आ गई। इस वजह से मनाली-केलांग लेह नेशनल हाईवे वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से बंद हो गई है। बाढ़ के चलते सड़क पर मलबा और पानी भर गया, जिससे यातायात बाधित हो गया। फ्लैश के बाद के कुछ वीडियो भी सामने आए हैं, जिसमें साफ नजर आ रहा है कि पत्थर और मलबा स्नो गैलरी में भी घुसा है। वहीं, हाईवे के ऊपर से नाला बह रहा है। ऐसे में हाईवे की बहाली में समय लगने का अनुमान है। गौरतलब है कि हाईवे बंद होने से अब मनाली पहुंचने के लिए 70 किमी का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ेगा और रोहतांग होते हुए मनाली आना होगा। अब आधे घंटे के सफर के लिए करीब तीन से चार घंटे लगेंगे।बीआरओ ने मार्ग को बहाल करने के लिए मौके पर मशीनरी तैनात कर दी है और राहत कार्य जारी है। हालांकि, अभी तक किसी तरह के जानी नुकसान की सूचना नहीं है। फिलहाल, केलांग की ओर जाने वाले और मनाली आने वाले वाहनों को वैकल्पिक मार्ग रोहतांग दर्रे के जरिए भेजा जा रहा है। प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है।बता दें कि 25 जून को कुल्लू घाटी में भारी बारिश के चलते सैंज, मणिकर्ण और मनाली में फ्लैश फ्लड आ गए थे। इस दौरान मनाली के वाहंग में चार दुकानें बह गई थी। जबकि हाईवे का एक हिस्सा टूट गया था।

## पाकिस्तान के मददगार अजरबैजान को सबक सिखाने की तैयारी में रूस

मॉस्को(ईएमएस)। पाकिस्तान के खिलाफ भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया था। इस दौरान अजरबैजान ने पाकिस्तान की जमकर मदद की थी। अब इस देश ने रूस से भी पंगा लेना शुरु कर दिया है। माना जा रहा है कि रूस अजरबैजान को सबक सिखाने की तैयारी कर रहा है। रूस और अजरबैजान के बीच हाल के दिनों में तनाव तेजी से बढ़ा है। ये दोनों देश कभी सोवियत संघ का हिस्सा थे और लंबे समय तक एक-दूसरे के करीबी सहयोगी रहे, लेकिन अब एक गंभीर राजनयिक विवाद में उलझ गए हैं। इस तनाव की शुरुआत कुछ खास घटनाओं से हुई, जिन्होंने दोनों देशों के रिश्तों को गहरी चोट पहुंचाई है। अजरबैजान के बारे में बता दें कि इस देश के भारत के भी रिश्ते कुछ खास नहीं हैं। अजरबैजान खुलकर भारत के दुश्मन देश यानी पाकिस्तान का समर्थन करता है। 27 जून को रूस के येकातेरिनबर्ग शहर में रूसी पुलिस ने अजरबैजानी मूल के लोगों के खिलाफ एक बड़ी छापेमारी की।

# युवराज और सचिन भी हुए शुभमन और यशस्वी की बल्लेबाजी से प्रभावित

मुम्बई (ईएमएस)। सचिन तेंदुलकर और युवराज सिंह ने शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल की जमकर प्रशंसा की है। शुभमन ने इंग्लैंड दौरे में लगातार दूसरा शतक लगाया है। शुभमन ने दूसरे टेस्ट में जहां नाबाद 114 रन बनाये हैं। वहीं यशस्वी ने 87 रनों की पारी खेलकर खेली। इंग्लैंड में विपरीत हालातों में इनकी बल्लेबाजी से सचिन और युवराज काफी प्रभावित हैं।

इन दोनो ने ही शुभमन गिल व यशस्वी जायसवाल की जमकर प्रशंसा की है। सचिन ने यशस्वी जायसवाल को लेकर कहा, "उसने पहली गेंद से ही लय हासिल कर ली। वह सकारात्मक, निडर और चतुराई से आक्रामक बल्लेबाजी करता दिखा। वहीं शुभमन को लेकर कहा, हमेशा की तरह शांत, दबाव में शांत, डिफेंस में मजबूत और पूरी तरह से पारी पर नियंत्रण करते दिखा। दोनों ने शानदार पारी खेली।"

वहीं शुभमन के गुरु रहे युवराज ने कहा, "जब जिम्मेदारी आती है, तो कुछ लोग आगे बढ़ते हैं और कुछ ऊंची उड़ान भरते हैं। शुभमन टेस्ट कप्तान के रूप में लगातार शतक बनाने वाले इन्हीं खिलाड़ियों में से एक हैं। शांत दिमाग, बोल्ड बल्लेबाजी और उदाहरण पेश करके नेतृत्व करने की क्षमता उनमें है।" वहीं उनकी इस बल्लेबाजी से



उन लोगों को करारा जवाब मिला है जो कप्तान बनाते समय आरोप लगाते रहे हैं कि कमजोर बल्लेबाजी के कारण शुभमन की जगह टेस्ट में पक्की नहीं है।

## शुभमन में दिखी विराट की झलक

भारतीय टेस्ट टीम के नये कप्तान शुभमन गिल की बल्लेबाजी कप्तानी संभालने के बाद एकदम से बदली नजर आ रही है। जिस प्रकार उन्होंने अब तक दोनो ही मैचों में शतक लगाये हैं उससे सभी हैरान हैं। एजबेस्टन टेस्ट में शतक पूरा करने के बाद शुभमन ने जिस अंदाज में जश्न मनाया उससे उनमें विराट कोहली की झलक दिखी। उन्होंने हेलमेट हवा में उठाया, भीड़ की ओर झुककर अभिवादन किया, बल्ले को चूमा और जोरदार गर्जना की।

कुछ लोगों को इससे देखकर विराट की भी याद आ गई। विराट ने इसी मैदान पर कप्तान के तौर पर साल 2018 के दौरे में शानदार शतक लगाया था। उसके बाद विराट ने जिस आक्रामक अंदाज में जश्न मनाया। वैसा ही कुछ शुभमन ने भी किया। शुभमन की सफलता भारतीय क्रिकेट के लिए भी एक नई उम्मीद बनकर उभरी हैं। शुभमन ने नंबर-4 पर आकर उस समय पारी को संभाला, जब भारत ने शुरुआत में ही विकेट खो दिये थे और टीम दबाव में थी। वह अब उन बल्लेबाजों की सूची में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ लगातार तीन टेस्ट मैचों में शतक लगाया है। इससे पहले यह कारनामा दिलीप वेंगसरकर, मोहम्मद अजहरुद्दीन और राहुल द्रविड़ ने किया था। शुभमन की पारी से ही भारतीय टीम पहले दिन का खेल खत्म होने तक पांच विकेट पर 310 रन बना पायी।

# अब तन्वी की नजरें एशियाई जूनियर चैंपियनशिप पर लगीं



चंडीगढ़ (ईएमएस)। उभरती हुई बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी शर्मा अब अगले महीने होने वाली एशियाई जूनियर चैंपियनशिप में पदक जीतने की तैयारी करेंगी। इसके लिए वह गुवाहाटी में भारतीय बैडमिंटन टीम के शिविर में शामिल होगी। ये टीम अगले महीने इंडोनेशिया में होने वाली एशियाई जूनियर चैंपियनशिप में भाग लेगी। तन्वी ने हाल ही में हाल ही में बीडब्लूएफ सुपर 300 यूएस ओपन 2025 के महिला एकल वर्ग में रजत पदक जीता था। तन्वी को बीडब्लूएफ सुपर 300 यूएस ओपन के महिला एकल के फाइनल में अमेरिका की बेइवेन झांग के खिलाफ तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा था। विश्व में 66वें स्थान पर कायम तन्वी इसके बाद जूनियर विश्व की नंबर 1 खिलाड़ी बन गई है और विश्व बैडमिंटन रैंकिंग में शीर्ष 50 में शामिल हो गई है। बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 में अपने प्रदर्शन से उसने सभी को हैरान किया है। उसने इस दौरान अपने से उंची रैंकिंग वाली प्रतिद्वंद्वियों को हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। तन्वी ने 6 साल की छोटी सी उम्र में बैडमिंटन खेलना शुरू कर दिया था। तन्वी ने पुलेला गोपीचंद बैडमिंटन अकादमी में चार साल से अधिक समय तक प्रशिक्षण लिया है। इस दौरान उसे भारत की कुछ शीर्ष खिलाड़ियों के साथ अभ्यास का अवसर मिला जिससे उसका कौशल भी बेहतर हुआ। इस दौरान तन्वी को अपने परिवार का भी पूरा सहयोग मिला।

# जोकोविच विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंचे, गॉफ और ज्वेरेव बाहर हुए

लंदन (ईएमएस)। सर्बियाई टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच जीत के साथ ही विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंच गये हैं। वहीं जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव हार के साथ ही बाहर हो गये हैं। वहीं महिला वर्ग में अमेरिकका की कोको गॉफ को पहले ही दौर में हार का सामना करना पड़ा है। जोकोविच पहले दौर के मैच में पेट दर्द से भी परेशान रहे। इस कारण उन्हें दो बार मेडिकल हेल्प भी लेनी पड़ी के कारण दो बार डॉक्टर की मदद लेनी पड़ी। जोकोविच ने एलेक्जेंडर मुलर को 6-1, 6-7 (7), 6-2, 6-2 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनायी।

जोकोविच ने कहा, ''मैं मैच के दौरान काफी परेशान था पर किसी प्रकार दवा लेकर खेलने में सफल रहा।'' वहीं एक अन्य मुकाबले में ज्वेरेव को आर्थर रिंडरक्नेच ने पांच सेटों तक चले मुकाबले में 7-6 (3), 6-7 (8), 6-3, 6-7 (5), 6-4 से हराया। महिला एकल की बात करें तो गॉफ पहले दौर में ही हार गयी। उन्हें दयाना यास्त्रेम्स्का ने 7-6 (3), 6-1 से पराजित किया। वहीं इस साल फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले लोरेंजो मुसेट्टी भी पहले दौर में ही हार कर बाहर हो गये। उन्हें निकोलोज बेसिलशविली ने हराया। इस तरह से विंबलडन में पहले दो दिन में 23 वरीयता प्राप्त खिलाड़ी बाहर हो गये हैं।



लंदन में विंबलडन टेनिस चैम्पियनिप में अंक मिलने के बाद उत्साहित होते हुए कार्लोस अल्कारेज।



लंदन विंबलडन टेनिस चैम्पियनशिप में बेलारुस की आर्यका सबालेंका महिला एकल मुकाबले में खेलती हुईं।

# दिल्ली प्रीमियर लीग की नीलामी में शामिल होंगे ऋषभ, इशांत जैसे सितारे

## लीग में दो नई फ्रेंचाइजी जुड़ीं

नई दिल्ली (ईएमएस)। दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के दूसरे सत्र के लिए नीलामी की दौड़ में ऋषभ पंत, इशांत शर्मा, प्रियांश आर्य, आयुष बडोनी, हर्षित राणा, दिग्वेश राठी जैसे खिलाड़ी भी शामिल हैं। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने इस सत्र के लिए दिल्ली प्रीमियर लीग में दो नई पुरुष फ्रेंचाइजी जोड़ी हैं। इसमें आउटर दिल्ली फ्रेंचाइजी को सविता पेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम ने 10.6 करोड़ रुपए, वही नई दिल्ली फ्रेंचाइजी को भीमा टोलिंग एंड ट्रैफिक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड और क्रेयॉन एडवरटाइजिंग लिमिटेड के कंसोर्टियम ने 9.2 करोड़ रुपए में खरीदा है।

इससे अब इस लीग में टीमों की संख्या 6 से बढ़कर आठ पहुंच गई है। वहीं इसमें पहले से ही सेंट्रल दिल्ली किंग्स, ईस्ट दिल्ली राइडर्स, नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स, पुरानी दिल्ली 6, साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज और वेस्ट दिल्ली लायंस जैसी टीमें शामिल हैं। दूसेर सत्र के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 6 और 7 जुलाई को राजधानी में होगी। पुरुषों क्रिकेट टीम के लिए नीलामी 6 जुलाई को होगी, वहीं महिला क्रिकेट टीम के लिए नीलामी 7 जुलाई को होगी।




सबसे महित्वपूर्ण बात यह है कि पुरुषों की नीलामी में कई बेहतरीन खिलाड़ी शामिल होंगे जिनमें ऋषभ पंत, इशांत शर्मा जैसे नामी खिलाड़ी और प्रियांश आर्य, आयुष बडोनी, हर्षित राणा, दिग्वेश राठी, हिम्मत सिंह, सुयश शर्मा, मयंक यादव और अनुज रावत जैसे उभरते सितारे भी शामिल हैं। डीपीएल से ही प्रियांश आर्य, दिग्वेश राठी और कई अन्य प्रतिभाएं उभरीं हैं। ऐसे में भविष्य के सितारों के लिए ये लीग और भी अहम हो जाती है।

# स्पॉट फिक्सिंग में प्रतिबंधित रहे अंकित बने मुम्बई टीम के कोच

मुम्बई (ईएमएस)। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) ने पूर्व स्पिनर अंकित चव्हाण को नया कोच बनाया है। जिससे सभी हैरान हैं। अंकित 2013 स्पॉट फिक्सिंग मामले के आरोपी रहे हैं। स्पॉट फिक्सिंग में फंसने के बाद अंकित पर प्रतिबंध लग गया था पर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने साल 2021 में इसे घटाकर सात साल कर दिया था। जिससे वह दो साल पहले ही खेल में वापसी कर पाए हैं। अंकित ने अपने करियर में 18 फर्स्ट क्लास, 20 लिस्ट ए और 13 आईपीएल मैच खेले हैं। ये स्पिनर प्रतिबंध के दौरान भी मुंबई के कर्नाटक स्पोर्ट्स क्लब के लिए क्लब क्रिकेट खेलता रहा और उसने कोचिंग के लिए जरुरी लेवल-1 परीक्षा भी पास की। जिससे उसे एक और अवसर खेल से जुड़ने का मिला है। इस क्रिकेटर ने कहा है कि यह मेरे लिए दूसरी पारी है और मैं इसका बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। जिंदगी में हमेशा वापसी का अवसर होता है। इसके लिए मैं मुंबई क्रिकेट संघ का आभारी भी हूं, जिन्होंने मुझ पर भरोसा जताया। कोचिंग मेरे मन में पहले से थी और मुझे आने वाली कठिन चुनौतियों के बारे में पता है। मैं अंडर-14 क्रिकेट के खिलाड़ियों की बुनियादी तकनीकों पर काम करना चाहता हूं ताकि वे अपने खेल में बेहतर हो सकें। गौरतलब है कि 2013 में बीसीसीआई की अनुशासन समिति ने एस. श्रीसंत, अजीत चंडिला और अंकित चव्हाण को आईपीएल में स्पॉट फिक्सिंग का दोषी मानते हुए आजीवन प्रतिबंध लगाया था। साल 2015 में दिल्ली की ट्रायल कोर्ट ने सबूतों के अभाव में इन सभी खिलाड़ियों को बरी कर दिया हालांकि बीसीसीआई ने प्रतिबंध जारी रखा। बाद में जून 2021 में बीसीसीआई ने सभी पर से प्रतिबंध को घटाकर सात साल कर दिया.

## भारतीय टीम को आक्रामक गेंदबाजी करनी होगी



लंदन (ईएमएस)। इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर मोंटी पनेसर ने कहा है भारतीय टीम अगर दूसरे टेस्ट के साथ ही सीरीज भी जीतना चाहती है तो उसे अपनी रणनीति पर ध्यान देना होगा। इसके लिए उसके गेंदबाजों को आक्रामक रुख अपनाते हुए नई गेंद से विकेट लेने होंगे। पनेसर ने कहा कि मेजबान टीम पहले 10 ओवर में बहुत धीरे-धीरे खेलती है क्योंकि गेंद स्विंग करती है। वहीं जब गेंद में तेजी नहीं रहती तो वह तेजी से रन बनाती है। इसलिए वे जो कर रहे हैं वह यह है कि वे ज़्यादा सूझबूझ से आक्रामक क्रिकेट खेल रहे हैं। ऐसे में भारतीय टीम को भी आक्रामक रवैया अपनाते हुए विकेट लेने चाहिये। उन्हें यही करना है और अगर वे ऐसा नहीं करते हैं, तो मुझे लगता है कि वे हमेशा पीछे रह जाएंगे। उन्हें ऑस्ट्रेलिया की तरह नई गेंद से विकेट लेने की जरूरत है। उन्हें यहां भी यही करना होगा। टेस्ट मैच जीतने का तरीका यह है कि भारत को नई गेंद से विकेट लेने चाहिए। इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि टेस्ट कप्तान के तौर पर युवा शुभमन गिल के अनुभवहीन होने से शुरुआत निश्चित रूप से अच्छी नहीं रही, क्योंकि टीम को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत में ही हार का सामना करना पड़ा है पर अब उन्हें सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आक्रमण तैयार करने का प्रयास करना चाहिये। उनका मानना है कि प्रसिद्ध कृष्णा को काफी बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत है। वहीं रविन्द्र जडेजा रक्षात्मक स्पिनर हैं, मुझे लगता है कि इससे उन्हें विकेट लेने में मदद मिलेगी।

# वैभव की आक्रामक बल्लेबाजी से भारतीय अंडर-19 टीम ने तीसरा एकदिवसीय जीता

## इंग्लैंड अंडर-19 को चार विकेट से हराया

लंदन (ईएमएस)। 14 साल के वैभव सूर्यवंशी की आक्रामक बल्लेबाजी की सहायता से भारतीय अंडर-19 टीम ने तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में भी इंग्लैंड अंडर 19 टीम को 4 विकेट से हरा दिया। भारतीय टीम की ओर से वैभव ने सबसे अधिक 86 रन बनाये। इस जीत के साथ ही भारतीय जूनियर टीम को 5 मैचों की एकदिवसीय सीरीज में 2-1 की बढ़त मिल गयी है। भारतीय टीम ने पहला एकदिवसीय 6 विकेट से जीता था जबकि दूसरे एकदिवसीय में इंग्लैंड ने शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की थी। वहीं अब भारतीय टीम ने तीसरा एकदिवसीय जीतकर एक बार फिर सीरीज में बढ़त बनायी है। वहीं बारिश से प्रभावित इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने कप्तान थॉमस रेउ के 76 और बेन डॉकविंस के 62 रनों की सहायता से 6 विकेट पर 268 रन बनाए। भारत की ओर से कनिष्क चौहान ने सबसे अधिक 3 विकेट लिए।

इस मैच में इंग्लैंड ने जीत के लिए भारतीय टीम को 269 रनों की चुनौती दी थी। जिसे भारतीय टीम ने 34.3 ओवर में ही 6 विकेट के नुकसान पर 274 रन बनाकर हासिल कर लिया। भारतीय टीम की ओर से अभिज्ञान कुंडू और वैभव सूर्यवंशी ने पहले विकेट के लिए 38 रन बनाये। कुंडू के 12 रन बनाकर आउट होने के बाद भी वैभव तेजी से खेलते रहे और विहान मल्होत्रा के साथ उन्होंने दूसरे विकेट के लिए 73 रन बनाये। विहान 46 रन बनाकर पेवेलियन लौटे। वैभव ने 277.42 के स्ट्राइक रेट से 86 रन बनाए।

इसके अलावा कौशिक चौहान ने नाबाद 43 रन जबकि आरएस अंबरीश ने भी नाबाद 31 रन बनाए। मेजबान इंग्लैंड की ओर से एलेक्स वेड ने सबसे अधिक 2 विकेट लिए। इससे पहले इंग्लैंड ने बारिश से प्रभावित मैच में पहले बैटिंग करते हुए 6 विकेट पर 268 रन बनाए. कप्तान थॉमस रेउ ने सबसे ज्यादा 44 गेंदों पर 76 रन बनाए वहीं ओपनर बेन डॉकविंस ने 61 गेंदों पर 62 रन बनाए.

# राष्ट्रीय टीम के अलावा इंग्लैंड में खेल रहे वैभव, तिलक सहित अन्य क्रिकेटरों पर भी रहेंगी गंभीर की नजरें

लंदन (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के साथ ही अंडर-19 टीम भी अभी इंग्लैंड दौरे पर है। इसके अलावा टीम से बाहर चल रहे कई युवा क्रिकेटर यहां काउंटी में खेल रहे हैं। ऐसे में भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर की नजरें मुख्य टीम के अलावा यहां खेल रहे अन्य खिलाड़ियों पर भी रहेंगी। आयुष म्हात्रे की कप्तानी वाली भारतीय अंडर 19 टीम में 14 साल के वैभव सूर्यवंशी सहित कई उभरते हुए क्रिकेटर हैं। इसे अलावा तिलक वर्मा, ईशान किशन सहित कई अन्य युवा खिलाड़ी काउंटी में खेल रहे हैं। काउंटी चैंपियनशिप में हैम्पशायर की ओर से खेल रहे तिलक का अब तक का प्रदर्शन बेहतरीन रहा है। पिछली बार एसेक्स के खिलाफ शानदार



शतक लगाने के बाद इस क्रिकेटर ने वॉर्सेस्टरशायर के खिलाफ 56 रन बनाये। तिलक भारतीय टी20 टीम के सदस्य हैं पर टेस्ट में अब तक जगह नहीं बना पाये हैं।

## मुशीर खान

मुम्बई की ओर से घरेलू क्रिकेट खेलने वाले मुशीर खान ऑलराउंडर हैं। इंग्लैंड में मुंबई इमर्जिंग टीम की ओर से मुशीर ने नॉटिंघमशर की सेकंड इलेवन के खिलाफ पहले मैच की पहली पारी में शतक लगाने के बाद गेंदबाजी में भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए 31 रन देकर 6 विकेट लिए। वह मुम्बई क्रिकेट संघ की ओर से आयोजित दौरे पर एक माह के लिए इंग्लैंड गये हैं।

## ईशान किशन

भारतीय टीम से बाहर चल रहे ईशान किशन काउंटी भी आजकल क्रिकेट खेलकर में शामदार प्रदर्शन कर रहे हैं। नॉटिंघमशायर काउंटी की ओर से खेलते हुए इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने लगातार दो मुकाबलों में अर्धशतक लगाये हैं। समरसेट के खिलाफ मैच में ईशान ने 128 गेंदों में 77 रन बनाए थे। वहीं इससे पहले मैच में भी ईशान ने यॉर्कशायर के खिलाफ 98 गेंदों में 87 रन बनाए थे।

# अगले सत्र में सीएसके से खेल सकते हैं सैमसन

मुम्बई (ईएमएस)। विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन आईपीएल के अगले सत्र में राजस्थान रॉयल्स की जगह पर चेन्नईसुपरकिंग्स (सीएसके) से खेलते नजर आ सकते हैं। सैमसन ने 18 वें सत्र में रॉयल्स की कप्तानी की थी पर टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। ऐसे में अब रॉयल्स आईपीएल के अगले सत्र के लिए नये सिरे से टीम बनाने जा रही है। वह तकरीबन आधे खिलाड़ी बदलने पर विचार कर रही है। रॉयल्स ने अब तक किसी का नाम नहीं बताया है पर जिन खिलाड़ियों के लिए ट्रेड-ऑफ की मांग सबसे अधिक होगी, उनमें से एक सैमसन हो सकते हैं। ऐसे में सैमसन और रॉयल्स की टीम आपसी सहमति से अलग हो सकते हैं। वैसे भी टीम के पास ध्रुव जुरेल के रूप में एक अच्छा विकेटकीपर बल्लेबाज है। आईपीएल में अभी दो टीमों को अच्छे विकेटकीपर-बल्लेबाज की जरूरत है। इसमें सीएस के



और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) है। सीएसके के महेंद्र सिंह धोनी के अगले आईपीएल में खेलने पर संशय बना हुआ है। गौरतलब है कि आईपीएल के अगले सत्र को देखते हुए ट्रेडिंग विंडो बाद चार जून से ही शुरू हो गई थी और यह 2026 के खिलाड़ियों की नीलामी की तारीख से एक सप्ताह पहले तक जारी रहेगी। खिलाड़ियों की नीलामी समापत होने के बाद विंडो फिर से खुलेगी और अगले सत्र की शुरुआत से ठीक एक महीने पहले बंद हो जाएगी। ट्रेड-ऑफ कई तरह के होते हैं। इसमें टीमों की आपसी सहमति के बाद एक ही कीमत पर खिलाड़ियों की अदला-बदली होती है। इसमें अधिक कीमत वाले खिलाड़ी को रखने वाली फ्रेंचाइजी को शेष राशि मिलती है, वहीं एकतरफा नकद सौदा भी होता है इसमें एक फ्रेंचाइजी नीलामी से पहले अपने पर्स को बढ़ाने के लिए खिलाड़ी को बेचती है। ''इसमें सबसे अहम बात यह है कि हर टीम अपनी टीम को मजबूत करने वाली किसी भी चीज के लिए तैयार रहती है। सैमसन पिछले कई वर्षों से राजस्थान टीम का अहम हिस्सा रहे है पर कप्तान के तौर पर रियान पराग के सामने आने के बाद उनके लिए टीम में बने रहना आसान नहीं होगा। पिछले सत्र में जब सैमसन चोटिल थे जब पराग ने टीम की कमान संभाली थी। सैमसन के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी और खराब फार्म से भी रॉयल्स उन्हें बदलना चाहेगी।



सेंट जैकोब पार्क में नार्वे के ग्राहम हेंसन और स्विटजरलैंड की जूलिया स्टीरीली यूईएफए महिला यूरो कप फुटबॉल में गेंद के लिए संघर्ष करते हुए।

# कुत्ते के काटने से कबड्डी खिलाड़ी की मौत

बुलंदशहर (ईएमएस)। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर से एक दुखद खबर आई है। यहां कुत्ते के काटने से एक कबड्डी खिलाड़ी बृजेश की मौत हो गयी है। इस खिलाड़ी ने हाल ही में एक कुत्ते को बचाया था। उसी दौरान उसे कुत्ते ने उंगली में काट लिया था जिसपर इस खिलाड़ी ने ध्यान नहीं दिया। ऐसे में रेबीज वायरस से इसकी मौत हो गयी है। इस खिलाड़ी ने एंटी-रेबीज वैक्सीन नहीं लगवाई थी और यही गलती उसकी मौत का कारण बनी। इसका एक वीडियो भी वीडियो अब सोशल मीडिया पर आया है। बृजेश राज्य चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता थे और प्रो कबड्डी लीग में भाग लेने की तैयारी कर रहे थे। इसी बीच मार्च में फराना गांव में एक कुत्ते का पिल्ला नाली में गिर गया था जिसे बचाने के दौरान ही उन्हें उसने काट लिया था जिसपर बृजेश ने ध्यान नहीं दिया। इसके बाद बृजेश का दायां हाथ सुन होने लगा और इसके बाद पूरा शरीर भी सुन पड़ गया। परिजन उन्हें अस्पताल ले गए पर कोई लाभ नहीं हुआ। दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में रेबीज की पुष्टि होने के बाद इस खिलाड़ी की दर्दनाक मौत हो गयी।

# पाकिस्तान हॉकी एशिया कप के लिए भारत आएगा:मंत्रालय बोला- हम किसी को नहीं रोकेंगे

भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव की स्थिति के बावजूद हॉकी एशिया कप और जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप के लिए पाकिस्तान टीम को भारत आने से नहीं रोका जाएगा। मंत्रालय के सूत्र ने न्यूज एजेंसी PTI से कहा कि हम द्विपक्षीय सीरीज के खिलाफ हैं, लेकिन टूर्नामेंट के लिए हम किसी भी टीम को भारत आने से नहीं रोकेंगे। मंत्रालय के अधिकारी ने कहा, 'इंटरनेशनल स्पोर्ट्स में टीमें तनाव के बावजूद हिस्सा लेती हैं। रूस और यूक्रेन युद्ध के बावजूद टूर्नामेंट खेल रहे हैं। हॉकी एशिया कप 27 अगस्त से 7 सितंबर के बीच बिहार के राजगीर में खेला जाएगा।' भारत और पाकिस्तान क्रिकेट टीमों के बीच



एशिया कप मैच पर अधिकारी ने कहा, 'BCCI ने अब तक इस बारे में सरकार से बात नहीं की है। जैसे ही बोर्ड की ओर से बातचीत होगी, टीम इंडिया के एशिया कप में हिस्सा लेने पर फैसला लेंगे।' पाकिस्तान हॉकी बोर्ड ने अभी तक टूर्नामेंट में आने या न आने पर कोई भी बयान जारी नहीं किया है। लेकिन उसने टूर्नामेंट से खुद को अलग भी नहीं किया है, जिससे माना जा रहा है कि टीम खेलने के लिए भारत आएगी।

## हॉकी इंडिया ने कहा था- सरकार के निर्देश मानेंगे

हॉकी इंडिया के सेक्रेटरी जनरल भोलानाथ सिंह ने कहा था, पाकिस्तान टीम एशिया कप के लिए आएगी या नहीं, इस पर अभी कुछ कहना जल्दबाजी है। पहलगाम में आतंकी हमला और भारत का ऑपरेशन सिंदूर पिछले महीने ही हुआ। ऐसे में इस वक्त कुछ भी कह पाना मुश्किल है। हम शांति कायम होने का इंतजार कर रहे हैं। सरकार के जो भी निर्देश होंगे, हम उनका पालन करेंगे। हॉकी इंडिया के एक अन्य अधिकारी ने कहा था, 'अगर सरकार ने पाकिस्तान को एंट्री देने से मना किया तो उनके बिना टूर्नामेंट कराया जाएगा। सबकुछ सरकार के फैसले पर निर्भर है।' 2016 में पठानकोट एयरबेस पर हुए आतंकी हमले के बाद भारत में जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप हुआ था। तब भी पाकिस्तान हॉकी टीम भारत नहीं आई थी। तब पाकिस्तान की जगह मलेशिया को एंट्री देकर टूर्नामेंट कराया गया था। दोनों देशों में तनाव के बाद पाकिस्तान का जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप के लिए भी भारत आना मुश्किल लग रहा था। टूर्नामेंट चेन्नई और मदुरै में 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक खेला जाएगा। हालांकि, मंत्रालय से आपत्ति नहीं होने के बाद अब जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप के लिए भी पाकिस्तान टीम भारत आ सकती है।

## वर्ल्ड कप में डायरेक्ट एंट्री दिलाता है एशिया कप

नीदरलैंड के एम्सरटडैम में अगले साल 14 से 30 अगस्त तक हॉकी वर्ल्ड कप होगा। एशिया कप जीतने वाली टीम को वर्ल्ड कप में डायरेक्ट एंट्री मिलती है। एशिया कप में 5 बार की चैंपियन साउथ कोरिया डिफेंडिंग चैंपियन है। वहीं भारत और पाकिस्तान को अपने-अपने चौथे टाइटल का इंतजार है। हॉकी एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के अलावा जापान, कोरिया, चीन, मलेशिया, ओमान और चीनी ताइपे भी हिस्सा लेंगी। 4-4 टीमों को 2 ग्रुप में बांटा जाएगा।

# तमिलनाडु प्रीमियर लीग : अश्विन की आक्रामक बल्लेबाजी से जीती डिंडीगुल ड्रैगन्स

चेन्नई (ईएमएस)। डिंडीगुल ड्रैगन्स की कप्तानी करते हुए अश्विन दिग्गज स्पिनर आर अश्विन ने तमिलनाडु प्रीमियर लीग के एक मैच में पारी की शुरुआत करते हुए 48 गेंदों पर ही 83 रन बना दिये। अश्विन अपनी स्पिन गेंदबाजी के लिए जाने जाते हैं पर यहां उन्हें 11 चौके व तीन छक्के लगाकर सभी को हैरान कर दिया। उनकी इस पारी से डिंडीगुल ड्रैगन्स ने ये मैच जीत लिया। अश्विन की पारी से एलिमिनेटर में त्रिची ग्रैंड चोलाज छह विकेट से हार गयी। अब डिंडीगुल ड्रैगन्स का मुकाबला क्वालिफायर-2 में शुक्रवार को चेपॉक सुपर गिलीज से होगा। इसमें विजेता टीम फानल में पहुंचेगी। एलिमिनेटर मुकाबले में अश्विन ने टॉस जीतकर त्रिची ग्रैंड चोलाज को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। अश्विन ने तीन विकेट लेकर उसे करारा झटका दिया। बाद में 141 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अश्निन की डिंडीगुल ड्रैगन्स ने तेजी से रन बनाये। अश्विन ने शिवम सिंह के साथ पहले 5 ओवरों में ही 50 रन बना दिये। शिवम 5वें ओवर में आउट हो गए पर अश्विन ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए त्रिची के गेंदबाजों को कोई अवसर नहीं दिया।

# चीन ने भारत को जरूरी मशीनों की डिलीवरी रोकीः 300 इंजीनियर्स को वापस बुलाया, इससे आईफोन फैक्ट्रियों में काम धीमा हो सकता है

**नई दिल्लीः** चीन ने भारत को जरूरी मशीनों और पार्ट्स की डिलीवरी रोक दी है। ये मशीनें और पार्ट इलेक्ट्रॉनिक्स और ऑटोमोबाइल जैसे सेक्टर्स के लिए बेहद जरूरी हैं। इसके अलावा, भारत में आईफोन बनाने वाली कंपनी फॉक्सकॉन ने अपने 300 से ज्यादा चीनी इंजीनियर्स और टेक्नीशियन्स को भारत से वापस बुलाने का निर्देश दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक चीन ने ऐसा भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को प्रभावित करने के लिए किया है।



## चीनी वर्कर्स के जाने से फैक्ट्रियों में काम धीमा हो सकता है

सूत्रों ने कहा, "चाइनीज कर्मचारियों की संख्या 1% से भी कम है, लेकिन ये प्रोडक्शन और क्वालिटी मैनेजमेंट जैसे अहम ऑपरेशंस में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। चीनी सरकार द्वारा अपने नागरिकों को वापस बुलाने के निर्देश से फैक्ट्रियों में काम धीमा हो सकता है। बीती दिनों चीन ने इलेक्ट्रिक व्हीकल्स और इलेक्ट्रॉनिक्स में इस्तेमाल होने वाले रेयर अर्थ मैग्नेट्स की सप्लाई भी रोक दी थी। ऐसे में चीन के इन दोनों कदमों को भारत की मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की ग्रोथ को कमजोर करने की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है। चीन शायद भारत के साथ टिट-फॉर-टैट की रणनीति अपना रहा है, क्योंकि उनके कॉर्पोरेट कर्मचारियों को बिजनेस वीजा हासिल करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। एक उद्योग सूत्र ने कहा, हम इस मामले पर सरकार को एक रिपोर्ट भेजने का प्लान बना रहे हैं।

## आईफोन मैन्यूफैक्चरिंग पर अभी चीन का दबदबा

आईफोन मैन्यूफैक्चरिंग पर अभी चीन का दबदबा है। 2024 में कंपनी के ग्लोबल आईफोन शिपमेंट में इसका हिस्सा लगभग 28% था। भारत ने 4 साल पहले बड़े पैमाने पर आईफोन असेंबल करना शुरू किया था, और अब ये ग्लोबल प्रोडक्शन का पांचवां हिस्सा बनाता है। एपल की योजना 2026 के अंत तक अमेरिका के लिए ज्यादातर आईफोन्स भारत में बनाने की है, जिसकी अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने आलोचना की है।

## अमेरिकी ग्राहकों के लिए आईफोन यहीं बनने चाहिए

राष्ट्रपति ने कहा है कि एपल को अमेरिकी ग्राहकों के लिए आईफोन अमेरिका में ही बनाने चाहिए। लेकिन अमेरिका में महंगी लेबर लागत के कारण वहां आईफोन उत्पादन करना व्यवहारिक नहीं है। वहीं अगर चीन अपने इंजीनियर्स को अमेरिका जाने से रोकता है, तो एपल की अपने देश में गैजेट असेंबली शुरू करने की योजना और भी मुश्किल हो जाएगी। भारत में पिछले कुछ सालों में आईफोन प्रोडक्शन तेजी से बढ़ा है। 2024 में भारत ने 14 बिलियन डॉलर की वैल्यू के आईफोन्स बनाए, और जनवरी-मई 2025 में 4.4 बिलियन डॉलर के आईफोन्स अमेरिका को एक्सपोर्ट किए। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव के मुताबिक, अब 25% आईफोन्स भारत में बनाए जा रहे हैं।

## एपल का भारत पर इतना ज्यादा फोकस क्यों?

सप्लाई चेन डायवर्सिफिकेशनः एपल चीन पर अपनी निर्भरता कम करना चाहता है। जियोपॉलिटिकल टेंशन, ट्रेड डिस्प्यूट और कोविड-19 लॉकडाउन जैसे दिक्कतों से कंपनी को लगा कि किसी एक क्षेत्र में ज्यादा निर्भर रहना ठीक नहीं है। इस लिहाज से एपल के लिए भारत एक कम जोखिम वाला ऑप्शन साबित हो रहा है।

# अडानी ग्रुप 'एक कारोबार, एक कंपनी' की बना रहा रणनीति, अल्ट्राटेक को देगा टक्कर

नई दिल्ली,(ईएमएस)। अडानी समूह ने 'एक कारोबार, एक कंपनी' रणनीति के तहत अपने सभी सीमेंट कारोबार को एक ही कंपनी के तहत एकीकृत करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके जरिये कंपनी अपने सीमेंट कारोबार को सुचारु एवं व्यवस्थित करना चाहती है जहां अंबुजा और एसीसी दोनों प्रमुख ब्रांड मौजूद हों। समूह ने इस एकीकरण योजना के तहत हाल में अधिग्रहीत अपनी दो कंपनियों सांघी इंडस्ट्रीज और पेन्ना सीमेंट को अंबुजा सीमेंट्स में विलय करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मीडिया रिपोर्ट में इस मामले को जानने वालों ने बताया कि यह प्रक्रिया दिसंबर तक पूरी होने की उम्मीद है। समूह ने मूल ब्रांड के तौर पर 'अडानी सीमेंट' बढ़ावा देने की योजना बनाई है। उसने ब्रांड जागरूकता की प्रक्रिया पहले ही शुरू कर दी है। सूत्रों के मुताबिक पिछले साल अक्टूबर में सीके बिड़ला ग्रुप से अधिग्रहित ओरियंट सीमेंट अब अडानी सीमेंट के तहत एक विनिर्माण इकाई के तौर पर काम करेगी। अधिकारियों ने कहा कि विरासती ब्रांड और मूल्य निर्धारण में अंतर के बावजूद मात्रात्मक लिहाज से ओरियंट सीमेंट को बिना कोई नुकसान पहुंचाए आसानी से एकीकृत किया जा चुका है। ओरियंट सीमेंट के करीब 60 फीसदी डीलरों ने अंबुजा और एसीसी उत्पादों का स्टॉक रखना पहले ही शुरू कर दिया है। इससे जमीनी स्तर पर ब्रांड एकीकरण का संकेत मिलता है। इस रणनीति का उद्देश्य परिचालन को सरल बनाते हुए लागत को घटाना और बाजारों में ब्रांडों की मौजूदगी को बेहतर करना है। पिछले एक साल में कई आक्रामक अधिग्रहण करने के बाद अडानी ग्रुप ने सीमेंट क्षेत्र में अपनी योजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए पहल की है। कई सीमेंट इकाइयों के विलय के बाद सुदृढ़ीकरण की भी योजना है। इसके तहत अंबुजा सीमेंट्स अपनी सहायक कंपनी एसीसी के साथ विलय पर गंभीरता से विचार कर सकती है। करीब 14 करोड़ टन क्षमता वाली अडानी ग्रुप की सभी सीमेंट परिसंपत्तियां एक ही छत के नीचे आ जाएंगी। इससे उद्योग की अग्रणी कंपनी अल्ट्राटेक को टक्कर देने में मदद मिलेगी। बता दें अडानी ग्रुप फिलहाल देश की दूसरी सबसे बड़ी सीमेंट कंपनी है। उसने सालाना 20 अरब डॉलर के पूंजीगत व्यय की योजना बनाई है। इसके तहत वह 2030 तक 20 करोड़ टन क्षमता हासिल करने का लक्ष्य रख रही है। अंबुजा सीमेंट्स का शेयर आज 2.5 फीसदी बढ़त के साथ 594 रुपए पर बंद हुआ जिससे उसका कुल बाजार मूल्यांकन 1.46 लाख करोड़ रहा।

# सोना 306 बढ़कर 97786 पर पहुंचाःचांदी 1060 महंगी होकर 1.08 किलो बिक रही

**नई दिल्लीः** सोने-चांदी के दाम में आज यानी 3 जुलाई को बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 306 बढ़कर 97,786 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले इसका दाम 97,480 पर था। वहीं चांदी की कीमत 1,060 बढ़कर 1,07,748 प्रति किलोग्राम हो गई है। इससे पहले ये 1,06,688 पर थी। वहीं 18 जून को चांदी ने 1,09,550 और सोने ने 99,454 का ऑल टाइम हाई बनाया था।

## 4 महानगरों में 10 ग्राम सोने की कीमत

दिल्लीः 24 कैरेट सोने की कीमत 99,480 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,200
मुंबईः 24 कैरेट सोने की कीमत 99,330 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,050
कोलकाताः 24 कैरेट सोने की कीमत 99,330 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,050
चेन्नईः 24 कैरेट सोने की कीमत 99,330 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,050

सोना इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 21,624 रुपए बढ़कर 97,786 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 21,731 रुपए बढ़कर 1,07,748 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था। केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि जियो पॉलिटिकल टेंशन बने हुए हैं। इजराइल और ईरान के बीच भी जंग शुरू हो गई है। इससे गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है। इससे गोल्ड की डिमांड बढ़ रही है। ऐसे में इस साल सोना 1 लाख 3 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। वहीं चांदी इस साल 1 लाख 30 हजार रुपए तक जा सकती है।

## सेंसेक्स 170 अंक गिरकर 83,239 पर बंदःनिफ्टी भी 48 अंक लुढ़का

हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन आज यानी गुरुवार, 3 जुलाई को सेंसेक्स 170 अंक गिरकर 83,239 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 48 अंक की गिरावट रही, ये 25,405 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 19 गिरकर बंद हुए। कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फिनसर्व और अडाणी पोर्ट्स में गिरावट रही। मारुति, इंफोसिस और एनटीपीसी में खरीदारी रही। निफ्टी के 50 में से 32 शेयरों में गिरावट और 17 में तेजी रही। जबकि एक में कोई बदलाव नहीं हुआ। एनएसई के मेटल, रियल्टी और सरकारी बैंकिंग शेयरों में 1% तक गिरावट रही। मीडिया, एफएमसीजी, ऑटो और फार्मा शेयरों में उछाल रही। एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 0.059% ऊपर 39,786 के स्तर पर और कोरिया का कोस्पी 1.34% चढ़कर 3,116 पर बंद हुआ।

# अगर करदाता ने छुपाई आय...आयकर विभाग लगा देगा 200 प्रतिशत जुर्माना

नई दिल्ली,(ईएमएस)। अगर कोई करदाता अपनी आय छिपाता है, आय के स्रोत नहीं बताता या गलत तरीके से टैक्स छूट का दावा करता है, तब उस करदाता को भारी जुर्माना या कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। चाहे यह गलती अनजाने में हो या जानबूझकर हुई हो, आयकर विभाग के पास गड़बड़ियों का पता लगाने के लिए मजबूत सिस्टम और सख्त दंड लगाने या मुकदमा चलाने का कानूनी प्रावधान मौजूद है। इस बारे में चार्टर्ड अकाउंटेंट बताते हैं कि कानून क्या कहता है और करदाताओं को किन बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। सीए के अनुसार, आयकर अधिनियम के अलग-अलग प्रावधानों के तहत जुर्माना इसपर निर्भर करता है कि गड़बड़ी किस प्रकार की है। यदि करदाता ने अपनी आय कम दिखाई है, तब कारदातों को उस अतिरिक्त आय पर देय टैक्स का 50 प्रतिशत जुर्माने के रूप में देना पड़ सकता है। यदि कोई करदाता जानबूझकर गलत जानकारी देता है, जैसे फर्जी बिल या झूठे दावे करता है, तब उस आय पर देय टैक्स का 200 प्रतिशत जुर्माना लगाया जा सकता है। आय छिपाने के मामले में यह प्रावधान पुराने असेसमेंट वर्षों के लिए लागू होता है। इसमें बचाए गए टैक्स का 100 प्रतिशत से लेकर 300 प्रतिशत तक जुर्माना लगाया जा सकता है।

# एचडीएफसी के सीईओ शशिधर जगदीशन सुप्रीम कोर्ट पहुंचेः लीलावती ट्रस्ट ने धोखाधड़ी का केस किया था

**नई दिल्लीः** देश के सबसे बड़े प्राइवेट बैंक एचडीएफसी के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ शशिधर जगदीशन ने लीलावती ट्रस्ट के केस को खारिज कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई है। लीलावती किर्तीलाल मेहता मेडिकल ट्रस्ट ने जगदीशन के खिलाफ वित्तीय धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए 30 मई को मुंबई मजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश के बाद केस दर्ज कराई थी।

## ट्रस्ट के मेंबर से 2.05 करोड़ रुपए लेने का आरोप

ट्रस्ट ने आरोप लगाया था कि जगदीशन ने उनके एक पूर्व मेंबर से 2.05 करोड़ रुपए लिए, जिसका मकसद ट्रस्ट के एक मौजूदा मेंबर के पिता को परेशान करना था। हालांकि, एचडीएफसी ने इन आरोपों को "बेबुनियाद और दुर्भावनापूर्ण" बताया था।

## हाई कोर्ट जज अलग हुए, सुप्रीम कोर्ट 8 जुलाई को सुनवाई करेगा

दरअसल, इस मामले में बॉम्बे हाई कोर्ट के तीन जजों ने खुद को सुनवाई से अलग कर लिया था, जिसके कारण केस में देरी हो रही थी। शशिधर के वकील मुकुल रोहतगी ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि इस वजह से मामला अटक गया है। सुप्रीम कोर्ट के जज एमएम सुंद्रेश और के विनोद चंद्रन ने इस मामले को शुक्रवार, 8 जुलाई को सुनवाई के लिए लिस्ट करने का फैसला किया है। लाइव लॉ ने इस बात की जानकारी दी है।

## तीन पॉइंट में पूरा मामला समझें...

- लीलावती ट्रस्ट ने जगदीशन और सात अन्य लोगों के खिलाफ मुंबई के बांद्रा थाने में केस दर्ज कराई है। ये केस 30 मई 2025 को मुंबई मजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश के बाद दर्ज हुई है। ट्रस्ट का कहना है कि उनके पास पुख्ता सबूत हैं, जिनमें एक डायरी शामिल है।
- इस डायरी में कथित तौर पर 14.42 करोड़ रुपए की हेराफेरी का जिक्र है, जिसमें से 2.05 करोड़ रुपए जगदीशन को दिए गए। ट्रस्ट के मौजूदा ट्रस्टी प्रशांत मेहता ने आरोप लगाया है कि ये रकम उनके पिता को परेशान करने के लिए पूर्व ट्रस्टी, चेतन मेहता ने दी थी।
- ट्रस्ट ने आरबीआई, सेबी और वित्त मंत्रालय से उनकी तत्काल बर्खास्तगी और कानूनी कार्रवाई की मांग भी की है। ट्रस्ट का कहना है कि जगदीशन ने अपनी पोजिशन का गलत इस्तेमाल किया और सबूतों को दबाने की कोशिश की।

## कौन हैं शशिधर जगदीशन?

शशिधर जगदीशन 1996 से एचडीएफसी बैंक के साथ हैं। धीरे-धीरे तरक्की करते हुए 2020 में बैंक के सीईओ और एमडी बने। इससे पहले वो बैंक के चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर रह चुके हैं। मुंबई में जन्मे और पले-बढ़े जगदीशन ने मुंबई यूनिवर्सिटी से फिजिक्स में बैचलर डिग्री ली और यूके की शेफील्ड यूनिवर्सिटी से मनी, बैंकिंग और फाइनेंस में मास्टर्स किया। 2023 में आरबीआई ने उनकी नियुक्ति को तीन साल के लिए और बढ़ा दिया, जो अब 26 अक्टूबर 2026 तक चलेगी। जगदीशन को बैंकिंग सेक्टर में एक काबिल और सम्मानित लीडर माना जाता है। 2022-23 में उनकी सैलरी 10.5 करोड़ रुपए थी।

## दैनिक पंचांग

**4 जुलाई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**





| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | कर्क | 06.17 बजे से |
| चंद्र | तुला में | सिंह | 08.33 बजे से |
| मंगल | सिंह में | कन्या | 10.45 बजे से |
| बुध | कर्क में | तुला | 12.56 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | वृश्चिक | 15.10 ब.से |
| शुक्र | वृष में | धनु | 17.26 बजे से |
| शनि | मीन में | मकर | 19.31 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कुंभ | 21.18 बजे से |
| केतु | सिंह में | मीन | 22.51 बजे से |
| राहुकाल | | मेष | 00.21 बजे से |
| 10.30 से | | वृष | 02.01 बजे से |
| 12.00 बजे तक | | मिथुन | 04.00 बजे से |

**शुक्रवार** 2025 वर्ष का 185 वा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2082
**शक संवत्** 1947
**मास** आषाढ़
**पक्ष** शुक्ल
**तिथि** नवमी 16.32 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** चित्रा 16.50 बजे को समाप्त।
**योग** शिव 19.36 बजे को समाप्त।
**करण** कौलव 16.32 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 08.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर $22^0 52'$
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872395
**जूलियन दिन** 2460860.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** मोहर्रम
**तारीख** 08

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से | 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से | 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से | 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से | 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से | 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से | 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से | 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8057



**बाएँ से दाएँ**

1. परिचय, जानना-2,4
5. वायु रोग-2
7. उत्साह, जिज्ञासा
9. कांटा, शूल
10. पिता, साधू-2
11. योद्धा जाति, राजपूत-3
14. थकान-4
16. मिसाल के तौर पर-4
20. ध्वजा, पताका-3
22. सीमा, बार्डर-2
23. बुरी आदत-2
24. समस्या, मुद्दा-3
27. जोर, दम, ताकत-2
28. दिखावटीपन, आडंबर, -3,3

**ऊपर से नीचे**

1. सीतापति, रामचंद्र-5
2. लम्हा, क्षण-2
3. धोखेबाज, दगाबाज-4
4. नलका, टौंटी-2
6. पुत्र, लड़का-3
8. कमरा, रूम-2
12. तीनों काल-3
13. पार्थिव शरीर, लाश-2
15. कजरा, अंजन-3
17. सच्चाई, सच-2
18. सेंधमार-5
19. पुचकारना, हाथ फेरना-4
20. धोखा, दगा-3
21. जरा, थोड़ा-2
25. सभी, संपूर्ण-2
26. राजेश खन्ना व मुमताज की बेहतरीन फिल्म-2

**शब्द पहेली -8056 का हल**



■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अंकजाल - 7598



खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.

**अंकजाल 7597 का हल**



■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग- 6542



प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

**अष्टयोग 6541 का हल**



■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## गणित पहेली - 5902



## संकेत

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं जिनका उत्तर (=) पूर्णतः मेल खाता हो.

**गणित पहेली - 5901**



■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल - 7589



शब्दजाल में हिंदु कैलेंडर के 10 माह के नाम ढूंढिए. नाम ऊपर से नीचे एवं तिरछे हो सकते हैं.

फाल्गुन, पौष, चैत्र, मार्गशीर्ष, कार्तिक, सावन, ज्येष्ठ, भादवा, आषाढ़, वैशाख

**शब्दजाल - 7588 का हल**



■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## आज का इतिहास

1887 ब्रिटेन और रूस ने अफगानिस्तान के बारे में समझौता किया.

1902 स्वामी विवेकानंद का निधन.

1946 अमरीका के 47 वर्ष के शासन के बाद फिलीपींस गणराज्य की स्थापना हुई.

1957 सोवियत कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति वी. मलातोव, डी. जेशेपिलोव और जी.एम मालेनकोव को हटा दिया गया.

1972 उत्तर और दक्षिण कोरिया एक-दूसरे के खिलाफ हथियार का प्रयोग नहीं करने पर सहमत हुए.

1986 सुनील गावस्कर ने 115 वाँ टेस्ट खेल एक रिकार्ड बनाया.

1995 कंजरवेटिव पार्टी के चुनाव में ब्रिटिश प्रधानमंत्री जान मेजर विजयी हुए.

1996 रूस के राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन दोबारा चुनाव में विजयी हुए.

## संक्षिप्त खबरें

### देवघर श्रावणी मेला 2025: प्रसाद की कीमतें निर्धारित, गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश




**देवघर:** राजकीय श्रावणी मेला 11 जुलाई 2025 से शुरू हो रहा है, जो 9 अगस्त तक चलेगा. श्रावणी मेला के सफल आयोजन को लेकर देवघर जिला प्रशासन की तैयारियां अंतिम चरण में है. उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने आगंतुक श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर कई जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जिला प्रशासन ने प्रसाद सामग्रियों की गुणवत्ता व कीमतों पर नियंत्रण रखने के उद्देश्य से पेड़ा, चूड़ा और ईलायची दाना की दरें निर्धारित कर दी हैं. दुकानदारों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि कोई भी निर्धारित दर से अधिक राशि नहीं वसूलेगा. यदि कोई विक्रेता ऐसा करता पाया जाता है, तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी. साथ ही गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं. वहीं आम लोगों और श्रद्धालुओं से भी अनुरोध किया गया है कि वे किसी भी प्रकार की अनियमितता की सूचना तुरंत प्रशासन को दें।

**प्रसाद की निर्धारित दरें इस प्रकार हैं –**
**पेड़ा:** 800 ग्राम खोवा और 200 ग्राम चीनी- 400 रुपये प्रति किलो। 700 ग्राम खोवा और 300 ग्राम चीनी : 360 रुपये प्रति किलो
**चुड़ा:** रायपुर चुड़ा : 5000 से 5500 रुपये प्रति क्विंटल, 80 रूपये प्रतिकिलो। वर्द्धमान चुड़ा : 4800 से 5500 रुपये प्रति क्विंटल, 60 रूपये प्रतिकिलो। **ईलायची दाना:** 5500 से 6000 रूपया प्रति क्विंटल एवं 80 प्रति किलोग्राम।

### साहिबगंज में बड़ा रेल हादसा, पत्थर लदी मालगाड़ी बेपटरी, लाखों का हुआ नुकसान



**साहिबगंज:** साहिबगंज में गुरुवार की सुबह एक बड़ा रेल हादसा हो गया. यहां बरहरवा रेलवे लोडिंग पॉइंट पर पत्थर से लदी एक खड़ी मालगाड़ी अचानक खुद-ब-खुद लुढ़क गई और उसके 18 डिब्बे पटरी से उतर गए. हादसे में कोई जान माल का नुकसान नहीं हुआ है. लेकिन रेलवे को भारी आर्थिक क्षति होने की आशंका जताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, मालगाड़ी पूरी तरह लोड थी और खड़ी अवस्था में थी. तभी अचानक उसके डिब्बे आगे की ओर लुढ़क गए और देखते ही देखते कई डिब्बे पटरी से उतरकर एक-दूसरे पर चढ़ गए. घटना के बाद आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए. रेलवे अधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और राहत व मरम्मत कार्य शुरू करवा दिया है. फिलहाल मौके पर रेलवे की तकनीकी टीम मलबा हटाने और ट्रैक को दुरुस्त करने में जुटी है।

### हाईकोर्ट ने कंबाइंड सिविल सर्विसेज परीक्षा की मेरिट लिस्ट रद्द करने वाली याचिका की खारिज




**रांची:** झारखंड हाईकोर्ट ने गुरूवार को 11 से 13 वीं कंबाइंड सिविल सर्विसेज परीक्षा के लिए जारी मेरिट लिस्ट को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी है. हाईकोर्ट की एकल पीठ में विज्ञापन 1/2024 के मेंस एग्जाम के रिजल्ट को चुनौती दी गई थी. याचिका में कहा गया था कि JPSC ने जो अंसार शीट का डिजिटल इवेल्यूशन करवाया है, वह सही नहीं है. इसलिए मेरिट लिस्ट को रद्द किया जाए। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस दीपक रौशन की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान JPSC की ओर से अधिवक्ता संजोय पिपरवाल और प्रिंस कुमार ने बहस की. उनकी बहस और दलीलें सुनने के बाद अदालत ने अयूब तिर्की और राजेश प्रसाद की ओर से दाखिल रिट याचिका को खारिज कर दिया. प्रार्थियो की ओर से अधिवक्ता सुभाशीष सोरेन ने बहस की. हाईकोर्ट के इस आदेश के बाद सफल अभ्यर्थियों की नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है।

### मेडिएशन फॉर नेशन अभियान के तहत 90 दिनों का विशेष मध्यस्थता अभियान चलेगा



जमशेदपुर । राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में 90 दिनो का विशेष मध्यस्थता अभियान चलाया जा रहा है। डालसा सचिव धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि मेडिएशन फॉर नेशन अभियान 01जुलाई 2025 से 30 सितंबर 2025 तक चलेगा । उन्होंने कहा कि 01 जुलाई से ही न्यायालय में लंबित, संबंधित मामलों की पहचान, पक्षकारों को सूचित करना एवं मध्यस्थता के लिए वाद को मध्यक्षता केन्द्र भेजने की कार्यवाही शुरू हो चुकी है। 01 जुलाई से 31 जुलाई 2025 के बीच उपर्युक्त वादों को मध्यस्थता हेतु मध्यस्थता केन्द्र में भेजा जाना है। यह अभिमान 30 सितंबर 2025 तक कुल 90 दिनों तक लगातार चलेगा।

# राष्ट्रीय खेल नीति 2025 पर झारखंड के खेल मंत्री सुदिव्य ने दी प्रतिक्रिया

## कहा- समीक्षा के बाद ही क्रियान्वयन संभव




**रांची:** देश के खेल परिदृश्य को नया आकार देने और युवाओं को खेलों के माध्यम से सशक्त करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय खेल नीति (एनएसपी) 2025 को मंजूरी दे दी है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस नीति को स्वीकृति प्रदान की गई. यह नीति न केवल देश में खेलों की समग्र संरचना को मजबूती देगी, बल्कि खिलाड़ियों को प्रशिक्षण, संसाधन, अवसर और सम्मान के स्तर पर समान अवसर भी सुनिश्चित करेगी. देशभर के कई खेल संघों, विशेषज्ञों और खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय खेल नीति का स्वागत किया है. सभी का मानना है कि यह नीति भारत को एक मजबूत खेल राष्ट्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा.

**खेल के मामले में राज्यों की परिस्थिति अलग: खेल मंत्री:** वहीं झारखंड के खेल मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने राष्ट्रीय खेल नीति पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत राष्ट्रीय खेल नीति समग्र और दूरदर्शी है, लेकिन हर राज्य की अपनी परिस्थिति होती है, जिसके अनुरूप स्थानीय खेल नीति में आवश्यक संशोधन करना जरूरी है. उन्होंने कहा, केंद्र की नीति पूरे देश के लिए बनाई जाती है, लेकिन राज्य स्तर पर हमें यह देखना होता है कि हमारे यहां की जमीनी हकीकत क्या है. उन्होंने कहा कि हमारा झारखंड हॉकी जैसे खेल में समृद्ध है, इसलिए हम उस दिशा में विशेष ध्यान देते हैं. अगर हम तैराकी या अन्य खेलों के बजट को हॉकी में डाल दें या हॉकी का बजट किसी अन्य खेल में ट्रांसफर कर दें, तो यह उचित नहीं हो सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड सरकार पहले से ही राज्य की नई खेल नीति पर काम कर रही है और केंद्र की नीति के बिंदुओं को उसमें समायोजित करने की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी. उन्होंने संकेत दिया कि यह नीति झारखंड में खेलों के विकेंद्रीकरण और ग्राम स्तर तक प्रतिभाओं को तलाशने पर केंद्रित होगी।

गौरतलब है कि झारखंड ने हाल के वर्षों में हॉकी, तीरंदाजी और एथलेटिक्स जैसे खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है और कई खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राज्य का नाम रोशन कर चुके हैं. राज्य सरकार का कहना है कि वह हर खिलाड़ी को अवसर, प्रशिक्षण, पोषण और प्लेटफॉर्म देने के लिए प्रतिबद्ध है और नई राष्ट्रीय नीति के साथ संतुलन बनाते हुए राज्य नीति को और अधिक व्यवहारिक बनाएगी।

**राष्ट्रीय खेल नीति का अध्ययन करेगी राज्य सरकार:** सुदिव्य कुमारखेल मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि झारखंड सरकार राष्ट्रीय खेल नीति 2025 का गहन अध्ययन करेगी और यह देखेगी कि इसके कौन-कौन से प्रावधान राज्य की जमीनी आवश्यकताओं के अनुकूल हैं. उन्होंने कहा कि नीति में जो प्रावधान झारखंड के खिलाड़ियों, खेल संरचना और स्थानीय खेल संस्कृति के पक्ष में होंगे, उन्हें राज्य में पूरी तरह लागू किया जाएगा. मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि झारखंड जैसे राज्य में हॉकी केवल एक खेल नहीं, बल्कि परंपरा, पहचान और सामुदायिक भावना का प्रतीक है. हम अपने संसाधनों का उपयोग इस तरह करना चाहते हैं कि हमारे खिलाड़ियों को अधिक से अधिक अवसर मिले, उनके कौशल को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिले.

### मुहर्रम को लेकर धनबाद और हजारीबाग में मॉक ड्रिल

**पलामू/धनबाद/हजारीबाग:** पुलिस ने मुहर्रम को लेकर सोशल मीडिया पर निगरानी शुरू कर दी है, जबकि सुरक्षा को लेकर कई बिंदुओं पर कदम उठाया जा रहा है. मुहर्रम को लेकर पलामू जोन में अतिरिक्त बल को तैनात किया जा रहा है. सभी थानों को अलर्ट पर रखा है और उन्हें क्यूआरटी (क्विक रिस्पॉन्स टीम) उपलब्ध कराई गई है। दरअसल पलामू, गढ़वा और लातेहार के सभी थानों में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई थी. मीटिंग में तय हुआ कि तीनों जिलों में मॉक ड्रिल का निर्देश जारी किया गया है. संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त बल तैनात करने की योजना है। धनबाद में मोहर्रम के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने और आपात स्थिति से निपटने की तैयारी के तहत मॉक ड्रिल आयोजित की गई. सिटी एसपी ऋतिक श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुलिस लाइन परिसर में यह अभ्यास किया गया। मुहर्रम जुलूस को लेकर मुस्लिम समुदाय की ओर से तैयारी चल रही है. दूसरी ओर पर्व में कोई असामाजिक तत्व खलल ना डाले, इसे देखते हुए हजारीबाग पुलिस ने पहली बार शहर के बीचों-बीच कल्लू चौक पर मॉक ड्रिल किया। इस दौरान कोई व्यक्ति दंगा फैलाने की कोशिश करता है तो कैसे प्रशासन उसके ऊपर कार्रवाई करेगी? इसे आम जनता के बीच दर्शाया गया। कानून तोड़ने वाले के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई। पर्व में कोई असामाजिक तत्व खलल ना डाले, इसे देखते हुए पुलिस ने कल्लू चौक पर मॉक ड्रिल किया।

## सारंडा में 6 साल का हाथी हुआ गंभीर रूप से घायल

### वन विभाग की टीम कर रही तलाश



**चाईबासा:** पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा के बीहड़ जंगल में वन विभाग के द्वारा ड्रोन से निगरानी करने के क्रम में एक 6 साल के हाथी के घायल होने की सूचना मिली है. हाथी के पैर में काफी गंभीर चोट आई है. वन विभाग घायल हाथी की खोजबीन में जुट गया है. सारंडा के डीएफओ अभिरुप सिन्हा ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हाथी कैसे घायल हुआ है, इसकी जानकारी अब तक नहीं हो सकी है. जब तक हाथी मिल नहीं जाता, तब तक यह कहना मुश्किल है कि आईईडी से हाथी घायल हुआ है या किसी और चीज से. घायल हाथी का रेस्क्यू करने के लिए 6 टीम बनाई गई है. भारी बारिश होने के कारण अब तक किसी भी टीम को सफलता नहीं मिल सकी है. सारंडा के साथ-साथ ओडिशा के बिसरा व आसपास के जंगलों में भी रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वन विभाग के सारंडा के दीघा वन क्षेत्र में ड्रोन से जंगलों का निरीक्षण करने के क्रम में 28 जून को घायल हाथी की तस्वीर सामने आई थी. ड्रोन में कैद घायल हाथी की तस्वीर से वन विभाग के कर्मचारियों ने अंदाजा लगाया कि हाथी का पिछला बायां पैर बुरी तरह से जख्मी हो गया है।

## पलामू: पति ने पत्नी की टांगी से काटकर की हत्या, गिरफ्तार



**पलामू:** जिले के नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के महुआरी गांव में पति ने पत्नी की टांगी से काटकर हत्या कर दी. पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ कर रही है. वहीं शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार, नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के महुआरी गांव के रहने वाले बसंत भुईयां और उसकी पत्नी के बीच बुधवार की शाम किसी बात को लेकर विवाद हुआ था. इसी दौरान बसंत ने अपनी पत्नी की टांगी से काटकर हत्या कर दी। घटना के बाद परिजन एवं ग्रामीणों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी. घटना की सूचना पाकर नौडीहा बाजार थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और इलाके में छापेमारी कर हत्यारोपी पति बसंत भुईयां को गिरफ्तार कर लिया. घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन एवं रिश्तेदार भी मौके पर पहुंचे। नौडीहा बाजार के थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हत्या के आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है. पूरे मामले में पूछताछ की जा रही है. उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान प्रारंभिक जानकारी निकलकर सामने आई है कि दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था. इसी विवाद में हत्या की घटना को अंजाम गया है।

## राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने हॉकी खिलाड़ी विमल लकड़ा से की मुलाकात

### रांची के अस्पताल में चल रहा इलाज



**रांची:** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार गुरुवार को रांची स्थित क्यूरेस्टा अस्पताल पहुंचे और वहां भर्ती पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी विमल लकड़ा के स्वास्थ्य की जानकारी ली. राज्यपाल ने चिकित्सकों से विमल लकड़ा के उपचार की प्रगति को लेकर विस्तृत जानकारी प्राप्त की और उनके शीघ्र पूर्ण स्वस्थ होने की कामना की. इस दौरान राज्यपाल ने उनकी पत्नी से भी मुलाकात की और उन्हें भरोसा दिलाया कि हर संभव मदद होगी.

राज्यपाल ने चिकित्सा टीम से कहा कि हॉकी के क्षेत्र में देश और राज्य को गौरवान्वित करने वाले खिलाड़ी के इलाज में किसी भी तरह की कोताही न हो. उन्होंने डॉक्टरों को निर्देश दिया कि इलाज में हर जरूरी कदम शीघ्र और गंभीरता से उठाया जाए. राज्यपाल ने अस्पताल में विमल लकड़ा के परिजनों से भी बातचीत की और उन्हें ढांढस बंधाते हुए आश्वस्त किया कि राज्य उनके साथ खड़ा है. उन्होंने कहा कि विमल लकड़ा ने हॉकी के क्षेत्र में देश का नाम ऊंचा किया है. आज जब वे कठिन दौर से गुजर रहे हैं तो पूरा झारखंड उनके साथ खड़ा है और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहा है.

उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे खिलाड़ी राज्य की अमूल्य पूंजी होते हैं, जिनका स्वास्थ्य और सम्मान सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए. विमल लकड़ा के योगदान को याद करते हुए राज्यपाल ने कहा कि उन्होंने देश के लिए कई प्रतियोगिताओं में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, जिससे आज राज्य उन्हें एक आदर्श के रूप में देखता है.

गौरतलब है कि हाल ही में गंभीर रूप से घायल होने के बाद पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी विमल लकड़ा को सिमडेगा से रेफर कर रांची के क्यूरेस्टा अस्पताल में भर्ती कराया गया था. जहां उनका इलाज जारी है. उनकी हालत अब स्थिर बताई जा रही है. राज्यपाल के दौरे के बाद अस्पताल प्रबंधन और डॉक्टरों ने भी कहा कि वे पूरी निष्ठा के साथ उनके इलाज में जुटे हैं और बेहतर से बेहतर इलाज उपलब्ध कराने का हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

## जमीन विवाद: युवक की गोली मारकर हत्या



**देवघर:** जिला में सरेआम गोलियों की तड़तड़ाहट गूज उठी. इस फायरिंग की घटना में एक युवक को गोली लगी और घटनास्थल पर ही उसने दम तोड़ दिया. इस वारदात से पूरे इलाके में सनसनी है. वहीं पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। ये पूरा मामला देवघर के कुंडा थाना क्षेत्र के करनीबाग के महालक्ष्मी नगर मोहल्ले का है. महालक्ष्मी नगर के रहने वाले 18 वर्षीय दिनेश कुमार सिंह को कुछ अपराधियों ने गोली मार दी, जिसमें उनकी मौत हो गयी. इस घटना को लेकर दिनेश कुमार सिंह की बड़ी बहन ने बताया कि बुधवार शाम को वह डॉक्टर के पास इलाज के लिए जा रहा था. इसी दरमियान पहले से घात लगाए कुछ अपराधियों ने दिनेश पर अंधाधुंध गोली फायरिंग की. जिसमें चार गोली उसके भाई को लगी और वह घटनास्थल पर ही मर गया।

इस वारदात के आसपास के लोगों ने जैसे ही उसकी बहन को यह जानकारी दी तो वह घटनास्थल पर पहुंची. जहां उसने देखा कि उसका भाई लहूलुहान है और वो आखरी सांस गिन रहा है. आसपास मौजूद लोगों की मदद से आनन फानन में उसे सदर अस्पताल ले जाया गया. जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया. इसके बाद पुलिस द्वारा मामले की जांच के बाद शव को कब्जे में लेते हुए गुरुवार को पोस्टमार्टम कराया गया।

**पूर्व में भी दिनेश पर हुआ जानलेवा हमला:** दिनेश सिंह की हत्या के बाद परिजनों ने आरोप लगाते हुए कहा कि जमीन विवाद की वजह से उस पर गोलीबारी की गई थी. पूर्व में भी दिनेश सिंह पर जानलेवा हमला किया गया था. जिसको लेकर स्थानीय पुलिस को जानकारी भी दी गई थी।

**परिजनों ने राजा सिंह, राजा तुरी सहित लगाए कई आरोप:** परिजनों ने आरोप लगाते हुए कहा कि हत्या में राजा सिंह, राजा तुरी, सागर यादव, कन्हैया सिंह और मनु राय मुख्य रूप से शामिल था. इनके साथ और भी कई अज्ञात लोग थे जो तीन मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए थे।

**अपराधियों की गिरफ्तारी में जुटी पुलिस:** पूरी घटना को लेकर स्थानीय पुलिस देर रात से ही छापेमारी कर रही है और अपराधियों को पकड़ने के प्रयास में जुट गई है. वहीं घटना को लेकर देवघर डीएसपी लक्ष्मण प्रसाद ने कहा कि पूरे मामले पर पुलिस गंभीरता से जांच कर रही है. इस घटना में जितने भी लोग संलिप्त होंगे, उन्हें किसी भी हालत में सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

### माइकल राज एस बने झारखंड पुलिस के प्रवक्ता, आदेश जारी





**रांची:** आईजी अभियान माइकल राज एस को झारखंड पुलिस का प्रवक्ता नियुक्त किया गया है. डीजीपी अनुराग गुप्ता से इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है. इससे पहले माइकल राज एस बोकारो जोनल आईजी के पद कर पदस्थापित थे. बीते दिन हुए आईपीएस के ट्रांसफर-पोस्टिंग के दौरान सरकार ने इन्हें आईजी अभियान के पद पर पदस्थापित किया है।

## हजारीबाग में उत्तम यादव गिरोह के 9 अपराधी गिरफ्तार

### आरोपियों का पुलिस ने कराया पैदल मार्च



हजारीबाग: पुलिस ने कुख्यात अपराधी उत्तम यादव गिरोह के नौ सक्रिय अपराधियों को गिरफ्तार किया है. हजारीबाग एसपी अंजनी अंजन ने जानकारी देते हुए बताया कि 22 जून 2025 को उत्तम यादव के इशारे पर अपराधियों ने हजारीबाग सदर थाना स्थित श्री ज्वेलर्स पर हत्या और रंगदारी की नीयत से गोलीबारी की थी. इन 9 आरोपियों में से दो आरोपी नीतीश कुमार और बादल कुमार को रांची से गिरफ्तार किया गया है. घटना को अंजाम देने में प्रयुक्त पिस्तौल, मोटरसाइकिल और अन्य सामान भी बरामद कर लिया गया है.

हजारीबाग पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में संत कोलंबस कॉलेज के पास एकत्रित हो रहे हैं. इस सूचना के आलोक में एक टीम गठित कर सात आरोपियों को गिरफ्तार किया गया. जिसमें दो मोटरसाइकिल पर सवार थे और अन्य चार पहिया वाहन पर सवार थे. पुलिस को सक्रिय देख सभी आरोपी भागने की कोशिश कर रहे थे. पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया. मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों के नाम शक्ति गिरी उर्फ साइको टाइगर और मनीष यादव हैं.

चार पहिया वाहन से मुकेश कुमार, राहुल कुमार वर्मा, शुभम अग्रवाल, गोलू कुमार, रवि रौशन को गिरफ्तार किया गया. तलाशी के दौरान शक्ति गिरी के पास से एक लोडेड पिस्टल और मैगजीन के साथ जिंदा कारतूस बरामद किया गया. मनीष यादव के पास से एक मोबाइल फोन बरामद किया गया. तलाशी के दौरान पुलिस ने वाहन से पिस्टल की एक मैगजीन और दो जिंदा कारतूस बरामद किया. आम लोगों के मन से अपराधियों का खौफ खत्म करने और कानून का डर कायम करने के उद्देश्य से हजारीबाग पुलिस ने अनूठी पहल करते हुए गिरफ्तार सभी नौ आरोपियों को पैदल मार्च करवाया.

गौरतलब हो कि श्री ज्वेलर्स पर 7 राउंड फायरिंग के बाद हजारीबाग के व्यवसायी आंदोलनरत थे. उन्होंने पुलिस को 48 घंटे का अल्टीमेटम भी दिया था. गिरफ्तारी नहीं होने पर व्यवसायियों ने मसाल-झूठी निकाली. हजारीबाग के प्रतिष्ठान भी एक दिन के लिए बंद रहे. स्थिति यह रही कि सांसद मनीष जायसवाल ने भी हजारीबाग एसपी से दो बार मुलाकात कर व्यवसायियों की सुरक्षा की मांग की. इस घटना को लेकर पूरे राज्य में चर्चा गरम रही कि अपराधी दिनदहाड़े एक दुकान में सात राउंड फायरिंग कर फरार हो जाते हैं.

हजारीबाग पुलिस ने विभिन्न व्यवसायियों को धमकी देने वाले शख्स राशिद जावेद को गिरफ्तार कर लिया है. उसने दो ज्वेलरी दुकान व्यवसाय और एक जूता व्यवसाय को धमकाकर 10 लाख रुपये की मांग की थी. पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही थी. तकनीकी टीम के साथ छापेमारी टीम का गठन किया गया. छापेमारी टीम ने तकनीकी साक्ष्य के जरिए कार्रवाई करते हुए धमकी देने वाले आरोपी राशिद जावेद को धनबाद से गिरफ्तार कर लिया. आरोपी के पास से धमकी देने में प्रयुक्त मोबाइल भी बरामद कर लिया गया है.

गिरफ्तार आरोपी का लंबा आपराधिक इतिहास भी है. उसके खिलाफ अब तक कई मामले दर्ज होने की बात सामने आई है. जिसमें से आर्म्स एक्ट से जुड़े तीन मामले बैंक मोड़ थाने में दर्ज हैं।

### आईआईटी आईएसएम में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का होगा आयोजन

#### देश विदेश के वैज्ञानिक होंगे शामिल




**धनबाद:** आईआईटी आईएसएम में 5 और 6 जुलाई को अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जाएगा. कॉन्फ्रेंस में डिजिटल तकनीक, व्यावसायिक उत्कृष्टता और सतत विकास पर चर्चा की जाएगी. सम्मेलन में देश-विदेश के वैज्ञानिक भाग लेंगे। धनबाद अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने जा रहा है. आईआईटी आईएसएम के प्रबंधन अध्ययन एवं औद्योगिक इंजीनियरिंग विभाग के तत्वावधान में 5 और 6 जुलाई 2025 को अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस ऑन डिजिटल टेक्नोलॉजीज फॉर बिजनेस एक्सीलेंस एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट एवं विकसित भारत 2047 का आयोजन किया जाएगा। कॉन्फ्रेंस का उद्देश्य डिजिटल तकनीक के क्षेत्र में हो रहे नवीनतम बदलावों, व्यावसायिक उत्कृष्टता और सतत विकास में इसकी भूमिका पर मंथन करना है. साथ ही यह आयोजन वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, प्लॉट नं. 535 एवं 1272, लालगुटुआ, रांची से मुद्रित एवं फर्स्ट फ्लोर, 105, नायल कॉम्प्लेक्स, कांटाटोली, रांची-834001 (झारखण्ड) से प्रकाशित, आर.एन.आई. नं. JHAHIN/50549 फोन नं. 8084372014, Email : koylanchalsamvad@gmai.com & koylanchal.hindi@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट तहत जिम्मेदार।